आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 323, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं : बाइडन 16

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड 2

# आपातकाल की याद में हर साल 25 जून को मनेगा संविधान हत्या दिवस

## केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, 1975 में इसी दिन देश में लगा था आपातकाल

नई दिल्ली, एजेंसी



- अमानवीय दर्द को झेलने वालों की पीड़ा को इस दिन किया जाएगा याद : अमित शाह

सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा झेलने वालों के व्यापक योगदान को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

उन्होंने यह भी कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी तानाशाही ताकतों को उन भयावहताओं को दोहराने से रोका जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए। इसमें कहा गया है कि भारत के लोगों को संविधान और इसके लचीले लोकतंत्र की शक्ति पर अटूट विश्वास है। अधिसूचना में कहा गया कि इसलिए भारत सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करती है, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जा सके और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया जा सके। शाह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन करते हुए देश में आपातकाल लागू करके भारत के लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों को बिना किसी गलती के सलाखों के पीछे डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।

### यह दिन याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाना इस बात की याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि यह उस प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले और जो कांग्रेस द्वारा लाया गया भारतीय इतिहास का काला दौर था।

### कांग्रेस ने कहा-सुर्खियां बटोरने की कवायद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि आपातकाल को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का केंद्र सरकार का कदम सुर्खियां बटोरने की कवायद भर है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 से 2024 के दौरान देश में अघोषित आपातकाल लगाया हुआ था। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि चार जून, 2024 का दिन इतिहास में मोदीमुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री द्वारा पाखंड में सुर्खियां बटोरने की एक और कवायद की गई है, जबकि उन्होंने भारत के लोगों द्वारा चार जून, 2024 को व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार सुनिश्चित किए जाने से पहले 10 वर्षों तक अघोषित आपातकाल लगाया था।

### चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन के चलते हुआ हादसा

# नेपाल में दो बसें नदी में बहीं, सात भारतीयों समेत 60 यात्री लापता

काठमांडू, एजेंसी



बचाव अभियान में जुटे नेपाली सेना के जवान और अन्य लोग। ● एजेंसी

- लापता भारतीय 24 अन्य के साथ बीरगंज से जा रहे थे काठमांडू
- काठमांडू जा रही बस में 24 और गौर जा रही बस में थे 41 यात्री

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार 60 से अधिक यात्रियों के लापता होने की खबर है। लापता यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। समाचार पोर्टल माईरिपब्लिका की खबर के मुताबिक, 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की। यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई।

पुलिस के अनुसार, एंजेल बस में 24 जबकि गणपति डीलक्स में 41 यात्री सवार थे। 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के मुताबिक, गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस से कूद गए, जिससे वे मलबे के साथ बहने से बच गए। पुलिस ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस में सवार 21 यात्रियों का विवरण मिल गया है और इनमें सात भारतीयों के शामिल होने की बात सामने आई है। छह भारतीयों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियान, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। सातवें भारतीय की शिनाख्त अभी बाकी है। यादव ने बताया कि बचावकर्मियों ने भूस्खलन के मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने त्रिशूली नदी में दो बसों के बहने की घटना पर दुख जताते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। प्रचंड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मैं देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्ति को पहुंचे नुकसान तथा नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर बस के भूस्खलन की चपेट में आकर नदी में बहने की घटना से बहुत दुखी हूं।

## एक नजर

### कश्मीर के बारामूला में लगे 4.2 तीव्रता के झटके

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप में किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में दोपहर 12:26 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 34.32 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.41 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पांच किमी की गहराई पर था।

### आतंकी समेत दो के खिलाफ चार्जशीट

**मुंबई।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लीबिया में सक्रिय आईएसआईएस के एक आतंकवादी सहित दो लोगों के खिलाफ कथित तौर पर भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने की साजिश में संलिप्त होने के मामले में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने एक बयान में बताया कि दोनों आरोपियों ने भारत में संवेदनशील संस्थानों पर हमला करने के लिए युवकों की भर्ती करने की साजिश रची थी। इसमें कहा गया कि मोहम्मद जोहेब खान को एनआईए ने कई स्थानों पर छापेमारी के बाद इस साल फरवरी में गिरफ्तार किया था।

### हाथरस मामले में हाईकोर्ट जाने की दी नसीहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में हाल ही में दो जुलाई की भगदड़ में 121 लोगों की मृत्यु मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की गुहार वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती।

## सांसद अमृतपाल के भाई मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के खडूर साहिब से सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह और उनके सहयोगी लवप्रीत सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति को जालंधर पुलिस ने शुक्रवार को फिल्लौर में मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। जालंधर के एसएसपी अंकुर गुप्ता ने कहा कि हरप्रीत सिंह और लवप्रीत सिंह के डोप टेस्ट किया गया जिसमें पॉजिटिव पाया गया। पुलिस ने कहा कि आइस ड्रग्स या क्रिस्टल मेथामफेटामाइन लुधियाना के एक व्यक्ति संदीप अरोड़ा से खरीदा गया था, जिसे भी गिरफ्तार किया गया है।

## आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

गुंटूर (आंध्र प्रदेश), एजेंसी



- दो आईपीएस अधिकारियों और दो रिटायर्ड अधिकारियों के नाम भी शामिल

आंध्र प्रदेश पुलिस ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के एक विधायक की शिकायत पर पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, दो वरिष्ठ आईपीएस और दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में उंडी विधानसभा क्षेत्र से तेदेपा विधायक के. रघुराम कृष्ण राजू ने शिकायत दर्ज कराई थी। राजू 2019 से 2024 के बीच वाईएसआरसीपी के लोकसभा सदस्य थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही रेड्डी से उनका अलगाव हो गया था। पुलिस ने रेड्डी के अलावा वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीवी. सुनील कुमार और पीएसआर. सीतारमणजनेयुलु तथा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी आर. विजय पॉल और गुंटूर सरकारी अस्पताल की पूर्व अधीक्षक जी प्रभावती के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजू ने एक माह पहले ई-मेल के जरिए पुलिस को शिकायत भेजी थी और कानूनी परामर्श लेने के बाद गुरुवार शाम सात बजे मामला दर्ज किया गया। मामला तीन साल पुराना होने से पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ गुंटूर के नगरमपालम थाने में भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

## स्मृति ईरानी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें : राहुल



- बोले, किसी को बेइज्जत व शर्मसार करना कमजोर होने की निशानी

**लखनऊ।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर की जा रहीं आपत्तिजनक टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अप्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने स्मृति ईरानी पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसा न करने की हिदायत दी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर शुक्रवार को लिखा है कि, जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।

## चार माह के उच्चतम स्तर पर खुदरा महंगाई, जून में 5.08 प्रतिशत पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी



- सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर
- मई 2024 में 4.8% जबकि जून 2023 में 4.87 प्रतिशत रही थी

सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी से ही घट रही थी लेकिन जून का महीना एक बार फिर इसमें तेजी लेकर आया। मई 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर थी जबकि जून 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। खुदरा महंगाई का पिछला उच्च स्तर फरवरी में 5.09 प्रतिशत रहा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य समूह में शामिल उत्पादों की महंगाई दर जून में बढ़कर 9.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में खाद्य मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत थी। भीषण गर्मी से प्रभावित रहे जून के महीने में सब्जियों की कीमतें सालाना आधार पर सबसे अधिक 29.32 प्रतिशत बढ़ गईं। उसके बाद ''दालें और उत्पाद'' में मुद्रास्फीति 16.07 प्रतिशत रही। जून में ''अनाज और उत्पाद'' के अलावा फलों के दाम भी एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में महंगे बिके।

एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि जून में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति 5.66 प्रतिशत रही जबकि शहरी भारत में महंगाई दर 4.39 प्रतिशत रही।

### बारिश सामान्य रहने पर स्थितियां होंगी अनुकूल

अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि यदि मानसून के बाकी वक्त में बारिश सामान्य रहती है और वर्षा वितरण भी अनुकूल रहता है तो खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निश्चित रूप से अनुकूल हो जाता है। वैश्विक या घरेलू स्तर पर कोई अन्य झटका नहीं लगने पर हम अक्टूबर 2024 में नीतिगत रुख में बदलाव और दिसंबर 2024 एवं फरवरी 2025 में 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। एनएसओ के मुताबिक, जून में सबसे अधिक मुद्रास्फीति ओडिशा (7.22 प्रतिशत) और सबसे कम दिल्ली (2.18 प्रतिशत) में रही।

## तेरह अभियुक्त नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई रिमांड पर

पटना, एजेंसी

- हाईकोर्ट के निर्देश पर विशेष कोर्ट ने दी 15 दिनों की हिरासत

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद पटना व्यवहार न्यायालय स्थित एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व में गिरफ्तार किए गए जेल में बंद 13 अभियुक्तों को हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे पर जाने का आदेश दिया। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत में एक याचिका दाखिल कर पटना हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए सीबीआई की ओर इस मामले में पटना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जेल मे बंद 13 अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया गया था। पटना हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में विशेष अदालत ने सभी 13 अभियुक्तों को अविलंब सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। गौरतलब है कि इस मामले में अभी 27 अभियुक्त जेल में बंद है।

## सेबी की कार्रवाई : सहारा के पास जमा 14,106 करोड़ किया कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- वर्ष 2021 में शुरू हुई थी कार्रवाई की प्रक्रिया, छह आरोपियों को दिया था नोटिस

**अमृत विचार :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा इंडिया कामर्शियल कार्पोरेशन लिमिटिड (एसआईसीसीएल) व उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों एवं म्युचुअल फंड फोलाइन में जमा 14,106 करोड़ रुपये की धनराशि कुर्क किया है। इस कार्रवाई से पहले बोर्ड ने विगत तीन वर्ष तक कई नोटिसें भी भेजी थीं, लेकिन एसआईसीसीएल से कोई जवाब नहीं आया।

सेबी के रिकवरी अधिकारी ने 09 अप्रैल 2021 को वसूली प्रमाणपत्र कुर्की कार्यवाही के माध्यम से एसआईसीसीएल और उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों, म्युचुअल फंड फोलाइन को कुर्क करने का निर्देश दिया था। इसके अंतर्गत सुब्रत राय सहारा, बी. राय, ओपी श्रीवास्तव, लेफ्टीनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एएस राव व रनोज दास गुप्ता को एसआईसीसीएल द्वारा जारी ओएफसीडी के मामले में 14,106 करोड़ रुपये की वसूली की जानी थी। 21 अक्टूबर और 17 नवंबर 2021 को बैंक खाता और म्युचुअल फंड की कुर्की के नोटिस पुनः जारी किए गए। नोटिस का जवाब नहीं आने पर सेबी ने निर्देश दिया कि उक्त सभी डिफाल्टरों के बैंक एक्सक्योर पेंशन की राशि जो परिसमापक के खाते में है व उनके बैंक एक्सक्योर पेंशन राशि को लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अदुमुमिल शेषगिरी राय के पक्ष में ईएफटी, एनईएफटी, आरटीजीएस के माध्यम से सेबी रिकवरी प्रोसीड्स अकाउंट में जमा करें। इस निर्देश के बाद एसआईसीसीएल के पास जमा जनता के धन को सेबी द्वारा कुर्क कर लिया गया।

## आबकारी घोटाला : केजरीवाल को ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीबीआई द्वारा दर्ज किए मामले में अभी जेल में ही रहेंगे मुख्यमंत्री
- ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती की अर्जी पर वृहद पीठ करेगी विचार

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी के मामले में जमानत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं। पीठ ने ईडी मामले में उनकी गिरफ्तारी की वैधता से संबंधित प्रश्नों को वृहद पीठ के पास भेज दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि मामला जीवन के अधिकार से संबंधित है और गिरफ्तारी का मुद्दा बड़ी पीठ को सौंप दिया गया है इसलिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

### सीबीआई मुकदमे में 25 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मुकदमे गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया।

## शारदा की बाढ़ ने किया बेहाल, घरों में नहीं जल पा रहे चूल्हे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

### भोजन-पानी के लिए परेशान हो रहे ट्रांस शारदा क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण



शाहजहांपुर में बरेली मोड़ पर भरा पानी। ● अमृत विचार

- आटा चक्कियों और गैस एजेंसी में जलभराव, रास्ते बंद
- बरखेड़ा और बीसलपुर क्षेत्र के गांवों में सरकारी मदद का इंतजार

**अमृत विचार :** शारदा नदी में आई बाढ़ के बाद ट्रांस शारदा क्षेत्र के हालात दयनीय हैं। सड़कों से लेकर घरों तक में पानी भरा हुआ है। स्थिति यह है कि घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों को खाना और पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों पहाड़ों समेत मैदानी इलाकों में हुई भारी बारिश से शारदा नदी उफना गई। नदी किनारे बसे गांवों में पानी घुस गया। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र में हालात खराब हैं। शारदा पार इलाके की 16 ग्राम पंचायतों की करीब 40 हजार आबादी बाढ़ की चपेट में है। तमाम ग्रामीण घरों की छतों और ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। वहीं चंदिया हजारा और आसपास के गांवों के लोग हरीपुर जंगल में ऊंचे स्थानों पर रह रहे हैं। कुछ ग्रामीण गांव में हैं भी तो कीचड़ और जलभराव के चलते घरों में चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं। कई मकान धराशायी हो गए हैं। बाढ़ में झोपड़ियों, मवेशी व राशन बहने के बाद लोग भोजन के साथ-साथ सिर पर छत के लिए भी मोहताज हो गए हैं। पानी निकलने के बाद लोग क्षतिग्रस्त घरों में बर्तन और अन्य सामान ढूंढ रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि शुक्रवार शाम को 500 पैकेट राशन किट लेकर ट्रक शारदा पार रवाना किया गया है।

### नहीं मिल रहा भोजन-पानी, प्रशासन के प्रति आक्रोश

**शाहजहांपुर।** बाढ़ की चपेट में आए लोग अब खाने और पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित अजीजगंज डैम मार्ग और अजीजगंज बरेली मोड़ का भ्रमण किया तो हालात खराब मिले। लोगों ने आक्रोश जताते हुए दो दिन से प्रशासनिक मदद की राह देखने की बात कही। घरों और गलियों में पानी भर जाने से सैकड़ों लोग कैद होकर रह गए हैं। लंच पैकेट इतने कम बांटे जा रहे हैं कि सभी को नहीं मिल पा रहे हैं। डैम मार्ग स्थित बाढ़ पीड़ित छोटेलाल, अलीहसन, सुल्तान, श्यामा देवी, कांशीराम कॉलोनी निवासी बबलू सक्सेना, श्यामा देवी आदि ने बताया कि प्रशासनिक मदद पर्याप्त नहीं मिल पा रही है। कुछ सामाजिक संगठनों के लोग खाना बांट जाते हैं, जिससे जैसे-तैसे काम चल रहा है। बाढ़ में सैकड़ों मकान डूबे हुए हैं, जिनमें हजारों लोग कैद हैं और भोजन-पानी पहुंचाने की गुहार लगा रहे हैं।

खेल डायरी

## अमुंडी चैंपियनशिप के पहले दिन अदिति और दीक्षा ने किया निराश

**एवियन ले बेंस (फ्रांस)।** भारतीय ओलंपिक दल की गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के शुरुआती दिन निराशाजनक शुरुआत की। अदिति ने महिलाओं के सर्किट के मेजर टूर्नामेंट में इवन पार 71 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर बनी हुई है। दीक्षा ने पांच ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 120वें स्थान पर मौजूद है। अदिति ने 12 होल में दो बर्डी लगाई जिससे वह दो अंडर पर थीं, लेकिन वह 13वें और 14वें होल में लगातार बोगी कर बैठीं जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर खिसक गई। दीक्षा ने पहले नौ होल में एक बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी लगाई जिससे वह 18वें स्थान पर थीं।

## महिला एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 19 को

**कोलंबो।** भारत दांबुला में होने वाले महिला टी-20 एशिया कप में अपना पहला मैच शुरुआती दिन चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि मेजबान श्रीलंका इसी दिन बांग्लादेश का सामना करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को यह घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा सभी मैच का अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा तथा दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने म्यांमार को 1-1 से बराबरी पर रोका

**यांगून (म्यांमा)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां दूसरे मैत्री मैच में अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा करते हुए म्यांमार को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफल रही। शुरुआती मैच में हार का सामना करने के बाद इस मुकाबले में भारत आक्रामक तेवर के साथ मैदान पर उतरी थी। टीम को शुरुआती हाफ में गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाने के कारण गोल करने के मौके मिले लेकिन खिलाड़ी इसे भुनाने में नाकाम रहे। म्यांमार की गोलकीपर मयो म्या म्या नयिन ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ के शुरू होने पर ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी ने पनथोई के लंबे पास पर अच्छा नियंत्रण बनाते हुए म्यांमार की लिन लाई ओ को छकाकर गोल कर दिया।

# पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड

## टेस्ट करियर का अंतिम मैच खेले एंडरसन, 704 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने जेम्स

**वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट**

लॉर्ड्स, एजेंसी

गस ऐटकिंसन (कुल 12 विकेट) की घातक गेंदबाजी और जैक क्रॉले (76), जेमी स्मिथ (70) की बेहरीन बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 114 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज की पहली पारी 121 के स्कोर पर सिमट गई थी तथा दूसरी पारी में भी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और वह उसने 55 रन पर पांच विकेट गवां दिए। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4), किर्क मैकेंजी (शून्य), मिकाइल लुइस (14), कावेम हॉज (4), एलिक अथानाजे (22) रन बनाकर आउट हुये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 बना लिये थे।

वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन के छह विकेट पर 79 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी नौ रन का इजाफा ही हुआ था कि जेम्स एंडरसन ने जॉशुआ डासिल्वा (9) को आउट कर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने अल्जारी जोसफ (8) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। शमार जोसफ (3) को भी ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 47वें ओवर की आखिरी गेंद पर ऐटकिंसन ने जेडेन सील्स (8) को आउटकर वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 136 रन पर समेटकर अपनी टीम को पारी और 114 रनों से जीत दिला दी। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट लिए। जेम्स एंडरसन को तीन विकेट मिले। बेन स्टोक्स ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में ओली पोप (57), जैक क्रॉले (76) रन हैरी ब्रूक (50), जो रूट (68), जेमी स्मिथ ने (70) और क्रिस वोक्स (23) रन की बेहतरीन परियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी 371 रन का स्कोर खड़ा कर वेस्टइंडीज की पहली पारी के आधार पर 250 रनों की बढ़त बनाई थी। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने चार विकेट लिए। जेसन होल्डर और गुडाकेश मोटी को दो-दो विकेट मिले। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढेर कर दिया था। पहले टेस्ट में इंग्लैंड की ओर से पदार्पण करने उतरे गस ऐटकिंसन ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढेर कर इस मैच को यादगार बना दिया। वहीं, गट ऐटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। लुइस (27) हॉज (24) अथानाजे (23), जेसन होल्डर (शून्य), जोशुआ डिसिल्वा (शून्य), अल्जारी जोसेफ (17) और जोसफ (शून्य) को आउट हुए। गुडाकेश मोटी (14) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की टीम 41.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गई थी।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट**

| | | |
|---|---|---|
| 800 | मुथैया मुरलीधरन | श्रीलंका |
| 708 | शेन वॉर्न | ऑस्ट्रेलिया |
| 704 | जेम्स एंडरसन | इंग्लैंड |
| 619 | अनिल कुंबले | भारत |
| 604 | स्टुअर्ट ब्रॉड | इंग्लैंड |
| 563 | ग्लेन मैक्ग्रा | ऑस्ट्रेलिया |
| 530 | नाथन लियोन | ऑस्ट्रेलिया |
| 519 | कर्टनी वॉल्श | वेस्टइंडीज |
| 516 | आर अश्विन | भारत |
| 439 | डेल स्टेन | द. अफ्रीका |



### एंडरसन की गेंदबाजी देखना आनंदित करता था : तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शुक्रवार को अपने दो दशक से अधिक लंबे करियर का समापन किया और इस मौके पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना आनंदित करता था। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। आपको गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी प्रदान करता था। आप जिस गति, सटीकता, स्विंग और फिटनेस के साथ गेंदबाजी करते, वह अद्भुत रहा। आपने अपने खेल से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है।

### 704 विकेट के साथ खत्म किया सफर

**लंदन।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एंडरसन ने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है।




अंतिम टेस्ट खेलने के बाद भावुक हुए जेम्स एंडरसन और उनकी पत्नी डेनिएला।

**स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| वेस्टइंडीज (पहली पारी) | 121/10 (41.4 ओवर) |
| इंग्लैंड (पहली पारी) | 371/10 (90 ओवर) |
| वेस्टइंडीज (दूसरी पारी) | 136/10 (47 ओवर) |

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्रेग ब्रैथवेट बोल्ड एंडरसन | 4 | 26 | 1/0 |
| मिकाइल लुईस कैच स्मिथ बोल्ड स्टोक्स | 14 | 49 | 2/0 |
| कर्क मकेंजी पगबाधा स्टोक्स | 0 | 9 | 0/0 |
| ऐलेक ऐथनेज कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन | 22 | 47 | 4/0 |
| केवम हॉज बोल्ड ऐटकिंसन | 4 | 5 | 1/0 |
| जेसन होल्डर कैच पोप बोल्ड ऐटकिंसन | 20 | 59 | 2/0 |
| डासिल्वा कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन | 9 | 26 | 1/0 |
| जोसेफ कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन | 8 | 9 | 1/0 |
| गुडाकेश मोटी नाबाद | 31 | 35 | 5/0 |
| शमार जोसेफ बोल्ड ऐटकिंसन | 3 | 9 | 0/0 |
| जेडेन सील्स कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन | 8 | 12 | 1/0 |

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन16-7-32-3, क्रिस वोक्स7-3-11-0, गस ऐटकिंसन 14-2-61-5, बेन स्टोक्स 10-4-25-2



## चौथे टी-20 में सीरीज जीतने उतरेगा भारत

**हरारे।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को चौथे मुकाबले में जिम्बाब्वे पर जीतकर दर्ज कर पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। टी-20 विश्वकप के बाद पहले दौरे पर जिम्बाब्वे पहुंची भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि भारतीय टीम अगले दो मैचों में एकतरफा जीत दर्ज की। भारत इस सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाए हुए है और वह चौथा मैच जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने का प्रयास करेगा। यह मैच शाम 4:30 बजे शुरू होगा।

वहीं जिम्बाब्वे, भारत को पहले मैच की तरह चौकाकर श्रृंखला में वापसी का प्रयास करेगा, लेकिन उसे वापसी के लिए अपने क्षेत्ररक्षण में विशेष रूप से सुधार करना। पिच और परिस्थितियों को देखा जाए तो हरारे की दोहरी उछाल वाली पिच पर अमूमन हाई स्कोरिंग गेम नहीं खेला जाता। पिछले 15 मैचों में केवल सात बार ही ऐसा हुआ है, जब पहली पारी में टीम ने 150 या उससे अधिक का स्कोर बनाया हो। तीसरे टी-20 में भारतीय टीम में विश्व विजेता टीम के तीन सदस्य शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन के टीम में शामिल होने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। यशस्वी जायसवाल को विश्वकप के दौरान मौका नहीं मिला था, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने 27 गेंदों में 36 रन की पारी खेल दिखा दिया कि उनका फॉर्म अभी भी वही है, लेकिन इस मैच में वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अभी तक 4.5 की औसत से छह विकेट लिए हैं।

# इस बार विंबलडन को मिलेगी नई मल्लिका

लंदन, एजेंसी




बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है।

इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विंबलडन में पिछले सात वर्ष में महिला एकल में सात खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। इनमें सेरेना विलियम्स भी शामिल है जिन्होंने 2016 में यहां सातवीं बार खिताब जीता था। क्रेजिकोवा ने में 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था, लेकिन उन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचेंगी। उन्होंने कहा मुझे काफी मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। मैंने वास्तव में इसकी कल्पना नहीं की थी कि मैं विंबलडन के फाइनल में जगह बनाऊंगी।

क्रेजिकोवा और पाओलिनी दोनों ने सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके जीत हासिल की। 31वीं वरीयता प्राप्त क्रेजिकोवा ने सेंटर कोर्ट पर 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से जबकि पाओलिनी ने डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराया। इन दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक रवैया अपनाने के बाद मैच का पासा पलटा। फाइनल में भी इन दोनों से इसी तरह के खेल की उम्मीद है। पाओलिनी 1968 में ओपन युग शुरू होने के बाद विंबलडन के एकल फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी हैं। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि कोई खिलाड़ी एक सत्र में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहुंची है। पेरिस के बाद यहां भी फाइनल में पहुंचना, सच कहूं तो मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी। यह विशेष है। पाओलिनी फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी लेकिन यहां वह किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।



<< जैस्मिन पाओलिनी।

# इंग्लैंड महिला टीम ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से दी शिकस्त

कैंटरबरी, एजेंसी

सोफी एकल्सटन की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद ऐलिस कैप्सी नाबाद (67) रनों की शानदार पारी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 मैच में चार गेंदे शषे रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से बढ़त बना ली हैं।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की भी शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हैन्ना रो ने माया बूशेर (शून्य) को पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस कैप्सी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। डंकली ने 35 रन बनाए। कप्तान नेट साइवर ब्रंट (0) को फ्रैन जोनस ने आउट किया। एमी जोंस (19) रनआउट हुई। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद (67) रनों की पारी खेली। फ्रेया केंप ने नाबाद (16) रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।



न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनातीं इंग्लैड टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जॉर्जिया प्लिमर (0) का विकेट गवां दिया। एमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में सोफी एकल्सटन ने साझेदारी को तोड़ा और दोनों को आउट किया। सूजी बेट्स 27 गेंदों में (38) और एमेलिया केर 18 गेंदों में (23) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान सोफी डिवाइन ने 42 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली।

# साबले को पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं। हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले तोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे।

उन्होंने कहा मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं। मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं। मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं। मुझे लगता था कि ओलंपिक पदक विजेता कुछ अनूठे और कठिन तरीके से तैयारी करते हैं लेकिन पिछले दो साल के मेरे अनुभव ने मेरा आत्मविश्वास बढाया है। साबले इस महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे और उन्होंने आठ मिनट 9.91 सेकंड का समय



निकालकर अपना रिकॉर्ड तोड़ा। साबले ने कहा विश्व स्तर पर उनके प्रदर्शन से मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।

अगर मेरे रोल मॉडल विश्व स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो मैं भी। मुझे अपनी प्रक्रिया पर फोकस करना सिखाया गया है। मेरी स्पर्धा मेरी ही टाइमिंग से है। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्टीपलचेस में कीनियाई खिलाड़ियों का वर्चस्व तोड़ने वाले साबले ने कहा राष्ट्रमंडल खेलों में मिले रजत पदक से मुझे आत्मविश्वास दिया कि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना कर सकता हूं।

## बॉलीवुड हलचल

### सरफिरा का हिस्सा बनकर महसूस हो रहा है गर्व : अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म सरफिरा में काम कर गर्व महसूस कर रहे हैं। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। फिल्म रिलीज हो गई है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा सरफिरा का मतलब पागल होता है और पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि यदि मैंने यह फिल्म नहीं की होती तो मैं पागल होता। तो मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। यह यात्रा लगभग तीन साल पहले शुरू हुई थी और अंतत: यह आप सभी के गवाह बनने और उम्मीद है कि इसे संजोएंगे। मुझे इस फिल्म का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है और खुशी है कि सरफिरा मेरी 150वीं फिल्म है। #सरफिरा अब तुम्हारा है।



### फिल्म तेरे इश्क में धनुष के साथ काम करती नजर आएंगी तृप्ति

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता धनुष के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। फिल्म एनिमल में काम करने के बाद नेशनल क्रश बनने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय अभिनेता धनुष के साथ एक फिल्म में अभिनय करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिसका नाम तेरे इश्क में है। यह एक प्रेम कहानी होगी। चर्चा है कि अक्टूबर 2024 में तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म को वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में शूट किया जाएगा।



# डोपिंग के कारण दो साल बाहर बैठना काला अध्याय : जरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था।

जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षो से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था। पंजाब के इस खिलाड़ी ने कहा खिलाड़ी आम तौर पर इस तरह के झटके से उबर नहीं पाते हैं। दो साल तक मैचों से बाहर बैठने से आप काफी पीछे छूट जाते हैं। आयकर विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात इस खिलाड़ी ने कहा मैं हालांकि अपनी वापसी को लेकर दृढ़ निश्चय था और मुझे पता था कि मुझे वापसी करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि मैं मजबूत घरेलू ढांचे के बिना ऐसा कर सकता था, जहां मैं चयनकर्ताओं को दिखा सकता था कि मुझमें अभी भी वह क्षमता है। उन्होंने भारत के लिए 98 मैच खेले हैं।



# इंग्लैंड के खिलाफ चमक बिखेरते यमल पर टिकी स्पेन की उम्मीदें

बर्लिन, एजेंसी

**यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप**

फुटबॉल के नये वंडर ब्वॉय, बेहतरीन मिडफील्ड और विरोधी टीमों के औसत प्रदर्शन ने स्पेन को सफलता की नई इबारत लिखने की ड्योढी पर ला खड़ा किया है लेकिन आखिरी तिलिस्म पर एक ऐसी टीम खड़ी है जिसे बरसों से किसी बड़े खिताब का उतनी ही बेताबी से इंतजार है।

इंग्लैंड और स्पेन के बीच रविवार को होने वाला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप फाइनल हर लिहाज से मनोरंजन की सौगात देने का माद्दा रखता है। ओलंपिक 1936 के लिए नाजियों द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्टेडियम पर सभी की नजरें 17 बरस के लमाइन यमल पर होंगी जो 2008-12 के दौर के बाद पहली बार स्पेन को बड़े खिताब से एक जीत दूर ले आया है। स्पेन ने 2010 में विश्व कप और उसके बाद यूरो खिताब जीते थे। इस बार जहां क्रिस्टियानो रोनाल्डो, काइलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के हैरी केन जैसे दिग्गज धराशाई हो गए, वहीं यमल का नाम हर फुटबॉलप्रेमी की जुबां पर है। सेमीफाइनल



से पहले वह तीन गोल का सूत्रधार रहा और फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन शॉट पर गोल करके पूरे देश का नूरे नजर बन गया। गत चैंपियन इटली और 2022 में विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली क्रोएशिया जैसी टीमों के रहते स्पेन ग्रुप में शीर्ष पर रहा। इसके बाद मेजबान जर्मनी और एमबाप्पे की फ्रांस को हराया। वैसे स्पेन की टीम इंग्लैंड को हलके में लेने की गलती नहीं करेगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**
बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।
35.4° अधिकतम तापमान | 27.2° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:24 | सूर्यास्त 07:04

# प्लास्टिक का प्रदूषण खत्म करने के लिए चलाएं कारगर अभियान

## सिंचाई विभाग के विशेष सचिव ने मॉडल ग्राम पंचायत जलालपुर डेरापुर में की बैठक

संवाददाता, संदलपुर


जलालपुर डेरापुर में बैठक को संबोधित करते विशेष सचिव डॉ. हीरालाल।

- प्रदूषण को मानव जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया
- स्वास्थ्य कार्यक्रम में योगदान देने वालों का किया गया सम्मान

**अमृत विचार।** संदलपुर विकास खंड क्षेत्र की मॉडल ग्राम पंचायत जलालपुर डेरापुर में सिंचाई विभाग के विशेष सचिव ने बैठक की। उन्होंने लोगों को पर्यावरण प्रदूषण के बावत लोगों को जानकारी और संरक्षण करने की अपील की।

शुक्रवार को मॉडल ग्राम पंचायत में बैठक करते हुए सिंचाई विभाग के विशेष सचिव डॉ. हीरालाल ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण हमारे समय की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक बन गया है, जो न केवल मानव जीवन बल्कि हमारे ग्रह के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी खतरा बन गया है। इस संकट से निपटने के लिए एक अनोखे और प्रभावशाली तरीके से काम किया जाना है। लोग जल और भूमि प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर अपने घर से प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने के लिए अभियान चलाएं। जिससे स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो सके।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक खाने के बाद पशु और पक्षियों को दुखद परिस्थितियों का सामना करना पड़ता हैं। साथ ही अनगिनत समुद्री जीव नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक प्रदूषण नदियों और नालों को अवरुद्ध करता है। जिससे बाढ़ और पर्यावरण का क्षरण होता है। जब यह भोजन और जल स्रोतों को दूषित करता है, तो कैंसर सहित गंभीर बीमारियां होती हं। विशेष सचिव ने मॉडल ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य कार्यक्रम में योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान देवेश भारत सरकार वैक्सीन लिमिटेड, प्रोफेसर रूपेंद्र ओबेरॉय कैरोमिल कॉलेज दिल्ली, सौरभ लाल मुख्य कार्यकारी अधिशासी मॉडल गांव, अनीशा अग्रवाल, उत्तरा, अधिश्री अग्रवाल, दीप्ति शर्मा, ग्राम प्रधान जलालपुर डेरापुर निधि कटियार, सचिव मनोज कनौजिया, प्रधान पति विनोद कटियार, डॉ. वैभव कटियार सीएचसी हवासपुर, प्रधान कसोलर प्रदीप कटियार, सीडीपीओ माधुरी नेही, सुपरवाइजर विनय कुमारी आदि मौजूद रहे।

**एक नजर**

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल, अकबरपुर रेफर

**सिकंदरा।** बाइकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नसीरपुर निवासी नीलू (30) श्री बालाजी प्रोविजन स्टोर में मार्केटिंग का काम करता है। वह मार्केटिंग का काम करके वापस आ रहा था। सुभाष नगर में पहुंचने पर अचानक सामने से आ रहे बाइक सवार कुलदीप (18) निवासी साकिन बुजुर्ग डेरा थाना सिकंदरा ने नीलू की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर पूजा गोयल ने प्राथमिक उपचार के बाद नीलू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

# मॉडल गांवों की सफाई पर रहे फोकस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

- जिला स्वच्छता समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश
- चयनित ग्राम पंचायतों में प्रगति की समीक्षा की गई

**अमृत विचार।** जिला स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में हुई प्रगति की समीक्षा की गई।

शुक्रवार को डीएम आलोक सिंह ने कहा कि मॉडल गांव की संकल्पना के तहत जो लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। उसे प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। मॉडल गांव में विद्यमान शौचालयों को गतिशील बनाया जाए। साथ ही साथ मॉडल गांव में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इन गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने सभी मॉडल गांव में आरआरसी को संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा इस बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय फेज के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयनित ग्राम पंचायत की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि स्वच्छ भारत मिशन फेज-टू के अंतर्गत लोगों के अंदर सामुदायिक अभिप्रेरण पैदा करना, सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था, शौचालयों की मरम्मत, व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण करना है। जिससे गांव की दशा एवं दिशा में परिवर्तन किया जा सके।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता की कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उन समस्याओं से भी उनको निजात दिलाया जाए। इसके अतिरिक्त डीएम ने वर्ष 2024-25 में लक्ष्य पर व्यक्तिगत शौचालय के आवंटन, रेट्रोफिटिंग, कॉमन सर्विस सेंटर, अंत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन आदि के प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन., जिला परियोजना अधिकारी वीरेंद्र सिंह, डीपीआरओ विकास पटेल, सभी बीडीओ, एडीओ आदि उपस्थित रहे।

# कामकाज शुरू न होने से शोपीस बने ग्राम सचिवालय

संवाददाता, राजपुर


सिहुरा का बंद ग्राम सचिवालय। अमृत विचार


अफसरिया के सचिवालय में काम करती सहायक वर्षा गौतम।

- आय, जाति, निवास समेत अन्य कागजों के लिए ब्लाक की भागदौड़ करते लोग

**अमृत विचार।** गांव के लोगों को बगैर किसी भाग-दौड़ एक ही छत के नीचे जरूरी सुविधाएं मिलने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 15 से 20 लाख रुपये खर्च करके पंचायत भवन बनवाकर सहायकों की नियुक्ति की गई, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण पंचायत भवनों में कामकाज संचालित नहीं हो पा रहा है।

विकासखंड राजपुर की 56 ग्राम पंचायतों में एक वर्ष के अधिक समय से पंचायत भवन बनकर तैयार हैं। लगभग 36 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई है। पंचायत अधिकारी को भी पंचायत भवन में बैठने के लिए कहा गया है। कंप्यूटर, कुर्सी, मेज, अलमारी, इंवर्टर आदि उपकरणों की खरीद की गई। लेकिन कामकाज शुरू न होने से कंप्यूटर सहित अन्य सामान सचिवालयों की शोभा बढ़ा रहे हैं। वहीं पंचायत सहायक भी घंटे दो घंटे कार्यालय में बैठकर प्रति माह मानदेय ले रहे हैं। वहीं अफसरों के सख्त निर्देशों के बाद भी ग्राम सचिव ब्लॉक पर ही रहकर कामकाज निपटाते हैं। इतना ही नहीं परिवार रजिस्टर की नकल लोगों को तभी मिल पाती है। जब वे दो से चार दिन तक ब्लॉक के चक्कर काटते हैं। बीहड़ पट्टी के मिनी सचिवालयों में हालात और बतदर हैं। कहीं विद्युत कनेक्शन नहीं है तो कहीं उपकरण खराब पड़े हैं। जमालपुर ग्राम पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक विशाल कुमार की तैनाती है। यहां बिजली कनेक्शन न होने से ग्रामीणों को सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रही हैं और उपकरण धूल फांक रहे हैं। पंचायत सहायक ने बताया कि ब्लाक व जिले के अफसरों को पत्राचार किया गया है। वहीं अफसरिया के सचिवालय में गोल्डन कार्ड बनाने तक कार्य ही सीमित है। पंचायत सहायक वर्षा गौतम ने बताया कि अभी तक तीन आय व एक जाति प्रमाण पत्र बनाया गया है।

> पंचायत भवनों को खोलकर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक पंचायत सहायकों को बैठने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिवों को बैठने को कहा गया है।
>
> –हरिगोविंद गुप्ता, बीडीओ

# गोगूमऊ-दुआरी और मनेथू-खनपना पुल बंद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- दोनों पुलों के अत्यधिक क्षतिग्रस्त होने से किया गया रूट डायवर्जन

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में जर्जर पुलों से आवागमन किसी खतरे से खाली नहीं है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने रसूलपुर-गोगूमऊ से दुआरी मार्ग व मनेथू-खनपना संपर्क मार्ग के जर्जर पुलों से आवागमन प्रतिबंधित करते हुए रूट डायवर्जन किया गया है।

सरवनखेड़ा विकास खंड क्षेत्र के रसूलपुर-गोगूमऊ से दुआरी मार्ग तथा मनेथू-खनपना संपर्क मार्ग के किमी0 2.90 अत्यधिक क्षतिग्रस्त अवस्था में है। वर्तमान में उक्त दोनों मार्गों पर लघु सेतुओं के पियर, एबटमेंट एवं स्लैब अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण किसी भी समय दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। जिसके चलते उक्त दोनों पुलों से हल्के व दुपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों का आवागमन रोका गया है।

जिला मजिस्ट्रेट आलोक सिंह ने आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की संस्तुति दी है। रसूलपुर-गोगूमऊ से दुआरी मार्ग का पुल के बंद होने पर चौपहिया वाहन रायपुर-गजनेर मार्ग के किमी. नौ से मानसिंह का पुरवा होते हुए गोगूमऊ, गंगरौली जा सकते हैं। इसी तरह मनेथू-खनपना संपर्क मार्ग किमी. 2.90 पर पुल के बंद होने पर मनेथू तिराहे से आगे बढ़कर बाईं ओर मनेथू-बिल्सी मार्ग का उपयोग कर पुल के दूसरी ओर पहुंचा जा सकता है।

## सार-संक्षेप


मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

### वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**रूरा।** मजदूरी कर घर लौट रहे अधेड़ की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। रामपुर गांव के सामने एक शुक्रवार की सुबह करीब एक शव पड़े होने की सूचना पीआरवी को मिली। पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो चुकी थी। लोगों ने मृतक की शिनाख्त अमर सिंह निवासी रामपुर के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र दीपू ने बताया कि पिता शादी विवाद में मजदूरी करते थे। वह गुरुवार को एक पास के गांव में शादी में मजदूरी करने गए थे। वापस आते समय यह हादसा हो गया। वहीं मृतक की पत्नी सुमन, पुत्र दीपू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दरोगा राकेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होना प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### पाठ्यक्रम पूर्ण न कराने वाले शिक्षकों की मांगी गई सूची

**कानपुर देहात।** बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय विद्यालयों में अब किसी की मनमानी नहीं चलेगी। ऑनलाइन अटेंडेंस के साथ-साथ अन्य सभी विभागीय कार्यों को डिजिटल रूप में करना होगा। इसके लिए महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत प्रार्थना सभा की सेल्फी टैबलेट में सुरक्षित न रखने वाले एवं मासिक कैलेंडर के अनुसार पाठ्यक्रम पूर्ण न कराने वाले, स्कूलों की दीवार पर टोल फ्री नंबर 18008893277 चस्पा न करने वाले, विद्यालय के कार्यों में सहयोग न करने व अनुशासनहीनता करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सूची मांगी गई है। प्रति माह होने वाली समीक्षा बैठक में इन बिंदुओं पर गहन चर्चा कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### आवेदन पत्र संशोधित करने को खोला गया पोर्टल

**कानपुर देहात।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में परीक्षा नियामक प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा डीएलएड पाठ्यक्रम व स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित करने व पीएफएमएस से संबधित प्रकरण के लिए 15 जुलाई से 24 जुलाई तक छात्रों के आवेदन पत्रों को संशोधित करने के लिए पोर्टल दोबारा खोला गया है। जनपद के संबंधित सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि वह उक्त तिथि तक अपने-अपने आवेदन पत्रों को संधोधित कर सब्मिट करते हुए शिक्षण संस्थानों में जमा कर दें। वहीं शिक्षण संस्थानों को संशोधित आवेदन पत्रों का सत्यापन करते हुए 16 से 30 जुलाई तक अग्रसारित करना है।

# यूपी बोर्डः हाईस्कूल में दो भाषाएं पढ़ना जरूरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों को हाईस्कूल में हिंदी के साथ देश की 19 भाषाओं में से दो भाषा पढ़नी जरूरी हैं। इसके लिए विभाग की ओर से नई शिक्षा नीति के तहत कार्य योजना बनाई जा रही है। नवीन सत्र में विद्यार्थियों को भाषाएं पढ़नी होंगी। इसके लिए विभाग की ओर से सुझाव लिए जा रहे हैं।

नई शिक्षा नीति के तहत केंद्र सरकार से जारी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2023 के तहत हाईस्कूल कक्षा 9 और 10 के पाठ्यचर्या में संशोधन किया जा रहा है। हाईस्कूल में छह विषय अनिवार्य रूप से पढ़ाए जा रहे हैं। अब इनकी जगह दस विषय कर दिए जाएंगे। सभी को तीन भाषाएं पढ़नी होगी। इनमें हिंदी तो सबके लिए अनिवार्य है। इसके अलावा संस्कृत, अंग्रेजी या देश की 19 भाषाओं में किसी एक को लिया जा सकता है। विषय गणित सभी के लिए अनिवार्य होगा। ऐसे ही विज्ञान, सामाजिक विज्ञान भी अनिवार्य होगा। इसके अलावा चित्रकला, व्यवसायिक शिक्षा आदि विषय भी रहेंगे। उसी के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन किया जाएगा। पाठ्यचर्या में बदलाव के साथ ही ग्रेडिंग सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। अंक पत्र में अंकों के सामने ग्रेड भी लिखा रहेगा। सह डीआईओएस रवि वर्मा ने बताया कि बोर्ड से आनलाइन सुझाव मांगे गए हैं।

# समूहों को सशक्त बनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दीनदयाल अंत्योदय योजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट में किया गया। डीएम आलोक सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान राजेंद्र नगर हैदराबाद से आए नेशनल रिसोर्स पर्सन विद्युत बसु एवं डीके मित्रा ने स्वयं सहायता समूहों के बचत खाता खोलने व सीसीएल की प्रगति करने के बारे में जानकारी दी। जिससे समूह की महिलाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। सीडीओ लक्ष्मी एन. ने शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूहों का खाता खोल कर व समूहों का सीसीएल के माध्यम से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें। उपायुक्त स्वतः रोजगार गंगाराम ने बैंकों में सीसीएल एवं खाता खोलने के दौरान समूहों को आ रही कठिनाईयों पर चर्चा की। इस संबंध में बैंकों से सकारात्मक दिशा में स्वयं सहयता समूहों से सहयोग की अपेक्षा की गई। सीसीएल के क्षेत्र में उत्कृट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों, जिला समन्वयक बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक, बैंक सखियों, एडीओ (आईएसबी) व ब्लाक मिशन प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यहां प्रबंधक व बैंक सखियां रही।

# मां की डांट से नाराज बेटे ने दे दी जान

**शिवली।** क्षेत्र के कोढवा गांव ने शुक्रवार को नशे की हालत में एक युवक ने रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। जिससे कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के कोढ़वा गांव निवासी अनूप भट्ट (35) मजदूरी करता था। शुक्रवार की दोपहर में नशे की हालत में घर आया तो मां ने शराब पीने को लेकर डांट दिया। इससे नाराज होकर उसने घर के कमरे में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। जब मां ने कुछ गिरने की आवाज सुनी तो कमरे में झांक कर देखा तो अनूप का शव पंखे से लटक रहा था। इसके बाद उसने आस पड़ोस के लोगों को बुलाया और उसके शव को फंदे से नीचे उतरा।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक), मैथा कानपुर देहात**
**वाद सं0–2507/2024 सन्–2024**
**.दिनांक –19.07.2024**
**अन्तर्गत धारा–116 उ0प्र0रा0सं0–2006, ग्राम– निहुटा, तहसील–मैथा, जनपद कानपुर देहात।**
बृजेश यादव पुत्र बसन्त यादव निवासी म0न022 चौतन्य बिहार मकडीखेडा तहसील व जिला कानपुर देहात व राहुल गुप्ता पुत्र सुधीर कुमार गुप्ता नि0म0न0 119/525 दर्शनपुरवा तहसील व जिला कानपुर नगर।
**–वादीगण**
बनाम
शंकरलाल आदि
शंकरलाल पुत्र बोधीलाल नि0 131 कुरसौली बिठूर कानपुर नगर व विजय कुमार त्रिपाठी पुत्र रामकुमार त्रिपाठी निवासी 27ए ब्लाक आई ऐश्वर्यपुरग डी0सी0एफ0 भट्ठा कल्यानपुर गंगपुर चकवाडा कानपुर नगर बादहु, 1. अर्चना सिंह पत्नी विवेक सिंह निवासिनी– 2 ई0 ब्लाक नियर नगर निगम डंप रानीगंज पनकी कानपुर नगर।, 2. अनीता गुप्ता पत्नी राजेश कुमार गुप्ता नि0 ई0 डबलु0एस0 4679 आवास विकास 10 पनकी रोड कल्यानपुर कानपुर नगर।, 3. आदित्य प्रताप सिंह पुत्र उदयभन सिंह, नि0 117 / 29 पुरानी बस्ती काकादेव तहसील व जिला कानपुर नगर।, 4. मोहिनी देवी पत्नी अवधेश प्रजापति नि0– मोहल्ला देविनटोला, सराय मीरा आंशिक कन्नौज।, 5. जफर इकबाल अंसारी पुत्र मो0 इसराइल, नि0– 31 पहलवान पुरवा के0डी0ए0 कालोनी आजाद नगर कत्तारियाजोर नवाबगंज कानुपर नगर।, 5. किरन पत्नी नीरज कुमार नि0– 116 / 925 राधा बिहार रावतपुर कानपुर नगर।, 7 अर्चना देवी पत्नी मोनी दुबे नि0– 310/697 रतनपुर कालोनी पनकी पकबहादुर नगर कानपुर नगर।, 8. हरी किशोर पुत्र कमल किशोर नि0 गहलो टीपू गहलो जर्बी, . गौरव सिंह गंगवार पुत्र सुरेश बन्द्र गंगवार नि0 पटेलपुरम छपट्टी कायमगंज फर्रुखाबाद।10. मीरा दीक्षित पत्नी प्रदीप दीक्षित नि0 3सी /438 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता कानपुर नगर। 11. अनरूद्ध पुत्र कृष्णमुरारी नि0 पुराणपुरवा तहसील रसूलाबाद।, 12. मोती लाल पुत्र भिख्खूलाल नि0 315/5 शास्त्री नगर कानपुर नगर।, 13. सुमन पत्नी संतोष कुमार नि0 निहुटा तहसील मैथा जनपद कानपुर देहात।, 14. रश्मी पुत्री रबि कुमार नि0 निहुटा तहसील मैथा जनपद कानपुर देहात।, 15' रवि दिवाकर पुत्र रामनाथ दिवाकर निवासी, ग्राम म0न0 501 सुन्दरनगर नियर शिव मन्दिर पनकी कानपुर नगर।,.
19.07. 2024 को मेरी अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें।
**उप जिलाधिकारी (न्यायिक)**
**मैथा जनपद कानपुर देहात।**

**लापरवाही** | शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अफसर बेखबर, लोग खासे परेशान

# कूड़े में पड़े कूड़ेदान, सड़क पर गंदगी के ढेर


कन्हैया नगर में कूड़े में पड़ा कूड़ादान। अमृत विचार


लोहिया नगर के दमनपुर रोड किनारे कूड़ादान के आसपास गंदगी का अंबार।

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई क्षेत्रों में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। कचरा सड़कों और नालियों में फैल रहा है। जबकि कूड़ेदान कूड़े के ढेर में पड़े हुए हैं। ऐसे में सड़ांध राहगीरों को परेशान कर रही है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बावजूद अब तक समाधान नहीं हो सका है।

राजपुर नगर पंचायत के चौदह वार्डों को साफ-सुथरा रखने के लिए नगर ने जगह-जगह कूड़ेदान रखवाए थे, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह कूड़ेदान खुद ही कूड़े के ढेर में पड़े हुए हैं और नगर पंचायत के कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते कूड़ेदान के आसपास कचरा बिखरा पड़ा है। कन्हैया नगर (नई बस्ती) में सफाई कर्मी आसपास से एकत्रित कचरा सड़क किनारे ही फेंककर चले जाते हैं।

इधर, दमनपुर मार्ग पर सड़क किनारे कूड़ा फेंका जा रहा है। बारिश में कूड़े की सड़ांध फैलने से सड़क से गुजरने वाले राहगीर परेशान होते हैं। लोगों का कहना है कि नगर की सफाई के लिए कूड़ेदान को रख दिए गए, लेकिन सफाई कर्मियों की अनदेखी से कूड़ा-करकट की उठान नहीं हो पा रही है। जिससे बरसात के मौसम में कूड़े में सड़न हो रही है, जो घर के अंदर तक लोगों को बेहाल करती है।

कई बार कूड़े की नियमित उठाने को लेकर शिकायत की गई, लेकिन अभी तक हालात जस के तस बने हुए हैं। इस बावत नगर पंचायत ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि सभी सफाई नायकों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन सुबह आठ बजे तक नगर का कूड़ा उठ जाना चाहिए। कहीं लापरवाही की जा रही है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशिक्षण केंद्रों पर छात्र संख्या बढ़ाने पर दिया गया जोर

**कानपुर देहात।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत सत्र 2024-25 के सफल संचालन को जिला स्तरीय समिति की बैठक डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।

इस दौरान सीडीओ ने विषय विशेषज्ञों के चयन, परीक्षा की तैयारी के तरीके, सामान्य अध्ययन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्रशिक्षण केंद्रों पर छात्र संख्या बढ़ाने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दर बढ़ाने के निर्देश दिए। जनपद स्तरीय अधिकारियों को समयानुसार छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करने के लिए पैनल बनाए को कहा गया। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. प्रज्ञा शंकर, बीएसए अजय कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भंदेमऊ में हफ्ते भर से फुंका ट्रांसफार्मर

संवाददाता, मंगलपुर

- बिजली न आने से लोग गर्मी में बेहाल, पेयजल की समस्या

**अमृत विचार।** भंदेमऊ गांव में रखा ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग के चलते करीब एक सप्ताह पहले फुंक गया था। जिससे बिजली व्यवस्था धड़ाम पड़ी है और आधे गांव में बिजली न आने से गर्मी में लोग बेहाल हैं। विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर को ठीक नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों में अधिकारियों के प्रति रोष व्याप्त है।

भीषण गर्मी में मंगलपुर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। रोजाना जगह-जगह हो रहे फॉल्ट के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। शुक्रवार की रात संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र के भंदेमऊ गांव में लगा ट्रांसफार्मर लोड अधिक हो जाने से फुंक गया। सूचना के बाद भी विभाग की तरफ से कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इसकी वजह से उपभोक्ता बिजली की समस्या से परेशान हैं। करीब एक हफ्ता हो जाने से इंवर्टर ने भी साथ छोड़ दिया। ऐसे में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई।

बिजली की अघोषित कटौती से भीषण गर्मी में जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो रहा है। विभागीय अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। गांव निवासी पंकज पाल ने बताया कि बिजली ट्रांसफार्मर फुंकने से गर्मी में बहुत परेशानी हो रही है। इंवर्टर ने भी साथ छोड़ दिया है। बिजली के उपकरण शोपीस बनकर खड़े हैं। बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी पानी की हो रही है। करीब एक हफ्ता बीतने के बाद भी बिजली विभाग की तरफ से कोई सुध नहीं ली गई है। इस बावत सब स्टेशन मंगलपुर के जेई सुभाष चंद्र ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को ही चार्ज लिया है।

# अफसरों की मान-मनौव्वल हुई बेकार, शिक्षक फैसले पर अडिग

## 15 को धरना-प्रदर्शन की बनाई रणनीति, मांगें पूरी होने पर ही देंगे ऑनलाइन हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों का आनलाइन हाजिरी का विरोध लगातार जारी है। शुक्रवार को बीएसए समेत अन्य शिक्षाधिकारी स्कूलों में जाकर शिक्षकों को मनाने की कोशिश की लेकिन शिक्षक अपनी मांगों पर अड़े रहे। जिससे अफसरों का मायूस होकर लौटना पड़ा। वहीं 15 जुलाई को बीएसए कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन को लेकर संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने बैठक कर रणनीति भी बनाई।

आनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरे शिक्षकों को मनाने के लिए शुक्रवार को बीएसए भारती त्रिपाठी समेत सभी खंड शिक्षाधिकारी, एआरपी, जिला समन्वयक समेत अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यालयों में पहुंचे। जहां उन्होंने शिक्षकों आनलाइन हाजिरी लगाने के लिए प्रयास किया लेकिन अफसरों के सामने शिक्षक नहीं झुके और अपनी मांगों को पूरा किए जाने की मांग करते रहे। शिक्षकों के विरोध को लेकर विभागीय अधिकारी खासे परेशान नजर आ रहे हैं।



प्रदर्शन पर चर्चा करने आए मोर्चे के पदाधिकारी। अमृत विचार

### शिक्षकों पर थोपा जा रहा तानाशाही आदेश

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने बताया यदि अध्यापक विद्यालय पहुंचने में विद्यालय समय से एक मिनट भी लेट हो जाता है, तो वह उस दिन अनुपस्थित हो जाता है। शिक्षकों को ऑनलाइन अटेंडेंस देने में कोई दिक्कत नहीं है। यदि सरकार 30 ईएल, 15 सीएल, हाफ डे सीएल एवं माह में पांच बार आधा घंटा लेट होने पर भी अनुपस्थित न मानने की व्यवस्था आदि सहित शिक्षकों की अन्य तमाम मांगे मान लेती है, तो शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस लगाने को तैयार हैं। कहा कि सरकार मांगें पूर्ण किए बिना एक तानाशाहीपूर्ण आदेश शिक्षकों के माथे पर मढ़ रही है। शिक्षकों ने संकल्प लिया है कि जब तक हमारी पूरी मांगें नहीं मानी जाएंगी, तब तक ऑनलाइन हाजिरी नहीं देंगे।

### विरोध के साथ कर रहे हैं शिक्षण कार्य

जिले के सभी 13 ब्लॉक क्षेत्र एवं नगर क्षेत्रों प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया। जिला महामंत्री ने बताया कि यह विरोध अनवरत जारी रहेगा। यदि आदेश वापस नहीं किया गया, तो पूरे जनपद के शिक्षक, मुख्यमंत्री को शांतिपूर्ण ढंग से अपने मांग पत्र का ज्ञापन सौपेंगे।

### धरना-प्रदर्शन में सभी शैक्षिक संगठन शामिल

स्कूल बंद होने के बाद संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी शहर के शिक्षक भवन में आवश्यक बैठक बुलाई। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में सभी शैक्षिक संगठन, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों के संगठन शामिल रहे। 15 जुलाई को बीएसए कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बाद में बीएसए को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर चर्चा की गई है।

# युवती को अगवा कर दुष्कर्म, तीन माह बाद मुकदमा

**फतेहपुर।** लघुशंका को गई युवती को घर के बाहर से दो युवक अगवा कर ले गए। इसके बाद कमरे में बंधक बनाकर एक युवक ने दुष्कर्म किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन माह बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का आरोप है कि वह चार मई की रात करीब 10 बजे घर के बाहर लघुशंका के लिए गई थी। लौटते समय घात लगाए बैठे गांव के प्रमोद व रजवा उसे अगवा कर लिया।

फिर प्रमोद अपने घर ले गया और कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह दूसरे दिन घर पहुंची। आपबीती परिजनों को बताई। उसके पिता, मां व चचेरा भाई प्रमोद के घर शिकायत करने पहुंचे।

परिजनों को प्रमोद व रजवा ने गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस के सुनवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बंधक बनाकर दुष्कर्म करने समेत अन्य धाराओं में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# किसी और की जमीन, वरासत में पड़ोसी महिला का नाम दर्ज

- किशनपुर थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट गांव का मामला
- पिता के गुजर जाने के बाद पुत्र के नाम दर्ज होनी थी

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट गांव में लेखपाल ने पीड़ित की भूमिधरी जमीन को पड़ोसी महिला के नाम वरासत कर दी। पीड़ित को जब तक मामले की जानकारी होती तब तक महिला ने जमीन को बेंच दिया। जिसके बाद पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। लेकिन आज तक पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका है।

महावतपुर असहट गांव निवासी दीनदयाल को आज से करीब 40 साल पहले गुजर बसर करने के लिए पट्टे की जमीन मिली थी। जिस पर पीड़ित परिवार गुजर बसर करता था। कुछ दिन बाद वह जमीन दीनदयाल के नाम दाखिल भी हो गई। कुछ दिन बाद दीनदयाल की मौत हो गई। दीनदयाल की मौत के बाद उस जमीन पर उसके लड़के बदलू का कब्जा हो गया। हाल ही में कुछ वर्ष पहले बदलू की भी मौत हो गई।

इसके बाद जमीन पर बदलू के लड़के फूलचंद गुजर बसर करने लगा। किसी कारण वश जमीन इनके नाम नहीं हो सकी। लेकिन लेखपाल की लापरवाही से पीड़ित की वह जमीन भी उसके हाथ से निकल गई। लेखपाल की मिलीभगत से जमीन पड़ोस के रहने वाली एक महिला के नाम वरासत हो गई। पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी महिला ने लेखपाल से मिल कर जमीन अपने नाम करा बेंच ली। बताया जा रहा है कि लेखपाल ने बिना सत्यापन किए ही दीनदयाल की जमीन को फर्जी तरीके से पडोस की रहने वाली महिला सुंदरियां के नाम कर दी। महिला के नाम जमीन आते ही महिला ने जमीन को बेच दिया। जिसके बाद पीड़ित किसान फूलचंद को मामले की जानकारी हुई। जिस पर पीड़ित किसान ने कोर्ट पहुंच कर आपात्ति दायर की। पीड़ित किसान फूलचंद ने कई बार मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की लेकिन अभी तक पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका है।

### किसान को धमकी दे रहा लेखपाल

पीड़ित किसान फूलचंद ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के बाद वह कई लेखपाल के पास गया। जिसमें लेखपाल अब किसान की जमीन को ग्राम समाज के नाम कर दी जाएगी, जिससे पीड़ित किसान परेशान हैं।

> वहीं मामले में एसडीएम अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो मामले की जांच करा कार्यवाही की जाएगी।
>
> एसडीएम अजय कुमार पाण्डेय

### डीएम को दस्तावेज नहीं दिखा सका था लेखपाल

लोकसभा चुनाव से पहले सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गई शिकायत पर जिलाधिकारी ने लेखपाल से वरासत करने के दस्तावेज मांगे थे। जिस पर लेखपाल दस्तावेज भी नहीं दिखा सका था। उस दौरान जिलाधिकारी ने लेखपाल को फटकार लगाते हुए पीड़ित किसान के नाम जमीन वरासत करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद से पीड़ित लगातार न्याय के लिए दौड़ रहा है। पर पीड़ित को आज तक न्याय नहीं मिल सका है।

# कभी भी गिर सकता सोसाइटी भवन

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** धाता विकास खंड के कबरे ग्राम में बना सोसाइटी भवन पूर्णतया जर्जर हो गया है जो इस अति पिछड़े क्षेत्र के कृषकों को खाद बीज इत्यादि की आपूर्ति करती है। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि पूर्ववर्ती समय में यह सोसाइटी किसानों के विकास के लिए रीढ के समान थी। इससे कई तरह की आवश्यकताओं की पूर्ति होती थी। लेकिन आज इस बिल्डिंग का अस्तित्व संकट में आ गया है। यदि समय रहते इसका मरम्मत जीर्णोद्धार या निर्माण न कराया गया तो यह बिल्डिंग धराशाई होकर गिर जाएगी।
जिससे किसानों को समय पर खाद बीज नहीं मिल पाएगी और उनका विकास अवरुद्ध हो जाएगा। इस बिल्डिंग में किसानो को बांटी जाने वाली सरकारी खादों व बीजों का भंडारण किया जाता है, जिन दुकानों कमरों में खाद बीज रखे जाते हैं उनकी भी स्थिति दयनीय है। इस सोसाइटी में नियुक्त कृषि मित्र ने बताया कि इस टूटी सटर से अक्सर गेहूं धान चोरी चला जाता है। बिल्डिंग मरम्मत के लिए सचिव मानसिंह यादव ने कई बार उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र लिखा लेकिन अभी तक मरम्मत के लिए बजट प्राप्त नहीं हुआ। जिससे इसका जीर्णोद्धार कराया जा सके।


जर्जर सोसाइटी भवन। अमृत विचार

- यहीं पर किसान लेने आते हैं खाद-बीज

# प्रतिबंध के बाद भी खुलेआम मछलियों का शिकार

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** यमुना नदी में मछली के शिकार पर प्रतिबंध के बावजूद थाने से चंद कदम की दूरी पर खुलेआम मछलियों का शिकार किया जा रहा है। वहीं से मछलियों के भरे वाहन भी निकलते हैं। बावजूद इसके प्रसाशन रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।

जिलाधिकारी ने 1 जून से लेकर 30 सितंबर तक प्रजनन काल होने के कारण मछली पकड़ने और शिकार पर रोक लगा रखी है। इन सब के बावजूद यमुना के घाटों में धड़ल्ले से मछलियों का शिकार किया जा रहा है। हास्यास्पद तो यह है कि यमुना के उस पार बांदा की दांदो पुलिस चौकी और इधर किशनपुर थाना है। दोनों छोर पर 24 घण्टे लगातार पुलिस की आवाजाही भी बनी रहती है। किसी की नजर इस ओर नहीं पड़ती है।


खुलेआम मछलियों का किया जा रहा शिकार। अमृत विचार

### मछलियों के शिकार से यमुना में बढ़ा प्रदूषण

जून से लेकर सितंबर तक मछिलयों की प्रजनन क्रिया से लेकर बच्चों को जन्म देने की प्रक्रिया चलती है। ऐसे में शिकार करने से नदियों में मछलियों का जीवन संकट में पड़ जाता है। इस समय होने वाले शिकार का असर पूरे साल रहता है और मछलियों की संख्या कम होती जाती है। पिछले कुछ सालों में नदियों में मछलियों की संख्या लगातार कम होने की बड़ी बजह यही है। जिससे नदियों में प्रदूषण हर दिन बढ़ता जा रहा है। इसी तरह यमुना में प्रदूषण बढ़ने को लेकर एक सर्वे किया गया था। जिसमे रिपोर्ट आयी थी कि मछलियों के शिकार के चलते यमुना में प्रदूषण बढ़ा है। इसके बाद से लगातार इन महीनो में मछलियों के शिकार पर रोक लगी हुई है। इन सबके बावजूद यमुना में मछलियों का शिकार बदस्तूर जारी है।

### आसपास के ही लोग पकड़ते हैं मछली

इस बारे में किशनपुर थानाध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने बताया कि जो लोग मछली का शिकार करने आते हैं, वह लोग यमुना कटरी के लोग हैं। लोकल होने के कारण इनको रोक पाना मुश्किल है। फिर भी प्रयास किए जा रहे हैं कि शिकार पर रोक लगे।

### खुलेआम वाहनों में होती है मछलियों की लोडिंग

जहां एक तरफ पुल से निकलने वाले वाहनों पर आने जाने वाले लोगों की चेकिंग पुलिस करती है और चालान भी करती है। वहीं दूसरी तरफ मछली लदे वाहनों को देखकर पुलिसकर्मी अपना मुंह मोड़ लेते हैं। सूत्र बताते हैं कि दांदों घाट की तरफ रेत में छोटी सी झोपड़ी बनी है, उसी में खरीदारी होती है। मड़ौली से एकडला तक शिकार होता है। रोक के बावजूद भी यहां शिकारी बेखौफ होकर मछलियों का शिकार कर रहे हैं।

### प्रशासन पर भारी मछली माफिया

यमुना में मछलियों का शिकार पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बाद भी साल भर मछलियों का शिकार बदस्तूर जारी रहता है। मछली माफियाओं का तंत्र इतना मजबूत है कि तमाम कोशिशों के बाद भी इन पर आज तक कोई रोक नहीं लग पाई है। क्षेत्रीय थाने से लेकर हर स्तर पर इनकी अपनी पैठ है। इसके चलते यमुना नदी हो या यमुना का कोई भी किनारा हो, मछलियों का शिकार लगातार साल भर बिना किसी रुकावट के जारी रहता है।

# बिजली कटौती ने छीना सुकून, ट्रिपिंग-फाल्ट बढ़े

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** उमस भरी गर्मी के बीच शहर सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान हैं। बिजली की आंख मिचौली की समस्या ने लोगों का सुकून छीन लिया है।

पिछले कई दिन से शहर के किसी भी फीडर को पूरी सप्लाई नहीं मिल रही है। इस कारण उमस भरी गर्मी में लोगों का हाल-बेहाल है। हालत यह है कि फाल्टों के नाम पर बिजली की काफी देर तक कटौती की जाती है। सबसे ज्यादा दिक्कत लोगों को रात के समय होती है। रात में बिजली की आंख मिचौली के चलते लोगों की नींद उड़ी रहती है। शहर के राधानगर उपकेन्द्र, आबूनगर उपकेन्द्र, हरिहरगंज उपकेन्द्र समेत अन्य बिजली स्टेशनों का यही हाल है। जरा ही बारिश हो जाए तो फाल्ट हो जाती है। फिर उसे ठीक करने के लिए घंटों पूरे फीडर का शट डाउन कर दिया जाता है। जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी में परेशान हाना पड़ता है। गुरुवार की रात में कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति का रोना रहा। शादीपुर, श्यामनगर, राधानगर नई बस्ती समेत अन्य मोहल्लों के लोगों ने बताया कि बिजली व्यवस्था बेपटरी है। बिजली आपूर्ति में बाधा से सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# तीन मामलों में तीन को न्यायालय ने सुनाई सजा

- सजा के साथ दोषियों पर लगाया अर्थदंड
- गवाहों व सुबूतों के आधार कोर्ट ने सुनाया फैसला

संवाददाता, फ़तेहपुर

**अमृत विचार।** जिला न्यायालय की अलग अलग बेंचो की अदालत ने अलग अलग मामलों में तीन अभियुक्तों को कारावास समेत अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

जिला न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने दफा 25 के एक मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त अमर बहादुर सिंह पुत्र सरदार सिंह निवासी ग्राम खासमऊ कोतवाली खागा को गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि समेत एक हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियुक्त के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने बीते वर्ष 2007-08 में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जो कि जेल जाने के कुछ माह बाद जमानत पर रिहा हो गया था। लेकिन मुकद्दमा अदालत में विचाराधीन था। अभियुक्त के खिलाफ शासकीय अधिवक्ता योगेश सागर ने दलीलें व गवाहों के बयान, सबूत पेश किये। इसी क्रम में एसीजेएम कोर्ट नम्बर दो की अदालत ने दफा 25 के एक अन्य मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर अभियुक्त जगरूप पुत्र गजराज निवासी ग्राम मदरियापुर सदर कोतवाली को दोषी करार देते हुए 06 माह के साधारण कारावास समेत 500 रुपये अर्थदण्ड अदायगी की सजा सुनाई है।

अभियुक्त के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने वर्ष 1997 में दफा 25 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जो कि कुछ माह बाद जमानत पर जेल से रिहा हो गया था। मुकद्दमा अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को न्यायालय ने मामले पर अंतिम सुनवाई की। अभियुक्त के खिलाफ शासकीय अधिवक्ता कामेश्वर प्रसाद ने गवाहों के बयान सबूत व दलीलें पेश किये। इसी प्रकार जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अदालत ने एक आपराधिक मुकदमे की अंतिम सुनवाई करते हुए अभियुक्त राम औतार पुत्र राम प्रसाद निवासी घाटमपुर थाना घाटमपुर कानपुर नगर को गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर दोषी करार देते हुए 3500 रुपये के अर्थदण्ड अदायगी की सजा सुनाई है। अभियुक्त के खिलाफ स्थानीय सदर कोतवाली ने वर्ष 2014-15 में मुकद्दमा दर्ज किया था। तब से मुकद्दमा अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश की अदालत ने मामले की अंतिम सुनवाई की। अभियुक्त के खिलाफ शासकीय अधिवक्ता योगेश सागर ने गवाहों के बयान सबूत व दलीलें पेश किया।



# बिजली गिरने से किसान की मौत

- किशनपुर क्षेत्र के रारी गांव में दो लोग झुलसे

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर घोष थाना व कस्बे निवासी रामपाल पुत्र स्व झूरीलाल खेतों में काम कर रहा था। तभी तेज गरज चमक के साथ गिरी बिजली से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। पड़ोसी किसानों ने हादसे की खबर म्रतक के स्वजनों को दी। स्वजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव के 65 वर्षीय रामस्वरूप पासवान और 15 वर्षीय बेटू पासवान महोलीहार में जानवर चरा रहे थे। बारिश के दौरान एक पेड़ के नीचे छुप गए। तभी बगल में बिजली गिरने से दोनों बुरी तरह से झुलस गए। रामस्वरूप भर्ती है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अब भी जिंदा | शहर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती, डॉक्टर भी हैरान

# 40 दिन में युवक को सातवीं बार सर्प ने डसा

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सांप ने 40 दिन के अंदर एक शख्स को सात बार काटा लेकिन अब भी वह जिंदा है लेकिन सातवीं बार जब सांप ने युवक को काटा तो उसकी हालत नाजुक हो गई। उसे शहर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में इलाज हो रहा है।

सर्पदंश से पीड़ित 24 वर्षीय विकास द्विवेदी मलवां थाना क्षेत्र के सौरा गांव का रहने वाला है, जिसे 40 दिनों के अंदर सांप ने 7वीं बार काट लिया। युवक व परिजनों के मुताबिक हर बार सांप के काटने के पहले उसे खतरे का आभास भी हो जाता है। उसे शनिवार और रविवार के दिन ही सांप ने काटा है। भयभीत होकर वह रिश्तेदारी में भी गया लेकिन सर्प पीछा नहीं छोड़ रहा है। इलाज कर रहे डॉ. जवाहर लाल के अनुसार हालत चिंताजनक बनी हुई है।

12 से 24 घंटे बाद कुछ बता पाना मुमकिन होगा। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हैं। पीड़ित युवक को जब छठवीं बार सांप ने काटा था तो उसने नया खुलासा किया था कि मुझे सांप ने तीसरी बार काटा था। उसी रात वही सांप मेरे सपने में भी आया था और मुझसे बोला था कि मैं तुझे नौ बार काटूंगा लेकिन आठवीं बार तक तो तू बच जाएगा, लेकिन नौंवी बार तूझे कोई नहीं बचा पायेगा और तुझे अपने साथ ले जाऊंगा। सांप ने उसे हमेशा शनिवार और रविवार को ही डसा है। पीड़ित के चाचा ने बताया कि इस बार शनिवार को बाला जी जाने की चर्चा की गई थी लेकिन सर्प ने 7वीं बार बृहस्पतिवार की रात को ही डस लिया।


प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराता विकास द्विवेदी। अमृत विचार

### इसी अस्पताल में हुआ छह बार इलाज

युवक का पहले भी 6 बार इसी अस्पताल में इलाज किया गया था और 7वीं बार भी यहीं इलाज चल रहा है। युवक को घर से बाहर रिश्तेदारी में रखा गया लेकिन वहां भी उसे सर्प डस लेता है। अब विकास दुबेका परिवार सरकार से मदद की गुहार लगा रहा है। 7वीं बार घटना होने से परिजन खासा चिंतित हैं।

### जांच के लिए डॉक्टरों की टीम गठित

24 साल के विकास को बार-बार सांप काटने के मामले में शासन के हस्ताक्षेप पर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। सीएमओ डा. राजीव नयर गिरि ने बताया कि डिप्टी सीएमओ स्तर के चार डाक्टरों की टीम गठित की गई है। टीम पूरे मामले की जांच कर 48 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

# जेवर-नकदी समेत लाखों का सामान चोरों ने किया पार

- सीढ़ी लगाकर घर की छत से अंदर दाखिल हुए चोर

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बकेवर थाना क्षेत्र के सकूराबाद गांव के एक घर मे सीढ़ी लगाकर घुसे अज्ञात बदमाशों ने घर के अंदर कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़ नगदी, जेवरातों समेत कीमती सामान पार कर दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

सकूराबाद गांव निवासी प्रभु दयाल केवट के घर मे सीढ़ी लगाकर घर के अंदर दाखिल हुए अज्ञात चोरों ने कमरों के ताले तोड़ रखी आलमारी से कीमती जेवरातों समेत नगदी व सामान को पार कर दिया। वारदात के वक्त घर मालिक की पत्नी सावित्री देवी बच्चो के साथ घर के बाहर बने बरामदे में सो रही थी। सुबह नींद खुलने पर घर के अंदर जाने पर कमरों व आलमारी के खुले दरवाजे आलमारी में रखी नगदी, जेवरात को गायब देखकर गृह स्वामिनी स्तब्ध रह गई। भुक्तभोगिनी की माने तो इस दौरान चोरों ने 45 हजार की नगदी समेत लगभग डेढ़ लाख के जेवरात व सामान को पार कर दिया।

भुक्तभोगिनी ग्रह स्वामिनी सावित्री देवी ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस को देकर घटना के खुलासे की गुहार लगाई है। तहरीर के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की सुरागरशी में जुट गई है। थानाध्यक्ष कांति सिंह ने कहा कि शीघ्र ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।


# पौने तीन किलोमीटर की सड़क को बनने में लगेंगे छह महीने

## नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ-29 योजना के तहत 11 मार्च से बन रही है सड़क

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिस मार्ग का समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने 11 जुलाई को निरीक्षण कर गुणवत्ता खराब होने की बात कही है, वह छह महीने में बनकर तैयार होगी। 11 मार्च से शुरू हुआ कार्य 10 सितंबर को पूरा हो सकेगा जबकि लंबाई करीब पौने तीन किमी की ही है।

दरअसल, मंत्री के निरीक्षण के बाद कुछ लोगों ने यह मामला सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पीडब्ल्यूडी को टैग कर पोस्ट कर दिया। उसके बाद लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड ने विभागीय आख्या लगाकर निस्तारण किया है। इसमें कहा है कि मंत्री ने दबक यानि अंडुलेशन को ठीक करने व अन्य कमियों के सुधार हो जाने के बाद ही ठेकेदार को भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। डीएम से जांच कराने


विषयगत प्रकरण में अवगत कराना है कि दिनांक 11.07.2024 को श्री असीम अरुण जी, मा0 मंत्री समाज कल्याण (स्व0प्र0) द्वारा पाण्डेयपुर्वा से मूसरि मार्ग का निरीक्षण किया गया। जिसमें मार्ग में अण्डुलेशन को ठीक करने एवं अन्य कमियों के सुधार हो जाने के पश्चात ही ठेकेदार को भुगतान करने के निर्देश दिये गये तथा जिलाधिकारी महोदय से जाँच कराये जाने के निर्देश दिये गये है।
यह मार्ग पाण्डेयपुर्वा से मूसरि सम्पर्क मार्ग नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0-29 योजनान्तर्गत 2790 मी0 लम्बाई में स्वीकृत है। उक्त मार्ग पर नव निर्माण का कार्य अनुबन्ध सं0 [illegible] 2023-24 दिनांक 11.03.2024 के अन्तर्गत मेसर्स अनमोल ट्रेडर्स द्वारा सम्पादित कराया जा रहा है। अनुबन्ध के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 11.03.2024 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 10.09.2024 है। वर्तमान में लगभग 1200 मी0 लम्बाई में पी0सी0 एवं सीलकोट का कार्य तथा 150 मी0 लम्बाई में सी0सी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मार्ग पर पी0सी0 का कार्य मैनुअल कराया जाना प्राविधानित है एवं वर्तमान में स्थानान्तरित पुलिया की पूर्व जगह पर दबक (अण्डुलेशन) हो गये है जिसे शीघ्र ही ठीक करा दिया जायेगा। पुलिया को स्थानान्तरित किये जाने के कारण कुछ ग्रामीणों में रोष है। विगत दिनों हुई भारी वर्षा के कारण कतिपय स्थानों पर रैन कट हो गये है जिस कारण कुछ स्थानों पर पी0सी0 क्षतिग्रस्त हो गई है। मार्ग पर कटान भराई का

एक्सईएन ने शिकायत निस्तारण में लगाई आख्या। अमृत विचार


धांधली : दो करोड़ रुपये से बन रही सड़क, दो महीने भी नहीं चल सकी
निर्माण पूरा होने से पहले ही जगह-जगह उखड़ रही, समाज कल्याण मंत्री ने भुगतान रोका

12 जुलाई को प्रकाशित खबर।

की बात भी आख्या में है। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि पांडेयपुर्वा से मूसरि संपर्क मार्ग नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ-29 योजना के तहत कुल 2790 मीटर लंबाई का स्वीकृत हुआ है। 11 मार्च के अनुबंध के तहत मेसर्स अनमोल ट्रेडर्स की ओर से कार्य चल रहा है जिसको 10 सितंबर तक पूरा करना है। वर्तमान में करीब 1200 मीटर लंबाई में पीसी व सीलकोट का कार्य हो गया है। 150 मीटर लंबाई में सीसी का कार्य हो चुका है। मार्ग पर पीसी का कार्य मैनुअल कराया जाना है।

### पहले करते रहे इंकार, अब कर लिया इकरार...

समाज कल्याण मंत्री के मौके पर पहुंचने से पहले जिले से अधिकारी व कुछ अभियंताओं की टीम ने सड़क का निरीक्षण किया था। इसमें पीडब्ल्यूडी के अलावा डीआरडीए व आरईडी के भी सहायक अभियंता व अवर अभियंता शामिल थे। उस दौरान अधिकारी ने ठेकेदार व कार्यदायी संस्था को क्लीनचिट दे दी थी। इससे कई सवाल खड़े हो गए थे। इसका लेकर आपके अपने लोकप्रिय अमृत विचार समाचार पत्र ने 12 जुलाई के अंक में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया। मंत्री की नाराजगी सामने आने के बाद अब लोक निर्माण विभाग ने अपनी कुछ कमियां स्वीकार की हैं, जिसका जिक्र निस्तारण रिपोर्ट में है। अधिशाषी अभियंता ने कहा है कि वर्तमान में पुलिया बदल जाने की वजह से पुरानी जगह पर दबक हो गया है, जिसे शीर्ष ही ठीक करा दिया जाएगा। पुलिया को बदलने के कारण कुछ ग्रामीणों में नाराजगी है। बीते दिनों हुई बारिश के कारण कुछ स्थानों पर कट हो गए हैं जिससे कुछ स्थानों पर पीसी क्षतिग्रस्त हो गई है। मार्ग पर कटान भराई का कार्य करा दिया गया है और मौसम सही होने पर क्षतिग्रस्त पीसी की मरम्मत करा दी जाएगी।

- मेसर्स अनमोल ट्रेडर्स करा रहा है पांडेयपुर्वा से मूसरि संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य

## बीमारी से तंग महिला ने ट्रेन से कटकर दी जान

**कन्नौज।** शहर से तीन किलोमीटर दूर जलालपुर पनवारा रेलवे स्टेशन के पास एक महिला का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को उठाकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। शुक्रवार सुबह तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसपुर सरैया निवासी रामऔतार कनौजिया पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और उन्होंने शव की शिनाख्त पत्नी मुन्नी देवी के रूप में की। उन्होंने बताया कि पत्नी मानसिक रूप से पिछले कई सालों से बीमार थी। काफी इलाज कराया लेकिन आराम नहीं मिला। इससे वह परेशान रहती थी और अक्सर जान देने की बात करती थी। गुरुवार को जब वह खेतों में काम करने लगे तो उनकी पत्नी चुपचाप घर से निकल आईं। शाम को जब खेत से लौटे तो वह घर में नहीं मिली। काफी खोजबीन करने पर भी पता नहीं चला। सुबह पुलिस ने एक महिला का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की जानकारी दी, तब उन्होंने शिनाख्त की। परिजन शव को लेकर गांव चले गए।

# हादसा : बैक हो रही ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचल कर बालिका की मौत

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

- मातम में बदली खुशियां, बुआ की आई है बारात
- गुस्साए परिजनों ने किया ट्रैक्टर ट्रॉली का घेराव

**अमृत विचार।** बैक हो रहे ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बालिका की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। गुस्साए परिजनों ने ट्रैक्टर ट्रॉली को घेर लिया। सूचना पर पहुंचे प्रशिक्षु सीओ ने परिजनों को समझाबुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


आलिया।

ग्राम खबरामऊ निवासी मोहम्मद अली की पुत्री आलिया (05) शुक्रवार की सुबह घर के सामने सड़क किनारे खड़ी थी। तभी चालक ट्रैक्टर ट्रॉली को बैक करने लगा। इससे ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे खड़ी बालिका उसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी से परिजनों में चीख पुकार मच गई। गुस्साए परिजनों ने ट्रैक्टर ट्रॉली का घेराव कर लिया। घटना के बाद चालक




ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे प्रशिक्षु सीओ कपूर कुमार ने आक्रोशित परिजनों को समझाबुझाकर शांत कराया ओर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका के पिता ने ट्रैक्टर ट्रॉली मालिक व उसके पुत्र के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रोती बिखती मां सरीला बेगम ने बताया कि मृतका दो भाई तहसीम, तहजीम व बहन शमा बानो में सबसे छोटी थी। बताया कि मृतका की बुआ खुशबू की शुक्रवार को कासगंज के दरियागंज से बारात आई है। लेकिन बालिका की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। प्रशिक्षु सीओ कपूर कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### कार की टक्कर से टेंपो सवार 8 घायल, 5 गंभीर

**तिर्वा, कन्नौज।** शुक्रवार को थाना ठठिया के पलटेपुर्वा गांव के पास एक अनियंत्रित कार ने तिर्वा की ओर जा रहे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेंपो सवार आठ लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल उन्नाव जनपद के मन्नानगरी फतेपुर निवासी राजीव पुत्र रमाकांत, जमुना पत्नी लल्लू, तान्या पुत्री अमर सिंह, बिदेंश्वरी पत्नी बद्री, राधा पत्नी टेलर को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इससे पहले घटना में घायल पूजा पत्नी शेरू निवासी गांव शिकवापुर ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया। इस पर एंबुलेंस लेकर पहुंचे ईएमटी अंकित और पायलट रामसजीवन ने घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

## जनपद के 8 शातिर अपराधी 'हिस्ट्रीशीटर' में सूचीबद्ध

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पुलिस अधीक्षक ने सभी की निगरानी के दिए आदेश, कहा-सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे

**अमृत विचार।** जनपद के आठ शातिर किस्म के अपराधियों को उनके आपराधिक इतिहास के आधार पर 'हिस्ट्रीशीटर' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी हिस्ट्रीशीटर बाहर नहीं रहेगा और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जिले के आठ शातिर अपराधियों को 'हिस्ट्रीशीटर' की सूची में शामिल किया है। ये सभी लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय हैं और इसके माध्यम से ही धनोपार्जन कर रहे हैं। इससे आमजनमानस में इनका भय व आतंक है। थानाध्यक्ष व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने इनकी हिस्ट्रीशीट खोलकर नामित किया, जिसका एसपी ने अनुमोदन किया है। इनमें छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कसावा निवासी अश्वनी उर्फ अजय पुत्र राधेश्याम, रामनगर गिहार बस्ती निवासी अर्जुन पुत्र वीरे गिहार, ककरैया मोहल्ला निवासी छोटू नट पुत्र महेश नट, आंबेडकर नगर छिबरामऊ निवासी देवकांत पुत्र राधाकृष्ण, सकरावा थाना क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर निवासी चंदन प्रजापति पुत्र शिवराम, कस्बा तालग्राम निवासी सुलेमान पुत्र फूल मोहम्मद, तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बिरियाहार अनथरा निवासी विजय पुत्र ओमकार तथा उसका भाई अजय उर्फ भद्दू पुत्र ओमकार को हिस्ट्रीशीटर की सूची में शामिल किया गया है।

# दलित उत्पीड़न में दबंग युवक को चार साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश ने सुनाई सजा, लगाया 13 हजार रुपये जुर्माना
- कोर्ट ने पीड़ित को 11 हजार देने के दिए आदेश, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल

**अमृत विचार।** पट्टे की जमीन पर कब्जा कर दलित के साथ मारपीट करने वाले दबंग युवक को चार साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उस पर 13 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसमें से 11 हजार रुपये पीड़ित को दिए जाएंगे। जुर्माने की रकम अदा न करने पर दोष सिद्ध अपराधी को जेल में तीन माह का अतिरिक्त समय बिताना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता यतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि तीन अप्रैल 2017 को तिर्वा कोतवाली में ग्राम किनौरा निवासी रघुनाथ पुत्र दयाचंद्र ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसे पट्टे पर जमीन मिली है, जिस पर उसका कब्जा है और नींव भी भरी है। 28 मार्च 2017 को दिन



के साढ़े 12 बजे शुक्ला कॉलोनी तिर्वा निवासी विवेक उर्फ विक्की शुक्ला, संदीप शुक्ला व दीपू शुक्ला पुत्र गोपालचंद्र शुक्ला उसकी जमीन पर कब्जा करने लगे। जब रघुनाथ ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर गालीगलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद जातिसूचक गालियां दीं। इससे पहले भी आरोपी कई बार पट्टे की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर चुके हैं और उसमें लगाए गए पौधों को तोड़कर नष्ट कर दिया था। पुलिस ने दलित उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया। विवेचना करते हुए तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबरीश सिंह भदौरिया ने 19 मार्च 2018 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से पांच गवाह पेश किए गए। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) हरिप्रसाद ने विवेक उर्फ विक्की शुक्ला को दोष सिद्ध करते हुए मारपीट, गालीगलौज व जान से मारने की धमकी में एक-एक वर्ष की कैद व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है तथा एससी-एसटी एक्ट में चार वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी है। सभी सजा एक साथ चलेंगी। इसमें जेल में बितायी अवधि समायोजित होगी।

## सिपाही नहीं दे सके क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसपी ने कई थानों के सिपाहियों को बुलाकर देखी बीट बुक

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक ने जिले के कई थानों के सिपाहियों को बुलाकर बीट से संबंधित जानकारी ली और बीट बुक का अवलोकन किया। कई सिपाही अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी नहीं दे सके, जिस पर उन्हें फटकार लगाई गई। वहीं, सौरिख थाने के हेड कांस्टेबल की बीट बुक सही पाए जाने पर पुरस्कृत किया।

शुक्रवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने जिले के सभी थानों से एक-एक आरक्षियों को कार्यालय पर बुलाया और उनकी बीट बुक का अवलोकन किया। एसपी ने सिपाहियों से क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों, गुंडों और दोष सिद्ध अपराधियों के बारे में जानकारी की तो कई सिपाही सही जानकारी नहीं दे सके। उन्होंने क्षेत्र के पांच संभ्रांत नागरिकों तथा पुलिस मित्र के बारे में जानकारी


हेड कांस्टेबल को पुरस्कृत करते एसपी अमित कुमार आनंद। अमृत विचार

ली, तो वह भी नहीं बता सके। वहीं, सौरिख थाने के हेड कांस्टेबल दौलतराम ने सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए और उनकी बीट बुक में सभी प्रविष्टियां भी सही मिलीं। एसपी ने हेड कांस्टेबल को 500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। अन्य सभी सिपाहियों को नियमित रूप से बीटों में भ्रमण करने के निर्देश दिए और सभी जानकारी बीट बुक में अंकित करने के लिए कहा।

## सड़क हादसों में 5 लोग घायल

**छिबरामऊ।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार दंपति, दो बच्चों सहित 5 लोग घायल हो गए। सभी को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। छिबरामऊ विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर निवासी राहुल पुत्र प्रभु दयाल जाटव पत्नी मोहिनी तथा दो बच्चों आयुष व वैष्णवी को साथ लेकर बाइक से ग्राम जगतपुर गए थे। वहां से वापस आते समय नगर के पूर्वी बाईपास स्थित पापा होटल के पास एक तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर लगने से दंपति सहित दोनों बच्चे घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान राहुल की हालत गंभीर देख तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना में इंदरगढ़ थाना के ग्राम जगतपुर निवासी सुनीता देवी पत्नी राकेश कुमार घायल हो गई।

# घर के सामने से हटे एचटी-एलटी लाइन

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** घर के सामने झूल रही जर्जर एचटी-एलटी लाइन से लोगों को हादसे का डर सता रहा है। इसे लेकर भाकियू लोकशक्ति ने विद्युत उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर एसडीओ को ज्ञापन देकर निस्तारण की मांग की।
संगठन के प्रदेश सचिव कय्यूम खान के नेतृत्व में शुक्रवार की दोपहर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विद्युत उपखंड कार्यालय में धरना दिया। एसडीओ ब्रजेश कुमार सिरोही को सौंपे ज्ञापन में बताया कि ग्राम जलालाबाद स्थित


एसडीओ को ज्ञापन सौंपते भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी। अमृत विचार

स्व. रामदर्शनी के घर के सामने से एचटी एलटी लाइन जर्जर हालत में है। तार टूटकर गिरने से आए दिन हादसे का डर रहता है। एसडीओ ने कर्मियों को लाइन दुरूस्त करने के निर्देश दिए। हाशिम अली, मकबूल अहमद, पिंकी तिवारी, सलमान, राशिद, पिंकी राजपूत, धनदेवी रहे।

## पोल पर करंट उतरने से मरा मवेशी

**तालग्राम।** तालग्राम देहात के ग्राम कलकत्तापुर्वा निवासी भूप सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह बिजली के खंबे के पास से उसकी भैंस गुजर रही थी। खंबे में ही अर्थिंग का तार भी लिपटा था। उसके करंट की चपेट में आने से भैंस झुलस गई। इसकी सूचना बिजली विभाग के कर्मियों को दी गई लेकिन लाइन कटने से पहले ही भैंस की मौत हो गई। बताया कि भैंस की कीमत लगभग 80 हजार रुपये थी। पीड़ित ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विकराल सिंह ने भैंस का पोस्टमार्टम कराया।

# महानिदेशक के फरमान पर स्कूलों में पहुंचे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के फरमान पर जिले के कई बीईओ व डीसी परिषदीय स्कूलों में पहुंचे। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं की हाजिरी देखी। टैबलेट में चलने वाले एप को भी जांचा। छात्र संख्या व एमडीएम पर भी जानकारी की। अध्यापकों से कहा गया कि 12 तरह के रजिस्टर पर काम ऑनलाइन यानि डिजिटल शुरू कर दें। इससे कई फायदे हैं।

शुक्रवार को जिले के आठों ब्लॉक क्षेत्र में जाने के निर्देश दिए गए थे। उसी के तहत अधिकारी व जिला


प्राथमिक स्कूल छंगेपुर्वा में टैबलेट देखते डीसी एमआईसी विश्वनाथ शर्मा।

समन्वयक प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में पहुंचे। 1200 स्कूलों में 2291 टैबलेट व सिमकार्ड अध्यापकों को दिए गए हैं। प्रभारी बीएसए विपिन कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर स्कूलों में पहुंचकर टैबलेट ऑन कराए गए। एमडीएम व छात्रों की डिटेल भरने के निर्देश दिए गए। सुबह साढ़े सात से साढ़े 10 बजे तक निरीक्षण किए गए। उन्होंने बताया कि पूरी रिपोर्ट एकत्र हो रही है। अधिकारियों ने शिक्षकों को मोटीवेट किया है। दिक्कत होने पर हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने को कहा गया है। जरूरत पड़ने पर टैबलेट को चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### एडी बेसिक कानपुर ने भी देखे स्कूल

कानपुर से आए एडी बेसिक राजेश वर्मा ने भी 11 जुलाई को बीआरसी सौरिख का निरीक्षण किया था। इसके साथ ही प्राथमिक स्कूल डडुअन नगला समेत दो विद्यालयों का भी हाल देखा। बताया गया है कि स्कूलों में छात्र संख्या कम मिली है। साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं।

### चार शिक्षकों ने लगाई हाजिरी

जिलेभर में शुक्रवार को परिषदीय स्कूलों के महज चार अध्यापकों ने ही ऑनलाइन हाजिरी भरी। सुबह तो पोर्टल की जानकारी हो गई लेकिन दोपहर में संख्या पता नहीं हो सकी।

**आक्रोश** साथियों की हालत बिगड़ने पर इलाज को पहुंचे थे पूर्व ब्लाक प्रमुख

# सीएचसी में ताला देख भड़के सपाइयों ने दिया धरना


सीएचसी के बाहर धरने पर बैठे पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव व सपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो साथियों की हालत बिगड़ी तो इलाज के लिए अस्पताल की याद आई। इस पर पूर्व ब्लाक प्रमुख व वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। यहां ताला लटका था और कोई स्टाफ मौजूद नहीं थी। इससे भड़के सपाइयों ने वहीं बैठकर धरना शुरू कर दिया। सरकार से व्यवस्था सुधारने की मांग की।

शुक्रवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख साथियों के साथ उमर्दा गए हुए थे। वहां उनके दो साथियों की हालत कुछ बिगडती दिखाई दी। इस पर दोपहर बाद करीब तीन बजे वे उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे लेकिन वहां कोई स्टाफ नहीं था और अस्पताल में ताला पड़ा है। इससे गुस्साए सपाइयों ने सीएचसी गेट पर धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मांग की कि आपातकालीन सेवाएं चौबीस घंटे खुलने के आदेश के बाद भी बंद हैं। कहा कि कसबे की सीएचसी से किसी को लाभ नहीं मिल पा रहा। छोटी-छोटी बीमारी के लिए आम लोगों को निजी अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मांग की कि अस्पताल की इमरजेंसी समेत सभी सुविधाओं को शुरू कराया जाए। अगर ऐसा नहीं होता तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे चिकित्साधीक्षक डॉ. राजन शर्मा ने समझा बुझाकर शांत कराया। बताया कि सीएचसी की इमारत अभी हैंडओवर नहीं है। इसलिए व्यवस्था बिगड़ी है। उन्होंने सीएमओ को पत्र लिखा है।

### आज कायाकल्प टीम पहुंचेगी सौ शैय्या अस्पताल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल में शनिवार को कायाकल्प योजना के तहत लखनऊ की टीम द्वारा पियर असेसमेंट किया जाना है। इसको लेकर अस्पताल प्रशासन सभी खामियों को दुरुस्त कराने की कवायद में जुटा हुआ है। शुक्रवार को सौ शैय्या अस्पताल के सीएमएस डॉ. सुनील कुमार सिंह ने प्रशासनिक अधिकारी चिकित्साधिकारी डॉ. शोभित भारद्वाज के साथ महिला ओटी के अलावा कई अन्य वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमएस ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत 13 जुलाई को पियर असेसमेंट होना है। इसको लेकर सभी तैयारियां की जा रही है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते सीएमएस। अमृत विचार

## युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम निवासी युवती ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे खेत पर कृषि कार्य कर रही थी। तभी गांव के छह लोगों ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे व उसके भाई को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज जिला न्यायालय समेत जनपद के सभी बाह्य न्यायालयों में किया जाएगा, जिसमें संदर्भित मुकदमों का निस्तारण किया जाएगा। शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार ने न्यायालय परिसर में तैयारियों का निरीक्षण किया तथा सभी न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# दुष्कर्म पीड़िता ने पीया टॉयलेट क्लीनर, गंभीर

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- दुष्कर्म के बाद लोकलज्जा के भय से उठाया कदम

**अमृत विचार।** दुष्कर्म के बाद समाज के भय से पीड़िता ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

थाना ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी युवती 9 जुलाई की शाम को अपने घर पर अकेले थी। उसके परिजन खेतों पर गए थे। उसी समय उसके अकेले होने का फायदा उठाकर खानपुर गांव निवासी प्रदीप यादव पुत्र अमर सिंह उसके घर में घुस गया। उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। दुष्कर्म के बाद सामाजिक लोकलाज के भय से पीड़िता ने 11 जुलाई को घर में रखा टॉयलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवती की हालत बिगड़ती देखकर परिजनों ने आनन फानन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पीड़िता के परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बयान दर्ज करते हुए उसके पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। घटना दर्ज होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजने साथ पीड़िता को डाक्टरी परीक्षण हेतु भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि 11 जुलाई को ठठिया थाना क्षेत्र में युवती से रेप और उसके बाद पीड़िता द्वारा टॉयलेट क्लीनर पीकर जान देने की कोशिश की सूचना मिली थी। पीड़िता को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां अब वह खतरे से बाहर है। रिपोर्ट के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक नजर

### भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी आजाद समाज पार्टी

**गुरसहायगंज।** शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के द्वारा शुक्रवार को नगर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पदाधिकारियों विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का दम भरा। समीक्षा बैठक में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव आलोक यादव ने कहा कि विधान सभा चुनाव की तैयारियां अभी से शुरू कर दें। मण्डल अध्यक्ष धीरेन्द्र कबीर ने बूथ कमेटियों का गठन कर संगठन के विस्तार की बात कही। मंडल उपाध्यक्ष छविराम जाटव ने कहा कि बहुजन समाज ने सांसद चन्द्रशेखर आजाद की लोकप्रियता को बढ़ाकर खुद को मजबूत किया है। वर्तमान सरकार बहुजन समाज का उत्पीड़न कर रही है। इस दौरान विजय गिहार, प्रभात गौतम, वीरू खरे, धर्मेन्द्र कठेरिया, जितेन्द्र संदीप, अजीत, रजनीकांत, अखिलेश कबीर, योगेंद्र गौतम, सर्वेश गिहार, शिव कुमार कठेरिया, नेम सिंह, धीरज, ओमनरायण आदि मौजूद रहे।

### अरुण यादव बने विधिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज के निर्देश पर एडवोकेट अरुण यादव को प्रदेश अध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ के पद पर मनोनीत किया गया। शुक्रवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह के आवास पर हुई बैठक में गुरसहायगंज के यादव नगर निवासी प्रदेश प्रवक्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है इसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाते हुए किसानों की आवाज बुलंद करेंगे।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में संकुल पद से दिए त्यागपत्र

## बढ़ती जा रही है नाराजगी, ब्लॉक सदर क्षेत्र के 13 शिक्षकों ने सामूहिक रूप से भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में ऑनलाइन हाजिरी को लेकर परिषदीय स्कूलों के अध्यापकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के 13 शिक्षकों ने सामूहिक रूप से संकुल पद से त्याग पत्र दे दिया। कहा, वह ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते हैं।

दरअसल, आठ जुलाई से कन्नौज समेत पूरे प्रदेश में परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी पर जोर दिया जा रहा है। 15 जुलाई से 12 तरह के रजिस्टर डिजिटल करने का भी आदेश है। इसी में शिक्षक व बच्चों की भी उपस्थिति शामिल है। शुक्रवार को 13 संकुलों ने अपने पद से त्याग पत्र देकर एकजुटता का संदेश दिया है। कहा जा रहा है कि डिजिटल हाजिरी स्वीकार करने के लिए अध्यापक कतई राजी नहीं हैं। बीईओ सदर को भेजे त्याग पत्र में शिक्षकों ने कहा है कि बीते दो साल से अधिक समय से वह संकुल शिक्षक के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में अब त्याग पत्र दे रहे हैं।

प्रभारी बीएसए व बीईओ सदर विपिन कुमार ने बताया कि व्हाट्सएप पर सामूहिक रूप से शिक्षकों ने संकुल से इस्तीफा देने का पत्र प्राप्त हुआ है। अब तक उनको रिसीव नहीं कराया गया है। हार्डकॉपी मिलने के बाद ही आगे की प्रक्रिया होगी।

**इन संकुलों ने दिया त्यागपत्र**

- विजय सिंह, प्रधानाध्यापक- प्राथमिक स्कूल रामपुर मुड़ेरी राजा
- रंजना सिंह, सहायक अध्यापक- कन्या प्राथमिक स्कूल बिलंदापुर नालाहार
- उपेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक- प्राथमिक स्कूल महचंदापुर
- इंद्रेश तिवारी, सहायक अध्यापक- प्राथमिक स्कूल भवानीपुर प्रताप
- राजीव कुमार, प्रधानाध्यापक- प्राथमिक स्कूल वंशीपुर्वा
- सरिता गौतम, प्रधानाध्यापक- प्राथमिक स्कूल आसकरनपुर्वा
- सचिन कौशल, सहायक अध्यापक- प्राथमिक स्कूल गोवर्धनी देवी
- गोपाल गुप्ता, सहायक अध्यापक- प्राथमिक स्कूल चौकी मुस्तफाबाद
- पूनम पांडेय, प्रधानाध्यापक- प्राथमिक स्कूल कनपटियापुर
- अनुज पांडेय, सहायक अध्यापक- पूर्व माध्यमिक स्कूल कपूरपुर कटरी
- प्रभात कुमार, प्रधानाध्यापक- प्राथमिक स्कूल करनपुर
- अंबुल गुप्ता, सहायक अध्यापक- प्राथमिक विद्यालय कपूरपुर कटरी
- संदीप यादव, सहायक अध्यापक- कंपोजिट स्कूल अडंगापुर



हस्ताक्षर अभियान चलाकर विरोध करते शिक्षक। अमृत विचार

# शिक्षकों ने हस्ताक्षर कर किया विरोध सरकार पर भेदभाव करने का आरोप

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- **ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों में रोष व्याप्त, कहा- अन्य विभागों में लागू की जाए व्यवस्था**

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों में रोष है। शिक्षक एकजुट होकर इस व्यवस्था का न सिर्फ विरोध कर रहे हैं बल्कि सरकार पर भेदभाव करने का आरोप भी लगाया है। शिक्षकों ने भारी संख्या में हस्ताक्षर किए और ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राव अभिषेक सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को सराय प्रयाग स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र तालग्राम में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मंत्री सोनपाल ने कहा कि जब तक सरकार शिक्षकों की उचित मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाएंगे। केवल शिक्षकों के लिए ही यह व्यवस्था जबरन लागू क्यों की जा रही है जबकि अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मियों को इससे अछूता रखा गया है। सरकार शिक्षकों के साथ भेदभाव कर रही है जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान अभिजीत सिंह, अंकित कटियार, नजर नियाजी, अनुज बाजपेई, बख्तियार, अनुज तोमर, मोहम्मद जाबिर, अजीत, तस्लीम, मुकेश यादव, सुभाष पाल, अली हसन, तस्लीम, विजय पटेल, कौशल कुमार, विक्रम शाक्य, मुकेश यादव, साक्षी कटियार, रुचि कटियार, रंजना पाठक, अंजली सिंह, शैलजा सिंह, सुमित यादव मौजूद रहे।

# राज्य पुरस्कार लेने को राजी नहीं अध्यापक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्नौज समेत प्रदेश के 48 जिलों से एक भी आवेदन नहीं पहुंचा
- बेसिक शिक्षा निदेशक ने आवेदन करने की तारीख 15 जुलाई की

**अमृत विचार।** कन्नौज समेत प्रदेश के 48 जिलों से राज्य शिक्षक पुरस्कार लेने के लिए एक भी आवेदन नहीं हुआ है। इसकी वजह से आलाधिकारियों ने नाराजगी जताई है। अब ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गई है।

बताया गया है कि राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए सूबे के 27 जिलों से 39 आवेदन ही आए हैं, जबकि बीएसए से कहा गया था कि जनपद से दो-दो आवेदनों की सूची निदेशालय तक भेजी जाए। उसी में हर जनपद से एक-एक शिक्षक का चयन किया जाएगा।

पुरस्कार का पटल देखने वाले बीईओ छिबरामऊ आनंद द्विवेदी ने बताया कि आवेदन करने की तारीख बढ़ गई है। अब तक किसी भी शिक्षक ने राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं किया है। गाइड लाइन के मुताबिक राज्य शिक्षक पुरस्कार 2023 के लिए पहले आवेदन करने का समय 15 जून से 10 जुलाई तक था। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने प्रेरणा वेब पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे हैं। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत अध्यापक व अध्यापिकाएं पुरस्कार चयन को लेकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला चयन समिति की ओर से शिक्षकों के आवेदन पत्रों का अभिलेखीय आधार पर परीक्षण, सत्यापन व मूल्यांकन किया जाएगा। उसके बाद दो श्रेष्ठ शिक्षकों के सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र व उनके आवेदन पत्रों का पोर्टल के जरिए राज्य चयन समिति को आगे बढ़ाया जाएगा।

# चेतावनी बिंदु के पास पहुंच रहा गंगा का जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में गंगा का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। नरौरा बांध से हर दिन छोड़े जाने की वजह से पानी अधिक पहुंच रहा है। अब चेतावनी बिंदु के निकट जलस्तर पहुंच गया है। पहले इसकी दूरी 40 सेमी थी जो अब बढ़कर 48 हो गई है।

पानी बढ़ने की वजह से इत्रनगरी से गुजरीं गंगा खूब हिलोरें मारने लगीं हैं। महादेवी घाट के आसपास गांव में रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिनों से जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बीच में एक दिन पानी कम हुआ था, उसके बाद बढ़ोत्तरी जारी है। बताया जा रहा है कि चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज नरौरा से प्रतिदिन गंगा में पानी छोड़ा जा रहा है। दूसरी ओर अधिकारियों का तर्क है कि जनपद में अभी खतरे के हालात नहीं हैं। एसडीएम सदर रामकेश का तर्क है कि अब जलस्तर में फिर से कम होने लगा है।



महादेवी गंगा घाट पर बढ़ने लगा है जलस्तर। अमृत विचार

- **हर रोज छोड़ा जा रहा नरौरा बांध से पानी**

**गंगा के कुछ जरूरी तथ्य**

- 124.970 मीटर चेतावनी बिंदु
- 125.970 मीटर खतरे का निशान
- 124.490 मीटर वर्तमान जलस्तर

**इस तरह छोड़ा गया पानी व जलस्तर**

- 11 जुलाई को 25,060 क्यूसेक, जलस्तर 124.570 मीटर
- 12 जुलाई को 35,320 क्यूसेक, जलस्तर 124.490 मीटर

# मनचाहे सचिवों की तैनाती को हो रहीं 'सिफारिशें'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों की तैनाती को 'सिफारिशों' का दौर तेजी से चल रहा है। मनचाहे सचिवों को अपने-अपने इलाकों का कार्यभार दिलाने और वर्षों से जमे सचिवों को न हटाने की 'जोड़तोड़' चल रही है। इसी बीच 30 से 35 लोगों के कलस्टर भी बदल दिए गए। चर्चा है कि कइयों की ग्राम पंचायतें अभी और बदलेंगी।

भरोसेमंद सूत्रों की माने तो पंचायती राज कार्यालय में संबद्ध सचिव प्रियंका गौतम को ब्लॉक सदर क्षेत्र में तैनाती दे दी गई है। उनका कलस्टर में यह पहला अनुभव होगा। जानकारों की मानें तो चौधरियापुर बांगर, चौरा चांदपुर, सलेमपुर ताराबांगर व देवकली बांगर ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनपद के ब्लॉक क्षेत्र कन्नौज के पांच, तालग्राम के छह, उमर्दा के तीन, सौरिख के चार, छिबरामऊ के नौ, जलालाबाद के चार, हसेरन के दो और गुगरापुर का एक सचिव का कलस्टर बदला गया है। दूसरी ओर कई जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी अपने चहेते सचिवों को मनचाहे कलस्टर दिलाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। अधिकारियों के पास उनके फोन भी घनघना रहे हैं। कुछ सीधे मिलकर पैरवी कर रहे हैं। यह मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना है। कहा जा रहा है कि कई सचिव व लेखपाल ऐसे हैं जिन पर नेताओं की 'कृपा' बनी हुई है।

## सार-संक्षेप

### विद्या मंदिर के तीन छात्रों की बिगड़ी हालत

**तिर्वा, कन्नौज।** पढ़ाई के दौरान कक्षा में तीन छात्र अचानक गश खाकर गिर पड़े। यह देखकर शिक्षकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हिम्मतपुर निवासी ओम प्रताप व विकास और कस्बे के शेर सिंह कक्षा 8 के छात्र है। शुक्रवार को विद्यालय में क्लास चल रही थी। भीषण गर्मी व उमस के कारण अचानक तीनों छात्र गश खाकर गिर गए। इस पर शिक्षकों ने तीनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया है। प्राधानाचार्य अनिल मिश्रा ने बताया कि छात्र घर से कुछ खाकर नहीं आए थे। गर्मी के दौरान हालत बिगड़ने लगी थी। जिसे देखकर उन छात्रो को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। छात्र की स्थिति अब सही है।



पेशकार को ज्ञापन देते लेखपाल। अमृत विचार

### राजस्व निरीक्षक को नहीं हटाया तो लेखपाल नहीं करेंगे काम

**तिर्वा, कन्नौज।** राजस्व निरीक्षक को हटाए जाने की मांग के बाद भी न हटने से आक्रोशित लेखपालों ने उनके अधीन काम न करने को लेकर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन पेशकार को दिया। चेतावनी दी कि अगर वह नहीं हटते तो लेखपाल कार्य बहिष्कार करना शुरू कर देंगे। तहसील में राजस्व निरीक्षक का काम देख रहे कानूनगो ओमप्रकाश दुबे से नाराज लेखपालों ने 26 जून को एसडीएम को ज्ञापन देकर उनके अधीन रहकर काम नहीं करने की बात कही थी। कानूनगो के अब तक क्षेत्र से न हटने पर आक्रोशित लेखपालों ने शुक्रवार को एसडीएम के गैर मौजूदगी में उनके पेशकार को ज्ञापन देकर सौंपा। मांग की गई कि अगर कानूनगो को उनके सभी क्षेत्रों से हटाया नहीं गया तो लेखपाल उनके अधीन काम नहीं करेंगे। साथ ही 16 जुलाई से सभी लेखपाल अपनी कलम बंद करके कार्य बहिष्कार करने लगेंगे। इस मौके पर लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अभिषेक यादव, विवेक पाल, धर्मवीर सिंह, सद्दाम हुसैन उमेश चन्द्र, आयुष सिंह, अविनाश, शिवम गुप्ता समेत अन्य लेखपाल मौजूद रहे। कानूनगो ओमप्रकाश दुबे ने बताया कि कुछ लेखपाल स्वार्थ कारण उनका विरोध कर रहे। वह लोग सरकारी काम करना नहीं चाहते। जब काम के लिए दबाब बनाया जाता तो विरोध शुरू करते हैं।

### वन रैंक-वन पेंशन के तहत होगा एरियर का भुगतान



अंबरीश बाजपेयी

**कन्नौज।** फिरोजाबाद जनपद से स्थानांतरित होकर आए वरिष्ठ कोषाधिकारी अंबरीश बाजपेयी ने पदभार ग्रहण कर लिया और पहले ही दिन रक्षा पेंशनरों की सभी समस्याओं का निस्तारण किया। उन्होंने कहा कि वन रैंक-वन पेंशन के तहत सभी पेंशनरों के एरियर का भुगतान जल्द किया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जनपद कोषागार में वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी रक्षा पेंशनरों का वन रैंक-वन पेंशन के तहत एरियर का भुगतान किया जा रहा है। ऐसे रक्षा पेंशनर जिनका एरियर भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, वह अपनी डिस्चार्ज बुक एवं पेंशन बुक के साथ कोषागार कार्यालय में उपस्थित हों, जिससे कि उनके एरियर का भुगतान शीघ्र किया जा सके। उन्होंने बताया कि पेंशनरों को अब किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। जीवित प्रमाण पत्र के भौतिक सत्यापन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। विदित हो कि यहां तैनात वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल कुमार मिश्र का तबादला लखनऊ के लिए हो गया है।



टैबलेट के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### महामाया पॉलीटेक्निक में 118 छात्रों को मिले टैबलेट

**जलालाबाद, कन्नौज।** महामाया पॉलीटेक्निक अनौगी में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 118 छात्र-छात्राओं को निशुल्क टैबलेट वितरित किए गए। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति योजना के तहत महामाया पॉलिटेक्निक में 118 छात्र-छात्राओं को निशुल्क टैबलेट वितरित किए गए। प्रधानाचार्य उमेश चंद्र ने बताया कि पहले भी विद्यालय के 84 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं। इस दौरान अंकित द्विवेदी, मारिया, डॉ. उदय सिंह, नीरज कुमार, चंद्रशेखर, संजय कुमार, मनीष पाल, डॉ. राम सजीवन आदि मौजूद रहे।



सही जवाब देकर पुरस्कृत बच्चों के साथ यातायात प्रभारी व उनकी टीम। अमृत विचार

## बच्चों ने यातायात नियमों के दिये जवाब

**कन्नौज।** एक निजी स्कूल में पहुंचे यातायात प्रभारी आफाक खां व उनकी टीम ने बच्चों को यातायात के नियम बताकर जागरूक किया। इस दौरान उनसे सवाल पूछे जिनके जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रभारी ने छात्र-छात्राओं से सवाल किये कि कौन सा ऐसा वाहन है जिसको चलाने के लिए किसी प्रकार के लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती? आपातकालीन वाहन कितने प्रकार के होते हैं? इनमें सबसे महत्वपूर्ण स्थान किस वाहन का है? इसके बाद सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को यातायात प्रभारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## मछली मारने के विरोध पर धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम डिल्लियाभूड़ निवासी राधा देवी ने कोतवाली पुलिस ने बताया कि उसके पति देशराज कश्यप बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। ग्राम मौरा में उसके पास तालाब है जिसमें वह मछली पालन का कार्य करती है।

गांव का युवक मंजेश कठेरिया इस काम की देखरेख करता है। गांव के दो लोग आए दिन उसके तालाब में मछलिया मारते हैं। इसका विरोध करने पर शुक्रवार की शाम लगभग 04 बजे लोगों ने गालीगलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गजबः नहीं मानी प्रेमिका तो लगा दी होर्डिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रेम की महिमा का जितना बखान किया जाय कम है। सारी दुनिया ही इस एक भाव पर टिकी है। तभी तो कहते हैं प्रेम और युद्ध में सब कुछ जायज है। प्रेम हर बार हद पार करता है। यह वह भाव है जिसके आगे क्या मनुष्य क्या पशु-पक्षी सभी नतमस्तक हैं। यहां शहर में एक युवक को प्रेम हुआ तो युवती से निवेदन कर दिया। शायद यह प्रयास कामयाब नहीं हुई तो अनोखा तरीका अपना डाला। सुबह जब लोग जागे तो शहर के बीच में एक स्थान पर गुलाबी रंग के होर्डिंग पर प्रेमिका व प्रेमी का नाम लिखा था। इसमें अनोखे अंदाज में शादी का निवेदन किया गया था। हालांकि पुलिस ने इसे उतरवा दिया है।




शहर में प्रेम के इजहार को लगाया गया होर्डिंग। अमृत विचार

- **शहर के बीचोबीच इस तरह का प्रेम का प्रदर्शन बना चर्चा का विषय**

शुक्रवार की सुबह उस समय लोग आश्चर्य में पड़ गये जब शहर में सीएमओ ऑफिस के पास मेन रोड पर बड़ा सा गुलाबी रंग का होर्डिंग लगा देखा। ध्यान दिया तो इस पर एक लड़की और एक लड़के का नाम लिखा था। साथ ही अंग्रेजी में लिखा गया है जिसका तात्पर्य है कि 'जब से तुमसे मिला हूं, बस तुम्हारा हूं। अंतिम सांस तक तुम्हारा साथ देने का वादा करता हूं।' इसके साथ ही शादी का अनुरोध किया गया था। आते जाते राहगीरों की होर्डिंग पर नजर पड़ती तो इस अनोखे इजहार पर चर्चा चल निकलती। मामला सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने होर्डिंग उतरवाकर जांच शुरू की गई। इस संबंध में सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि होर्डिंग में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था लेकिन इसे उतरवा दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से युवक की तलाश की जा रही है।

सख्ती | जिलाधिकारी ने की राजस्व कार्यों सहित जिले में कर-करेत्तर की समीक्षा

# लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली पर विभागों को फटकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने जब जिले में सभी विभागों में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली की समीक्षा की तो कई विभागों की प्रगति खराब मिली। इस पर उन्होंने फटकार लगाई और राजस्व वसूली के लिए रोस्टर बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह क्षेत्र में लगातार निरीक्षण करें। यदि कोई मिलावटी शराब की बिक्री करता मिले तो उसके खिलाफ तत्काल एफआईआर कराएं।

शुक्रवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों और कर-करेत्तर की समीक्षा की। डीएम ने बताया कि समीक्षा में यह पाया गया कि वाणिज्यकर विभाग द्वारा 111.99 करोड़ के सापेक्ष 18.71 प्रतिशत की वसूली, स्टांप निबंधन विभाग द्वारा 128 करोड़ के सापेक्ष 13.41 प्रतिशत, आबकारी विभाग द्वारा 405.71 करोड़ रुपये के सापेक्ष 27.06 प्रतिशत, परिवहन विभाग द्वारा 59.10 करोड़ के सापेक्ष 20.10 प्रतिशत, विद्युत देय विभाग द्वारा 455.56 करोड़ के सापेक्ष 14.52 प्रतिशत और भू-राजस्व विभाग द्वारा 23.58 करोड़ के सापेक्ष 0.08 प्रतिशत की वसूली की गई है। यह प्रगति काफी कम है। सभी विभाग माह वाइज रोस्टर बनाकर वसूली का लक्ष्य निर्धारित करें।

डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि क्षेत्र में भ्रमणशील होकर विद्युत चोरी की निगरानी करें। बकाया विद्युत बिल वसूल किए जाएं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित मुकदमों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, एसडीएम छिबरामऊ उमाकांत तिवारी, एसडीएम सदर रामकेश, एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



राजस्व वसूली की समीक्षा करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व एडीएम आशीष सिंह।

**दर्पण पोर्टल पर भी जिले की स्थिति खराब**

- जिलाधिकारी ने जब दर्पण पोर्टल की समीक्षा की तो पता चला कि जिले की प्रदेश में 67वीं रैंक है। डीएम ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत जनपद में 23107 आवेदन आये हैं, जिसमें 16484 आवेदन स्वीकृत एवं 5260 आवेदन अस्वीकृत तथा 1363 आवेदन लंबित है। लंबित आवेदन का निस्तारण समय से कराया जाये। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जनपद की 67वीं रैंक है, जो खराब स्थिति है। दावों में भुगतान की गई धनराशि 70.41 प्रतिशत हुई है, जिसे शतप्रतिशत भुगतान किया जाये। जिससे रैंक में भी सुधार हो सके। डीएम ने जले हुए अभिलेखों को शीघ्र तैयार करने के निर्देश चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी को दिए।

मानेन रक्ष्यते धान्यमश्चान् रक्षत्यनुक्रमः।
अभीक्ष्णदर्शनं ग्राश्च स्त्रियो रक्ष्याः कुचैलतः॥

अनाज की रक्षा तौल से होती है, घोड़े की रक्षा उसे लोट-पोट कराते रहने से होती है, सतत् देखरेख से गायों की रक्षा होती है और सादा वस्त्रों से स्त्रियों की रक्षा होती है।

## संपादकीय

# ऐतिहासिक फैसला

बीते बुधवार को तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी में सर्वोच्च न्यायालय का किया गया फैसला ऐतिहासिक और सामाजिक तानेबाने के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि पूर्व में भी मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। हाल में आए सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक और सभ्य समाज के सभी लोगों ने स्वागत किया है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। गौरतलब है कि अभी तक मुस्लिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि अर्थात तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती, तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। हमारे समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद पति पर निर्भर हैं। किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। साथ ही जिन महिलाओं पर बच्चों को पालने की भी जिम्मेदारी हो उनका जीवन बहुत ही दुष्कर हो जाता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुस्लिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं। वहीं जो महिलाएं दूसरा विवाह कर भी लेती हैं, जरूरी नहीं कि उससे उनके बच्चों का उचित तरह से पालन-पोषण हो ही जाए। यहां सवाल यह है कि किसी महिला को केवल धर्म के आधार पर दूसरी महिलाओं से अलग क्यों माना जाना चाहिए?

भारत के नागरिक के तौर पर हर महिला को समान अधिकार मिलना चाहिए। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि गुजारा भत्ता न्यूनतम नहीं, बल्कि पर्याप्त मात्रा का होना चाहिए यानी महिला सही से अपना गुजारा कर सके। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1986 कानून की नए सिरे से व्याख्या की है। उसने महिला को केवल महिला के रूप में देखा है और उसकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर ध्यान देने की बजाय उसकी जरूरतों को प्राथमिकता दी है। साथ ही अदालत ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का विस्तार किया है कि वह चाहे तो सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता ले या 1986 कानून के तहत गुजारा भत्ता ले या दोनों के तहत ही अपने अधिकारों को हासिल कर ले। यह लिंग समता की दृष्टि से सराहनीय और स्वागतयोग्य फैसला है।

# निराधार है आरक्षण समाप्त करने का विमर्श



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था।

भारत की सदियों पुरानी कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था का समापन हुआ और वर्ण व्यवस्था के बदलाव के साथ जो विदेशी आक्रांताओं के भीभत्स नीतियों की वजह से भारतीय संस्कृति में विखंडन के कारण ही भारत में जाति व्यवस्था पनपी वही जाति व्यवस्था देश में आरक्षण प्रणाली की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है। सरल शब्दों में कहें तो इसका उद्देश्य जनसंख्या के उस वंचित के उत्थान हेतु व समाज में समान स्थिति को पा सकें इसीलिए कुछ वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि संसद व राज्य विधानमंडलों में सीटों तक पहुंच को सुगम बनाया गया है। इन वर्गों को अपनी जातिगत पहचान की वजह से विदेशी आक्रांताओं और समाज के कुछ कट्टर वर्ग के कारण ऐतिहासिक रूप से अन्याय का सामना करना पड़ा। कोटा आधारित सकारात्मक कार्रवाई के रूप में, आरक्षण को सकारात्मक भेदभाव के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत में यह भारतीय संविधान द्वारा समर्थित सरकारी नीतियों द्वारा शासित है।

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था। इस निर्णय में मुसलमानों, सिखों, भारतीय ईसाइयों, एंग्लो-इंडियन, यूरोपीय लोगों और दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान किया गया। लंबी बातचीत के बाद गांधीजी और अंबेडकर ने 'पूना पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एक ही हिंदू निर्वाचन क्षेत्र होगा, जिसमें कुछ आरक्षण होंगे। स्वतंत्रता के बाद शुरू में आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए ही प्रदान किया गया था। मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर 1991 में ओबीसी को आरक्षण के दायरे में शामिल किया गया था। मंडल आयोग संविधान के अनुच्छेद 340 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने दिसंबर 1978 में बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति की। आयोग का गठन भारत के 'सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों' को परिभाषित करने के मानदंड निर्धारित करने और उन वर्गों की उन्नति के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिए किया गया था। मंडल आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि भारत की जनसंख्या में लगभग 52 प्रतिशत ओबीसी हैं, इसलिए 27 प्रतिशत सरकारी नौकरियां उनके लिए आरक्षित की जानी चाहिए। आयोग ने सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन के ग्यारह संकेतक विकसित किए हैं। हिंदुओं में पिछड़े वर्गों की पहचान करने के अलावा, आयोग ने गैर-हिंदुओं (जैसे-मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध) में भी पिछड़े वर्गों की पहचान की है। इसने 3,743 जातियों की अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची तथा 2108 जातियों की अधिक वंचित "दलित पिछड़ा वर्ग" सूची तैयार की है।

**हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है।**

1992 के इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत कोटा बरकरार रखा, लेकिन उच्च जातियों के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 10 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की सरकारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस सिद्धांत को भी बरकरार रखा कि कुल आरक्षण लाभार्थियों की संख्या भारत की जनसंख्या के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस निर्णय के माध्यम से 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा को भी बल मिला तथा प्रावधान किया गया कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण केवल प्रारंभिक नियुक्तियों तक ही सीमित होना चाहिए तथा पदोन्नति तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। आरक्षण की आवश्यकता क्यों? देश में पिछड़ी जातियों के साथ हो रहे ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करना। पिछड़े वर्ग के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना, क्योंकि वे उन लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, जिनके पास सदियों से संसाधनों और साधनों तक पहुंच रही है। राज्य के अधीन सेवाओं में पिछड़े वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिए योग्यता के आधार पर समानता सुनिश्चित करना अर्थात् योग्यता के आधार पर न्याय करने से पहले सभी लोगों को समान स्तर पर लाया जाना चाहिए।

आरक्षण के विरुद्ध तर्क- राज्य सेवाओं में आरक्षण के कारण सरकारी कर्मचारियों में मतभेद और दुश्मनी पैदा हुई, जिससे कार्यस्थल पर माहौल खराब हुआ। आरक्षण नीति का उद्देश्य जाति को कायम रखना नहीं, बल्कि उसे समाप्त करना था, लेकिन जाति आधारित आरक्षण ने समाज में जाति की धारणा को ही कायम रखा है। आरक्षण की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों को संसाधनों तक समान पहुंच दी जाए, लेकिन आर्थिक प्रगति के बावजूद वे सामाजिक रूप से वंचित बने हुए हैं। आरक्षण आत्मसम्मान को नष्ट कर देता है, इतना अधिक कि अब सर्वश्रेष्ठ का निर्धारण करने के लिए नहीं, बल्कि सबसे पिछड़े का निर्धारण करने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है। आरक्षण योग्यतावाद का सबसे बड़ा दुश्मन है, जो कई प्रगतिशील देशों की नींव है। यह वर्गीय निष्ठाओं और आदिम पहचानों का आह्वान करके संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने का एक उपकरण बन गया है। पिछड़ी जातियों के भीतर प्रभावशाली और कुलीन वर्ग ने अपने ही लोगों का आरक्षण का लाभ हड़प लिया है और पिछड़ी जातियों के भीतर सबसे अधिक हाशिए पर पड़े लोग हाशिए पर ही बने हुए हैं। आरक्षण समावेशन के बजाय बहिष्कार का तंत्र बन गया है, क्योंकि कई सामान्य एवं सवर्ण जाति के गरीबों को भी भेदभाव और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है, जिससे समाज में निराशा पैदा हो रही है। आरक्षण की बढ़ती मांग के पीछे कारण आरक्षण को अब गलत सोच वाली विकास नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों के समाधान के रूप में देखा जाने लगा है। हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे विकसित राज्यों में उनकी अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद, तीन बातें लोगों को चिंतित कर रही हैः तीव्र कृषि संकट, रोजगार वृद्धि में स्थिरता और विकास पथ में विकृतियां। इस पृष्ठभूमि में सरकारों के लिए आरक्षण की बात करना, सुधार करने से कहीं अधिक आसान है। सवर्ण जातियों में आरक्षण की बढ़ती मांग भी विशेषाधिकार खोने के डर और बदलाव से निपटने में असमर्थता से उत्पन्न हो रही है। उच्च जातियों के लोग विशेषकर सरकारी नौकरियों के मामले में वंचित महसूस करने लगे हैं, क्योंकि उन्हें पिछड़े वर्गों के समान लाभ नहीं मिलता। आरक्षण का लाभ वंचित जातियों के बहुसंख्यक वंचित बच्चों को मिलना चाहिए, न कि जातिगत टैग वाले कुछ विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों को। उच्च पदस्थ अधिकारी परिवारों, उच्च आय वाले पेशेवरों और एक निश्चित आय से ऊपर के अन्य लोगों को विशेष रूप से सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। आरक्षण के माध्यम से प्रत्येक समुदाय के जरूरतमंद व्यक्ति की निष्पक्ष एवं व्यावहारिक तरीके से मदद करना संभव एवं आवश्यक है।

आरक्षण की प्रक्रिया से वास्तविक आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को छांटकर न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। जमीनी स्तर पर शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव समय की मांग है। आगे बढ़ने का रास्ता-आरक्षण उचित है, क्योंकि यह समाज के दलित और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए उचित सकारात्मक भेदभाव प्रदान करता है, लेकिन जब यह समाज को नुकसान पहुंचाता हो और संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दूसरों की कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार सुनिश्चित करता हो तो इसमें यथाशीघ्र परिवर्तन कर दिया जाना चाहिए। आरक्षण से बाहर रखे गए समुदाय, आरक्षण श्रेणी में शामिल जातियों के प्रति द्वेष और पूर्वाग्रह रखते हैं। जब अधिकतर लोग आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ेपन की आकांक्षा रखते हैं तो देश स्वयं स्थिर हो जाता है। पिछड़ों के लिए न्याय, अगड़ों के लिए समानता तथा संपूर्ण व्यवस्था की दक्षता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अपरिहार्य है। अतः हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है। यह संवैधानिक उपबंध है कोई भी सरकार इसको समाप्त करना तो छोड़िए छेड़ भी नहीं सकती है। आरक्षण समाप्त करने का 'विमर्श' निराधार है।

## प्रसंगवश

# बुद्ध और युद्ध का गले मिलन



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी रूस यात्रा पूरी कर ली। मोदी वहां पहुंचने पर ही रूस ने यूक्रेन के एक अस्पताल पर गोलाबारी की, जिसमें 29 बच्चे मारे गए। घटना की सभी मानवतावादी शक्तियों ने निंदा की। मोदी ने यह मुद्दा रूसी राष्ट्रपति के सम्मुख उठाया भी और आहत दिखे। आगे चलकर आस्ट्रिया में उन्होंने फिर कहा कि 'हमने संसार को बुद्ध दिए, युद्ध नही'। उन्होंने 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद भी रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि 'यह युद्ध का काल नहीं है'। उनकी बात बिल्कुल नहीं मानी गई, रूसी आक्रमण जारी रहे और अब तक दोनों तरफ की कई लाख जानें जा चुकी हैं, जिनमें कुछ भारतीय भी हैं, लेकिन उन्होंने इस दौरे में पुतिन को गले लगाया और यह फोटो बहु प्रचारित हुई तथा आलोचना की विषय बनी।

अमेरिका व पश्चिम ने तो कटुता दिखाई ही, वहां के प्रेस ने भी मोदी को कटघरे में खड़ा किया। चीन के मुखपत्र "ग्लोबल टाइम्स" ने भी चटखारे लिए। फिर भी मोदी न केवल गले मिले, बल्कि उन्होंने रूस का सर्वोच्च सम्मान भी ग्रहण कर लिया, जो चीनी राष्ट्रपति को पहले ही मिल चुका है। अजरबैजान और कजाकिस्तान के राष्ट्र प्रमुख भी इससे पहले ही नवाजे जा चुके हैं। मालूम हो कि हमारे प्रबल शत्रु चीन से रूस की 'असीमित' मित्रता है, ऐसा दोनों राष्ट्र घोषित कर चुके हैं। 1962 में भारत पर चीनी आक्रमण के समय रूस के सरकारी अखबारों ने चीन को 'भाई' और भारत को सिर्फ 'दोस्त' बताया था। यानी चीन के मुकाबले रूस भारत के पक्ष में कभी नहीं खड़ा होगा।

बहरहाल अपने को बुद्ध देने वाला कहकर युद्धप्रेमी पुतिन को गले लगाने पर गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई याद आ गई, "दोउ न होइं इक संग भुवालू। हंसब ठठाइ फुलावब गालू"।। क्या अब जब कि रूस भारत की शांति अपील नहीं मान रहा और न सिर्फ युद्ध जारी है, बल्कि नागरिक हत्याएं भी की जा रही हैं, तब भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस की पक्षधरता करने की अपनी नीति बदलेगा?

# पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन



डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

**इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है।**

स्विट्जरलैंड के वैज्ञानिकों ने विश्व के पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन किया है। यह मानव के मस्तिष्क के ऊतकों से बनाया गया है, लेकिन यह ऊतक मानव के मस्तिष्क से नहीं लिए गए हैं वरन इन्हें प्रयोगशाला में बनाया गया है। इस कंप्यूटर में 16 अंगक हैं। यह अंगक प्रयोगशाला में विकसित की गई मस्तिष्क की कोशिकाओं- अर्थात् न्यूरॉन्स का समूह हैं। मस्तिष्क की कोशिकाओं के यह समूह आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान उसी प्रकार करते हैं जैसे एक कंप्यूटर में कंप्यूटर चिप्स करती हैं। ये न्यूरॉन्स दूसरे न्यूरॉन्स को संदेश भेजते और प्राप्त करते हैं और कंप्यूटर सर्किट्स बनाते हैं।

यह जीवित कंप्यूटर अभी प्रयुक्त होने वाले मशीनी कंप्यूटर के मुकाबले 10 लाख गुना कम ऊर्जा खर्च करता है। इस दुनिया के सबसे अच्छे कंप्यूटरों में से एक-हैवलेट पैकार्ड एंटरप्राइजेज फ्रंटियर का कंप्यूटर-जिस गति से कार्य करता है और जितनी मैमोरी रखता है, नया विकसित जीवित कंप्यूटर उसी गति से काम करता है और उससे 1000 गुना अधिक मेमोरी रखता है। यह केवल 10 से 20 वाट ऊर्जा खर्च करता है, जबकि मशीनी कंप्यूटर 21 मेगावाट अर्थात् 2 करोड़ 10 लाख वाट ऊर्जा खर्च करता है। यह कंप्यूटर फाइनल स्पार्क कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। यह कंपनी बायोलॉजिकल न्यूरल नेटवर्क विकसित करने का कार्य करती है। इस कंपनी के सह सीईओ डॉक्टर फ्रेड जॉर्डन ने एक समाचार पत्र को बताया कि ये बातें अभी तक विज्ञान कथाओं में मिलती थीं, जो अब एक सच्चाई है। यह जीवित कंप्यूटर एक कृत्रिम मस्तिष्क ही होता है। इसके अंगक छोटे-छोटे, स्वयं को व्यवस्थित करने की क्षमता रखने वाले, 'टिशू कल्चर्स' होते हैं, जो 'स्टेम सेल्स' से बनाए जाते हैं। स्टेम सेल्स भ्रूण की वह कोशिकाएं होती हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित हो सकती हैं। इन ही से एक भ्रूण के शरीर के सभी अंगों की कोशिकाएं बनती हैं। इन स्टेम सेल्स का चिकित्सा विज्ञान में बहुत महत्व है। इनसे हम विभिन्न प्रकार के अंग बना सकते हैं और उन्हें मनुष्यों में लगा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इन स्टेम सेल्स को लेकर उन्हें लगभग एक महीने तक संवर्धित किया और उन्हें न्यूरॉन्स के रूप में विकसित कर लिया। अभी प्रयोगशाला में बनाए गए ये छोटे-छोटे मस्तिष्क लगभग 10,000 जीवित न्यूरॉन्स से बने हुए हैं। इन अंगकों अर्थात् जीवित कंप्यूटर को डोपामीन दवा की खुराक देकर प्रशिक्षित किया जाता है। जब ये कोई कार्य अच्छी प्रकार से कर लेते हैं तो इन्हें डोपामीन की खुराक दी जाती है। डोपामीन वह हॉरमोन है, जिससे हमारा मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। प्रयोगशाला में उन न्यूरॉन्स को डोपामीन देने पर वह खुशी का अनुभव करते हैं और वह यह समझ जाते हैं कि उन्हें यह अच्छा कार्य करने का पारितोषिक दिया गया है। यह वैसा ही है जैसा किसी पशु को प्रशिक्षण देते समय अच्छा कार्य करने पर उसे पारितोषिक के रूप में भोजन दिया जाता है अथवा उसका स्वामी उसे दुलारता है। यह डोपामीन बाहर से नहीं दिया जाता है, बल्कि उस कृत्रिम मस्तिष्क के अंगकों के विशेष भागों पर प्रकाश डाला जाता है। इससे वह न्यूरॉन्स उद्दीपित होकर डोपामीन का स्राव करते हैं। मानव के मस्तिष्क में भी ऐसा ही होता है। कुछ उद्दीपनों और भावनाओं से उद्दीपित होकर मानव का मस्तिष्क डोपामीन अर्थात् हैप्पी हार्मोन स्रावित करता है और मनुष्य अर्थात् मनुष्य का मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। इन छोटे-छोटे मस्तिष्कों में से हर मस्तिष्क आठ इलेक्ट्रोड्स से घिरा होता है, जो इन मस्तिष्कों की एक्टिविटी को नापते हैं। इसके न्यूरॉन्स के डेन्ड्राइट्स के परस्पर जोड़ अर्थात् साइनेप्सेज में अंतर आता जाता है। ठीक यही कार्य हमारे मस्तिष्क में भी होता है। हमारे कोई नई बात सीखने अथवा याद रखने में हमारे मस्तिष्क के इन साइनेप्सेज में अंतर आता है। हम इसी विधि से कोई बात याद रखते हैं, कोई बात सीखते हैं। यह क्षमता परंपरागत कंप्यूटर्स में नहीं होती है। इसे 'वेटवेयर' कहते हैं अर्थात् सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का संगम।

इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है। इससे डाटा भेजे और प्राप्त किए जा सकते हैं, गणनाएं की जा सकती हैं और डाटा को मेमोरी में स्टोर किया जा सकता है। इस जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर को एक सूक्ष्म तरल कोष्ठ में रखा जाता है जो कोशिकाओं को जीवित रखने के लिए आदर्श स्थिति प्रदान करता है।

## सोशल फोरम

# बढ़ता दिखावा



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड


अगर कभी ऊपर वाला चींटी समान किसी लघु और कुरूप रूप में हमारे सामने आ जाए और खुद को इस सृष्टि का निर्माता बताए तो हमें सहसा विश्वास नहीं होगा। उससे पहला सवाल तो हमारा यही होगा कि आप इतने छोटे क्यों? इस विशाल सृष्टि के निर्माता को तो विशाल और सुंदर होना चाहिए। ठीक हमारी कल्पना के अनुरूप। दरअसल एक पावरफुल ऊपर वाले की कल्पना हम लघु रूप में कर ही नहीं सकते। हमारी कल्पना का ऊपर वाला विशाल और सुंदर ही होगा। उसके स्टेटस को बनाए रखने के लिए हमें उसकी चीजें भी विशाल और भव्य ही बनानी होंगी। यही वजह है कि ऊपर वाले के निवास स्थान को भव्य और विशाल बनाया जाता है। उससे जुड़ी हर चीज बड़ी-बड़ी और बड़ी, भव्य भव्य और भव्य होनी चाहिए। आम इंसान जब तक चमतकृत न हो तब तक फायदा क्या।

कभी राम नवमी के झंडे और ताजिए को देखिए। इन्हें इतना लंबा ऊंचा बनाने की कोई और वजह होगी। हमारे शहर में रामनवमी के दिन जब जुलूस निकलता है। उस समय दोपहर से रात उस समय तक बिजली कटी रहती है जब तक सभी झंडे पार न हो जाएं।

पिछले दिनों रथ यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र की मूर्ति गिर गई, जिससे कई लोग जख्मी हो गए। मुझे नहीं पता कि भगवान बलभद्र की मूर्ति कितनी विशाल और भारी थी, लेकिन ये पता है कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों की ऊंचाई लगभग 45 फीट होती है। इतने विशाल रथ देख क्या आपकी भक्ति में इजाफा नहीं होता। धर्म स्थलों की ऊंचाई, खूबसूरती और धार्मिक आयोजनों की भव्यता का आग्रह क्या ऊपर वाले का रहता है? ये निश्चित ही मानव मन की कल्पना है।

आज जिस रूप में हम किसी आयोजन को देख रहे हैं ये जरूरी नहीं कि शुरू से उसका यही स्वरूप रहा हो। समय के साथ इनकी भव्यता और विशालता में इजाफा ही होता है। जिन्हें हम परंपरा कहते हैं, उनमें भी नित परिवर्तन होता रहता है। सवाल है कि सादगी से हम किसी आयोजन को क्यों नहीं कर सकते? हल्ला-गुल्ला शोर-शराबा और दिखावा बढ़ता ही क्यों जा रहा है? **-फेसबुक वॉल से**

# पहली महिला चीफ जस्टिस ने कैसे अवसाद से खुद को बचाया



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली हाईकोर्ट की पहली महिला जस्टिस। हाईकोर्ट में देश की महिला चीफ जस्टिस। शादी के बाद पढ़ाई छूट गई। पति की लंदन तैनाती के दौरान फिर कॉलेज में दाखिला लिया। कानून की डिग्री सर्वोच्च स्थान के साथ हासिल की। पहले कलकत्ता और फिर पटना हाईकोर्ट में वकालत की। बाद में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस के पद से रिटायर हुईं।

रिटायरमेंट के कुछ महीने बाद लीला सेठ खुद को खाली और अकेला महसूस करने लगीं। उनकी रूटीन अस्त-व्यस्त हो गई। सोने-जागने का कोई तय वक्त नहीं रह गया। किसी चीज में कोई दिलचस्पी नहीं रही। वे अवसाद में जाने लगीं। उन्होंने अपने मित्र डॉक्टर के.पी. जैन को समस्या बताई। जैन ने कहा कि 55 वर्षों की व्यस्त दिनचर्या के बाद हुए इस खालीपन से तालमेल बिठाने में कुछ समय लगेगा।

लीला सेठ के मशहूर लेखक पुत्र विक्रम सेठ ने उन्हें कुछ पुस्तकें भेंट करके जोश भरी कहानियां पढ़ने के लिए प्रेरित किया। पढ़ने के साथ लीला सेठ ने अवसाद के कारणों का आकलन शुरू किया। जरूरी लगा कि जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कोई सार्थक काम और रूटीन होना चाहिए। यह पर्यावरण कानून से जुड़ा नौ महीने का "वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर" कोर्स था। फिर उस कोर्स को पढ़ने के लिए 62 की लीला सेठ उन विद्यार्थियों बीच बैठ गईं, जिनकी अधिकतम उम्र 26 थी। यहां तक कि संस्थान के निदेशक की उम्र चालीस थी। साथ बैठे विद्यार्थी और फैकल्टी नहीं समझ पाती थी, कि उनके साथ कैसे पेश आएं? लेकिन लीला जल्द ही उनके बीच घुल-मिल गईं। उनके साथ क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल होने लगीं। सिर्फ एक दिक्कत थी। साथी सोचते थे कि रिटायर्ड चीफ जस्टिस को सब कुछ आता होगा। अपनी आत्मकथा में उन्होंने लिखा "लेकिन सच यह था कि बाकी विद्यार्थी जवाबों में जितनी गलतियां करते थे, मेरी गलतियां भी उसी के आसपास होती थीं।


इस कोर्स के क्लास अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक के होते थे। इसके लिए उन्हें नोएडा से दिल्ली के डब्लूडब्लूएफ सेंटर जाना रहता था। लीला सेठ ने कोशिश की कोई क्लास मिस न हो। रोज बिस्तर से उठकर क्या करूं, के निठ्ठलेपन अहसास से उन्हें फुर्सत मिली। रुचि की पढ़ाई और युवाओं के साथ ने जिंदगी में अभी और भी बहुत कुछ करने को बाकी रहने का भरोसा दिया। फील्डवर्क के लिए वे राजस्थान नहीं जा सकी थीं, लेकिन निदेशक डॉक्टर छत्रपति सिंह और अन्य विद्यार्थियों के साथ उड़ीसा के गड़ीमाता तट पर नसीबाला में वह ओलिव रिडली समुद्री कछुओं को बचाने की मुहिम में वे शामिल हुईं। डिप्लोमा कोर्स पूरा करने के बाद डब्लूडब्लूएफ के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामीनाथन के प्रस्ताव पर वे इसके बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में भी शामिल हुईं। वहां की उपाध्यक्ष भी रहीं। वहां रहते वे पर्यावरण से जुड़े कानूनों के विकास में दिलचस्पी लेती रहीं। जोड़ी सलामत रहे की दुआएं और आशीर्वाद पति-पत्नी के रिश्तों के लिए आम हैं। पर उस मंजर की सोचिए, जब हाईकोर्ट में किसी महिला और पुरुष जज की खंड पीठ किसी मामले की सुनवाई कर रही हो। वे फैसला दें और फिर वहां फैसले से खुश कोई बुजुर्ग महिला दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से उन जजों को "जोड़ी सदा सलामत रहने" का आशीर्वाद दोहराने लगे। लीला सेठ ऐसे ही एक दिलचस्प अनुभव से रूबरू हुई थीं।



जस्टिस लीला सेठ और जस्टिस राजेंद्र सच्चर की खंड पीठ एक क्रिमिनल अपील की सुनवाई कर रही थी। यह अपील निचली अदालत द्वारा हत्या के मामले में एक युवक को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के खिलाफ थी। अपील की सुनवाई और रिकार्ड के परीक्षण के बाद पीठ ने युवक को दोषी सिद्ध किए जाने के पर्याप्त कारण नहीं पाए। आरोप को खारिज करते हुए पीठ ने युवक को दोषमुक्त करते हुए रिहाई के आदेश दे दिए। ग्रामीण पृष्ठभूमि के आरोपी युवक की मां फैसले के समय अदालत में मौजूद थी। उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उसने दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से जोड़ी (जस्टिस सच्चर और जस्टिस लीला सेठ) के हमेशा सलामत रहने की दुआएं देना शुरू कर दिया। संकोच में पड़े दोनों जज फिक्रमंद थे कि उनके असली जीवन साथी क्या सोचेंगे? लेकिन जोड़ी की सलामती के सवाल पर जस्टिस लीला सेठ को दिल्ली जिमखाना की सदस्यता के सवाल पर इसके उलट अनुभव हुए।

आमतौर पर यह क्लब जजों की नियुक्ति के बाद उन्हें अपना सदस्य बना लेता था, लेकिन लीला सेठ को आवेदन के काफी समय बाद भी कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ। पूछताछ पर टालमटोल होती रही। जोर देने पर बताया गया कि उनके यहां महिलाओं को सदस्यता देने की व्यवस्था है, लेकिन उससे शर्तें जुड़ी हुई हैं। क्या? केवल वही महिलाएं सदस्य बनाई जाएंगी, जो अविवाहित अथवा तलाकशुदा अथवा विधवा हों। उनसे पूछा गया कि क्या वे इनमें से किसी केटेगरी में आती हैं? उनके मुख से निकला, "ईश्वर की कृपा है। मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन आपका रवैया पूरी तरह से भेदभावपूर्ण है।" कुछ समय बाद उन्हें सूचना दी गई कि उनके पति को सदस्यता दी जा सकती है। लीला सेठ के कहने पर कि यह विचित्र व्यवस्था है, जवाब मिला कि हम नियमों से बंधे हैं और उन्हें बदलने में समय लगेगा।

# ऐसे भी भागते हैं भूत-प्रेत



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हाथरस के भोले बाबा प्रकरण के बाद न्यूज चैनलों पर भूत-प्रेत भगाने वाले बाबाओं को दिखाने की होड़ लगी हुई है। एक चैनल पर शनि धाम के एक बाबा के भूत-प्रेत भगाने के तरीकों पर एक रिपोर्टिंग देखकर याद आया कि यह विद्या कभी मुझे भी आती थी। बात 1999 की है जब मैं बिहार के समस्तीपुर जिले का एसपी हुआ करता था। एक दिन हसनपुर थाने के दियारा क्षेत्र के भ्रमण पर निकला था कि एक छोटे से गांव में एक पेड़ के नीचे लोगों की भारी भीड़ देखकर रुक गया। वहां एक अलाव के गिर्द दो युवक विचित्र मुख-मुद्राएं बनाकर पागलों की तरह उछल और चीख-चिल्ला रहे थे और एक बाबा कुछ मंत्र बुदबुदाते हुए हवन पात्र में कुछ डालता जा रहा था। मुझे देखकर बाबा रुका। पूछने पर उसने बताया कि दोनों युवक बुरी प्रेतात्माओं के कब्जे में हैं, जिन्हें भगाने की जुगत हो रही हैं। बाबा ने गर्व से यह भी बताया कि वह अपनी अचूक तंत्र-विद्या से अब तक सैकड़ों लोगों को प्रेत बाधा से मुक्त करवा चुका है। दोनों युवकों की उटपटांग हतकतें पहले की तरह जारी थी। मैंने बाबा को बताया कि भूत भगाने की विद्या में मैं भी पारंगत हूं। बाबा ने मुझे हैरत से देखा। मैंने दोनों युवकों को अपनी किंग साइज हाथों से पांच-दस थप्पड़ मारे। वे दो मिनट भी मेरा वार नहीं झेल सके और एकदम नार्मल होकर हाथ जोड़ दिए। प्रेत-बाधा का नामोनिशान नहीं। बाबा ने सकुचाते हुए कहा-कमाल है सरकार, आपने तो उन खूंखार प्रेतों को सचमुच भगा दिया। मैंने कहा - भगाया नहीं बाबा, बस उन्हें आपके भीतर ट्रांसफर कर दिया है। अब आपका इलाज करूंगा। मैं बाबा की तरफ बढ़ा ही था कि वह झोला-झंटा वहीं छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

मैं वहां उपस्थित लोगों को कई तर्कों और उदाहरणों के माध्यम से अंधविश्वास के दुष्प्रभाव और बाबाओं के पाखंड से अवगत कराया। यह भी कहा कि आप में कोई शारीरिक या मानसिक तौर पर बीमार है तो मेरे साथ चलिए, मैं अच्छे अस्पताल में मुफ्त में इलाज करवा दूंगा। मेरे साथ कोई नहीं आया। मेरे लौट आने के बाद मेरे समझाने का उन पर कितना असर हुआ वह एक महीने बाद पता चला जब एक चौकीदार ने बताया कि वही बाबा उसी गांव के लोगों से एक बार फिर गंभीर रोग ठीक करने के नाम पर हजारों रुपये ठगकर फरार हो गया है।

## एक नजर

### 248 फार्मासिस्ट को मिला एसीपी का लाभ

अमृत विचार,लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में सेवारत फार्मासिस्ट को सुनिश्चित करियर प्रोन्नयन( एसीपी ) का लाभ मिल गया है। विभिन्न जिलों में तैनात 248 फार्मासिस्टों को वित्तीय स्तरोन्नयन समिति द्वारा वित्तीय लाभ मिला है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में चीफ फार्मासिस्ट एवं फार्मासिस्ट के पद कार्य करने वालों को 10, 16 व 26 साल में मिलने वाले एसीपी का लाभ दिया गया है। वित्तीय स्तरोन्नयन समिति ने फार्मासिस्टों की निरंतर व संतोषजनक सेवाओं को देखते हुए संस्तुति दी है।

# महिला आयोग सहित अन्य को अध्यक्ष-सदस्यों का इंतजार

## कुछ आयोग ऐसे जिनमें पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हुए वर्षों बीते, लेकिन अध्यक्ष की नहीं हो सकी नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग सहित प्रदेश के ज्यादातर आयोग वर्तमान में खाली हैं। महत्वपूर्ण उद्देश्यों, कानूनों और कोर्ट के आदेश पर गठित कुछ आयोग तो ऐसे हैं जिनमें पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हुए वर्षों बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो वहां अध्यक्ष की नियुक्ति किए गए हैं और न ही सदस्यों की। इनमें उप्र राज्य महिला आयोग, उप्र अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग, उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और उप्र राज्य खाद्य आयोग प्रमुख हैं।

**▸▸ अनुसूचित जाति- जनजाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग और खाद्य आयोग में खाली हैं पद**

महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए गठित उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष के साथ पचीस सदस्यों के पद हैं। आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम, उपाध्यक्ष सुषमा सिंह और अंजू चौधरी के साथ ही 21 सदस्यों का कार्यकाल अगस्त 2022 में पूरा हो गया था। आयोग की बाकी चार सदस्यों का कार्यकाल भी चार नवंबर 2022 को खत्म हो चुका है। दो वर्ष बीतने को है, मगर न तो पुराने सदस्यों का रिन्यूअल किया है और न ही नए सदस्यों की तैनाती की है।

### दो वर्षों से नहीं हुई तैनाती

उप्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और 25 सदस्यों के पद हैं। लेकिन, यहां भी दो वर्षा से अधिक समय बीतने को है। न तो अध्यक्ष की तैनाती हुई और न ही उपाध्यक्ष के दो पदों पर नियुक्तियां हुईं। हालांकि, सरकार ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष बना रखा है।

वहीं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को भी अध्यक्ष समेत अन्य की प्रतीक्षा है। 2022 में जसवंत सैनी को योगी सरकार में मंत्री बनाए जाने के बाद से आयोग में अध्यक्ष का पद खाली है। जुलाई 2022 में आयोग के दोनों उपाध्यक्षों और 25 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों को उनका उचित राशन नहीं मिलने की शिकायतों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के नियमों के तहत 2015 में राज्य खाद्य आयोग की स्थापना की गई थी। राज्य खाद्य आयोग में अध्यक्ष के अलावा पांच सदस्यों के पद स्वीकृत हैं। सपा सरकार में यहां अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की गई थी। लेकिन, सभी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। आयोग भी अब नए पदाधिकारियों की बांट जोह रहा है।

# मऊ और कानपुर देहात में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मऊ और कानपुर देहात में नए आश्रम पद्धति विद्यालय की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। एक विद्यालय के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभाग बजट के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेगा।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। कन्नौज,

**▸▸ एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे**

शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नए विद्यालय के लिए जमीन मिल गई है और शासन ने हरी झंडी भी दे दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों विद्यालय के निर्माण पर 80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शासन से बजट स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा उत्तर प्रदेश

## मुख्यमंत्री ने की आम महोत्सव- 2024 की शुरुआत , कहा- आम उत्पादन में हैं अग्रणी



लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में आयोजित महोत्सव में आम की एक किस्म को दिखाते मुख्यमंत्री योगी।



कार्यक्रम में आम उत्पादकों का भी किया गया सम्मान। अमृत विचार।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा। 160 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि लखनऊ का दशहरी अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। भारत में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपये के बीच है लेकिन यही दशहरी जब अमेरिका के बाजार में पहुंचा तो इसका दाम 900 रुपये किलो हो गया है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, अगर हम ड्यूटी टैक्स, कार्गो और हवाई सफर का किराया भी जोड़ लें तो एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपये तक आ रही होगी तब भी एक किसान एवं बागवान को एक किलो आम पर 600 रुपये की बचत होगी।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2024 की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सामान्य भाषा में जिस फल का नाम आम होता है उस फल में प्रत्येक नागरिक की पहुंच का सहज अनुमान लगाया जा सकता है, वह आम है इसलिए सबके लिए सुलभ भी है और सबके लिए सरल भी है और सबके लिए उपयोगी भी है। अतः जो आम होगा, वही राजा भी होगा और इसीलिए फलों के राजा के रूप में आम को हम सबने महत्व दिया है।

योगी ने कहा कि हमारे यहां बागवान केवल 3:15 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 58 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन करते हैं। देश के कुल आम उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत आम उत्पादन अकेले अपने राज्य में होता है। पिछले वर्ष उद्यान विभाग की टीम मास्को गई थी। इसमें लखनऊ और अमरोहा के किसान गए थे। वहां पर टीम ने आम महोत्सव का आयोजन किया था, जिसमें किसानों को आर्डर भी मिला था।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में देश में अग्रणी है लेकिन अब हमें बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों को बनाए रखने के लिए लगातार काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आम निर्यात करने की संभावनाएं जिन देशों के लिए बन सकती है, उन देशों तक पहुंच को बनाना ही पड़ेगा।

कार्यक्रम में उद्यान, एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त डा. देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 900 रुपये किलो बिक रहा अमेरिका में लखनऊ का दशहरी

#### 120 किस्म के आम हैं प्रदर्शनी में

लगभग 700 से अधिक आम की प्रजातियों का यहां प्रदर्शन किया गया है। इनमें 120 किस्म के विशेष आम रखे गए हैं। यहां मुख्यमंत्री ने एक ट्रक को हरी झंडी भी दिखाई, जिसमें भरे आम विभिन्न देशों को निर्यात होंगे। इसके अलावा उन्होंने प्रगतिशील आम के किसानों को सम्मानित किया और आम स्मारिका का विमोचन किया। 14 जुलाई तक चलने वाले इस महोत्सव में आम खाने की प्रतियोगिता और प्रशिक्षण सेमीनार का आयोजन किया गया है।

#### कई राज्यों के किसान हुए शामिल

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में आम की आम महोत्सव में यूपी के साथ ही मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत कई राज्यों के आम के किसान पहुंचे हैं। इसके साथ ही अलग अलग राज्यों के उद्यान प्रतिनिधि और आम की खेती करने वाले विशेषज्ञ भी पहुंचे हैं।

# बड़े आयोजनों में भी लगेगी सरकारी कर्मियों की डिजिटल अटेंडेंस

**अमृत विचार,लखनऊः** अगले साल प्रयागराज महाकुंभ मेले के आयोजन में अब 6 महीने का समय शेष है। 14 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में दुनियाभर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश भर से बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती होगी। ऐसे में, उनकी दैनिक उपस्थिति को सुनिश्चित करने और रियल टाइम एसेसमेंट करने के लिए राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेने जा रही है। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो भविष्य के बड़े सरकारी आयोजनों में भी इसे लागू किया जा सकता है। फिलहाल शुरुआत महाकुंभ से हो रही है।

महाकुंभ मेले में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम फेशियल रिकग्नीशन बेस्ड मोबाइल ऐप के जरिए काम करेगा। इस ऐप को एंड्रॉयड व आईओएस फॉर्मेट पर कार्य करने के लिए विकसित किया जाएगा। यह योजना 8 महीने के प्रोजेक्ट पीरियड के लिए संचालित होगी, जिसके विकास के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण की जरूरतों के हिसाब से उत्तर प्रदेश सिस्टम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) ने तैयारी शुरू कर दी है।

यूपीडेस्को ने विभिन्न सरकारी महकमों के कर्मचारियों-अधिकारियों के रेगुलर अटेंडेंस के लिए एआई बेस्ड मोबाइल ऐप को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त अटेंडेंस सिस्टम पहले से मौजूद डेटाबेस से ली गई छवि की चयनित चेहरे की विशेषताओं की तुलना के माध्यम से लाइव वातावरण से किसी व्यक्ति की स्वचालित पहचान और सत्यापन में मदद करेगा।

# बेसहारा मरीजों के इलाज की मॉनीटरिंग कैसे हो : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार ने शासनादेश जारी करते हुए, बेसहारा मरीजों के इलाज व अशक्त मरीजों के लिए सहायक दिए जाने का आदेश तो कर दिया गया, जिसकी हम प्रशंसा करते हैं लेकिन इसकी मॉनीटरिंग कैसे की जानी चाहिए, इस बिंदु पर अगली सुनवाई में विचार किया जाएगा। यह टिप्पणी करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में एक बेसहारा व्यक्ति को समुचित इलाज न मिलने का मुद्दा उठाया गया है। याचिका पर जवाब देते हुए राज्य सरकार की ओर से 21 नवम्बर 2023 का एक शासनादेश प्रस्तुत किया गया जिसमें बेसहारा लोगों का इलाज सामान्य वार्ड में किए जाने तथा यदि वे अशक्त हैं तो सहायक मुहैया कराए जाने की बात कही गई है। न्यायालय ने कहा कि वर्तमान मामले में ही एक बेसहारा मरीज को समुचित इलाज न मिलने का आरोप लगाया गया है, हालांकि राज्य सरकार की ओर से इस आरोप को खारिज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त शासनादेश को जनहित में सरकार ने जारी किया है लेकिन इसे समुचित तरीके से लागू भी किया जाना चाहिए। वहीं न्यायालय ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर अस्पताल को उस बेसहारा मरीज को सहायक उपलब्ध कराने के आदेश दिए जिसके सम्बंध में वर्तमान याचिका दाखिल की गए है। न्यायालय ने अधीक्षक को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को भी कहा है कि पिछले एक वर्ष में ऐसे कितने बेसहारा मरीज भर्ती किए गए और उनमें से कितनों को सहायक उपलब्ध कराया गया।

**▸▸ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए की टिप्पणी**

# दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को 10 हजार पशु सखियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**अमृत विचार,लखनऊः** राज्य सरकार पशुधन और ग्रामीण आबादी के विकास व उनकी स्थाई आय बढ़ाने के लिए ए-हेल्प कार्यक्रम का संचालन करने जा रही हैं, जिसे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत अगस्त माह के पहले हफ्ते में लांच किया जाएगा। शुरुआत में इसे 25 जिलों के 50 विकास खंडों में लागू किया जाएगा, जिसके बाद सरकार इसे पूरे राज्य में लागू करेगी। इसके अंतर्गत अगले दो साल में 10 हजार पशु सखियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस पायलट प्रोजेक्ट का उद्देश्य सरकारी पशु चिकित्सालयों के साथ समन्वय बनाना है ताकि आवश्यक पशु चिकित्सा सेवाओं जैसे एथनो-वेट प्रथाओं, पशु रोगों की रोकथाम, समय पर टीकाकरण, कृमिनाशक दवाएं, पशु बीमा आदि को गांव में ही उपलब्ध कराया जा सके।

## वर्ग पहेली-129

**बाएं से दाएं**

1.1. कुटिल व चालाक, काइयां, स्वार्थी 2. जिसके मन की बात को जानना बहुत कठिन है 3. खेतीबारी तथा गांव संबंधी कहावतों के लिए भोजपुरी बोली के एक प्रसिद्ध कवि तथा लोकमर्मज्ञ 4. जादूगर, बाज़ीगर 5. अनुभवी और नीतिज्ञ विद्वान।

3.1. विशेष घर जो मिट्टी

4.1. पछताने की क्रिया या भाव 2. पश्चाताप, अफ़सोस 3. अनुचित कार्य करने के बाद होने वाली आत्मग्लानि।

7.1. राजनीति करने वाला, राजनेता 2. अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दूसरे को बेवकूफ़ बनाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

2. मज़ेदार, मिर्च-मसालेदार, चरपरा।

3.1. वह जो बलवा करे, विद्रोही, बागी 2. वह जो अशांति फैलाए।

5.1. आबाद, बसा हुआ 2. भरा-पूरा 3. संपन्न, समृद्ध।

6.1. धर्मानुसार देवता को अर्पित की जाने वाली वस्तु 2. चंदन आदि के लेप से बनाई हुई रेखा, लकीर 3. श्रेणी, पंक्ति 4. सिकुड़न के कारण शरीर पर पड़ी हुई लकीर, झुर्री 5. पेट के दोनों ओर पेटी के सिकुड़ने से पड़ी हुई रेखा, बल 6. (पुराण) एक दैत्य जो प्रह्लाद का पौत्र था और जिसे विष्णु ने वामन अवतार लेकर छला था 7. प्राचीन भारत में एक राजकीय कर 8. बवासीर का मस्सा 9. छप्पर का वह किनारा जहां से बरसात का पानी नीचे गिरता है, छाजन की ओलती 10. पीले रंग का खनिज पदार्थ, गंधक 11. एक प्रकार का वाद्य यंत्र।




### वर्ग पहेली -128 का हल




# फरियादियों की सुनिये, फिर संवाद कर कार्रवाई कीजिये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। पीड़ितों ने पुलिस, कब्जा, स्थानांतरण आदि मुद्दों को लेकर योगी से अपनी वेदना रखी, जिस पर उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों की सुनिये, फिर संवाद कर कार्रवाई कीजिये। हर उचित मामलों में पीड़ित की संतुष्टि जरूरी है।

**▸▸ मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं पीड़ितों की शिकायतें**

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। एक शिक्षक ने अपनी निजी परेशानी को बताते हुए स्थानांतरण का आग्रह किया, जिस पर उनके आवेदन को कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशालय भेज दिया गया। वहीं मृतक आश्रित कोटे से नौकरी का प्रार्थना पत्र लेकर भी एक फरियादी पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों को इसे सम्बंधित विभाग में भेजकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक कल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति रविवार को डा. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल होकर विचार प्रकट करेंगे। इससे पहले शनिवार को बैठक के एजेंडे व अन्य विषयों पर चर्चा के लिए पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में ही होगी।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों व अन्य विषयों पर चर्चा के लिए शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने विभिन्न व्यवस्थाओं से जुडे पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक में तैयारियों पर चर्चा कर उन्हें अन्तिम रूप दिया।

### कई मायनों में अहम होगी बैठक

अमृत विचार : भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपने को लेकर प्रदेशवासियों का आभार जताया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे को आगे बढ़ाने पर चर्चा संभव है। दरअसल, लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद होने जा रही यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। इसमें प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव की तैयारियों की रणनीति भी तय होगी। साथ ही लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन से निराश नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह जगा कर विस उपचुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया जाएगा। विपक्ष के दुष्प्रचार की भी काट निकालने का रास्ता तय होगा।

## सुडोकू -42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 7 | | |
| 8 | | 3 | 5 | | 6 | | | 4 |
| | | 1 | 7 | | | 6 | | 3 |
| | 3 | | | 8 | 9 | | | 1 |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 9 | | | 3 | 5 | | | 7 | |
| 6 | | 4 | | | 5 | 8 | | |
| 7 | | | 1 | | 8 | 9 | | 6 |
| | | 9 | | | | 5 | | |

### सुडोकू -41 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 |
| 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 .05 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त 19 .15 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज आपका कोई विरोधी समस्या दे सकता है। घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बढ़ते खर्च को लेकर आप परेशान रहेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारियों के कोप का शिकार हो सकते हैं।

**वृष** — आज बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति मिलेगी। आपको मनचाहा कार्य करने को मिल सकता है। उद्योग धंधे की योजना अमल में आएगी। यदि आपका कोई वाद विवाद लंबे समय से चला रहा था तो उससे आपको छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन** — आज व्यापार में कठिन परिश्रम के अनुपात में कम लाभ होने से मन खिन्न रहेगा। नौकरी में आपको झूठा आरोप लगने पर महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है। नए कार्य को शुरू करने से पहले उसके लाभ हानि का विचार अवश्य करें।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में ज्यादा जोखिम लेने से बचें। व्यापार में कोई ऐसी घटना घट सकती है,जिससे भविष्य में बड़ा लाभ होगा। कोई नवीन दायित्व मिल सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्य कर रहे लोगों को विदेश यात्रा करने का अवसर प्राप्त होगा।

**सिंह** — आज व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। नवीन व्यापार अथवा उद्योग धंधे की शुरुआत करने के योग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की अभिलाषा पूरी होने के योग हैं। शारीरिक समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे।

**कन्या** — आज आपको व्यवसाय मे फंसा हुआ धन मिलने के पूरी संभावना है। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मुलाकात करने आ सकता है। राजनीति में आपको उच्च पद मिल सकता है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**तुला** — आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। राजनीति में विरोधियों को पीछे कर आप महत्वपूर्ण पद अथवा जिम्मेदारी प्राप्त करेंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा घातक सिद्ध हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत व्यर्थ की भागदौड़ के साथ होगी। कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बनते-बनते बाधा आ जाएगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने चरित्र को पवित्र बनाए रखें, अन्यथा आप किसी बड़ी मुसीबत में फस सकते हैं।

**धनु** — आज उद्योग धंधे में किसी सरकारी मदद से लाभ होगा। बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। कला, अभिनय की दुनिया में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सामाजिक कार्य में काम सोच-विचार कर करें। विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखे।

**मकर** — आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आप यदि कोई धन संबंधित मदद मांगेंगे तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। व्यर्थ की चिंता की स्थिति बनी रहेगी। विवेकपूर्ण निर्णय जीवन में बदलाव ला सकता है।

**कुंभ** — आज व्यापार में कोई विश्वासपात्र व्यक्ति धोखा दे सकता है। किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति के क्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता बनी रहेगी। यात्रा में वाहन कुछ तनाव दे सकता है।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। खेल, कूद ,प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रयोग उन्नति कारक सिद्ध होंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
भीष्म — सुबह : 10 .45
खून भरी मांग — रात : 07 .00

**SONY PIX**
सैन एंड्रियास — सुबह : 11 .25
जस्टिस लीग — रात : 09 .00

**&pictures**
मि . एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11 .23
रमैया वस्तावैया — रात : 07 .30

**ZEE CINEMA**
वलाटी — सुबह : 10 .56
स्कंदा — रात : 08 .30

**colors CINEPLEX**
हम आपके हैं कौन — सुबह : 10 .15
सत्यम शिवम सुंदरम — शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बच्चा- नल से आते पानी को देखकर बोला,पापा ये पानी कहां से आता है?
पापा- बेटा नदी से...
बेटा-तो फिर मुझे नदी देखनी है।
पापा उसे नदी दिखाने ले जाते हैं।
बच्चा उन्हें नदी में धक्का मारकर गिरा देता है और भागता हुआ घर आकर मां को कहता है।
मम्मी जल्दी से नल खोलो ,पापा आते होंगे...

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों,जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेंगी।

# 40 साल बाद बाहर आया सिख विरोधी दंगे का जिन्न

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- श्री गुरु सिंह सभा ने कई नए तथ्य जोड़कर मुसीबत बढ़ाई मौत का आंकड़ा गलत बताया

**अमृत विचार।** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी हिंसा फैली थी, जिसमें बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। यूपी सरकार के रिकार्ड में 127 मौतें दर्ज हैं। श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन एवं पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह ने 1984 की घटना में कई नए तथ्य जोड़कर जांच, मुआवजा और मृतकों की संख्या को लेकर नए दावे किए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

पूर्व एमएलसी का कहना है कि जस्टिस रंगनाथ मिश्रा आयोग ने घटना की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यूपी में 127 सिखों की दंगे में जान गई जबकि आरटीआई के माध्यम से मरने वालों की संख्या 141 दी गई है। तमाम लोगों की गिनती ही नहीं हुई।

### गुमशुदगी दर्ज कराई तो पुलिस ने 8 साल इंतजार करने को कहा

श्री गुरु सिंह सभा कानपुर के चेयरमैन सरदार कुलदीप सिंह ने कहा कि तमाम ऐसे सिख समाज के लोग हैं जिनके परिवार के लोगों को ट्रेन, बस में मार दिया गया। जब उनके परिजनों ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की तो थाने से कहा गया कि 8 साल इंतजार करिए, यदि 8 साल तक नहीं आते हैं तो कार्रवाई होगी। उनका दावा है कि दर्जनों लोग ऐसे हैं जिनका आजतक कुछ पता नहीं है।

### 2017 में प्रमुख सचिव ने हाईकोर्ट को सौंपे थे आंकड़े

13 सितंबर 2017 को यूपी के प्रमुख सचिव ने हाईकोर्ट को हलफनामा सौंपा था कि यूपी में 1984 के दंगे में 204 लोगों को 6 करोड़ 65 लाख रुपये मुआवजा दिया गया है। दंगे में घायल 7 सिखों को 12 लाख, 19 हजार रुपये आवंटित किया गया। पलायन करने वाले 58 सिख परिवारों को 3695 हजार रुपये बांटे गए। संपत्ति नुकसान के लिए 9424 पीड़ितों को 18 करोड़, 50 लाख दिए गए।

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा

सरदार कुलदीप सिंह ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान व अन्य मुस्लिम देशों से गैर मुस्लिमों को भारत लाने के लिए कानून में बदलाव किया गया है, लेकिन 1984 में कितने ही सिख परिवार भय के कारण पलायन कर गए, ऐसे में पहले उन सिख परिवारों का पुनर्वास करें, उसके बाद दूसरे देशों के लोगों को भारत में नागरिकता दें।

# सिग्नेचर सिटी अड्डे से पहले दिन 25 बसें दौड़ीं

**खुशखबरी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे से शुक्रवार को बसों का संचालन विधिवत शुरू हो गया। पहले दिन बस अड्डे से सुबह सात बजे पहली बस अयोध्या के लिए चली तो उसमें अयोध्या के केवल तीन यात्री ही मिले। इसके साथ ही दिल्ली, लखनऊ, बिधूना समेत 11 प्रमुख मार्गों के लिए यहां से बसों का संचालन किया गया।

विकास नगर स्थित सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे पर यात्रियों का आवागमन शुरू हो गया है। शुक्रवार को लखनऊ के लिए रवाना हुई पहली बस में 8 यात्री गए जबकि बिधूना की बस में 22 सवारी मिलीं। क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर परिक्षेत्र अनिल कुमार ने बताया कि बस अड्डे से पहले दिन ही यात्रियों के आवागमन का सिलसिला शुरू हो गया। सभी बसें वाया गंगा बैराज, सरैया क्रासिंग होते हुए लखनऊ व अन्य मार्गों पर चल रही हैं।

इससे बसों को कहीं जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ के यात्रियों का लगभग एक घंटे का समय बच रहा है। यहां से सवारियां अब बढ़ेंगी।



सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डा पर खड़ी बसें। अमृत विचार

- लखनऊ रवाना हुई पहली बस में 8 यात्री गए अयोध्या की बस में अयोध्या के सिर्फ तीन यात्री मिले, जल्दी ही बढ़ेगी यात्री संख्या
- गंगा बैराज मार्ग से बसों का संचालन होने से लखनऊ की यात्रा में लगभग 1 घंटा समय बचने का किया जा रहा दावा

### झकरकटी बस अड्डे पर 40 बसें हुईं कम, सिग्नेचर अड्डे से 250 बसें चलाने की तैयारी

सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डा के चालू होते ही पहले दिन शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा पर 40 बसों का बेड़ा कम हो गया है। इससे बस अड्डे को भीड़भाड़ से राहत मिली है। सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डा से भविष्य में 250 बसों को चलाने की तैयारी है। इससे झकरकटी बस अड्डा पर बसों की संख्या में भारी कमी आएगी और यहां से बसें अपने निर्धारित समय से चलने लगेंगी।

# अब सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीनें

## अभी तक कई केंद्रों पर नहीं थी एक्सरे की सुविधा, घायल और बीमार होते थे परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सड़क हादसों में घायल और गंभीर बीमार मरीजों को एक्सरे के लिए स्ट्रेचर पर लेटकर अब हैलट या उर्सला अस्पताल अथवा निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मरीजों को बेड पर ही एक्सरे की सुविधा मिलेगी। इसके लिए जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध करायी जा चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक्सरे सुविदा की शुरुआत होने से गंभीर मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

जिले में बिल्हौर, घाटमपुर, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिधनू, भीतरगांव, सरसौल, कल्याणपुर समेत 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इनमें से अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र हाइवे किनारे बने हुए हैं। इसके चलते प्रतिदिन 20 से 25 लोग सड़क हादसों में घायल होकर यहां पहुंचते है। औसतन 18 से 20 मरीज गंभीर बीमारी से ग्रस्त पहुंचते हैं, इनमें से कई मरीजों का एक्सरे कराने की जरूरत पड़ती है। लेकिन इन 10 सीएचसी में से कुछ सीएचसी में एक्सरे की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, इस वजह से मरीजों को हैलट, उर्सला या निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। निजी सेंटरों में एक्सरे कराने पर सरकारी रेट से दोगुना रुपया चुकना पड़ता था। मरीजों की हालत गंभीर देखते हुए उनको उर्सला या हैलट अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।

अब इस समस्या का समाधान हो गया है। शासन द्वारा जिले के सभी 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध करा दी गई हैं, इनकी स्थापना होने से मरीजों को एक्सरे कराने के लिए परेशान नहीं होगा पड़ेगा।

शासन की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एडवांस तकनीक की मशीन उपलब्ध कराई हैं, जो पूर्ण रूप से पोर्टेबल है। पोर्टेबल होने की वजह से सीएचसी में मशीन खुद चलकर मरीज के बेड तक जाएगी और गंभीर मरीज का एक्सरे उसी स्थान पर करेगी। इसके लिए मशीन के साथ सीएचसी में टेक्निशियन उपलब्ध रहेंगे। इससे आसानी से एक्सरे हो जाएगा।



पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन।

> शासन से कुछ माह पहले ही पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई है, जो सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंच गई हैं, इनका संचालन कुछ सीएचसी में शुरू भी हो गया है। कुछ में टेक्नीशियन आने पर शुरू कर दिया जाएगा। मशीन की मदद से गंभीर मरीजों का बेड पर ही एक्सरे किया जाना संभव होगा।
>
> –डॉ.आलोक रंजन, सीएमओ, कानपुर नगर

# फिर शुरू हुआ मैटेरियल साइंस में बीटेक कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 30 सीटों पर छात्र-छात्राओं को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे प्रवेश

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में फिर से मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू हो रही है। बीटेक के इस पाठ्यक्रम में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि भविष्य में मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियिरंग के विशेषज्ञों की मांग बढ़ेगी। इंजीनियरिंग के बदलते पैटर्न और इंडस्ट्री की मांग को देखते हुए विश्विद्यालय प्रशासन ने दोबारा मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक का पाठ्यक्रम शुरू किया है। यूआईईटी में संचालित इस पाठ्यक्रम में 30 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। आईआईटी के बाद सीएसजेएमयू ही मैटेरियल साइंस से बीटेक की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। कुलसचिव डा. अनिल यादव ने बताया कि 15 फीसद सीटें ईडब्ल्यूएस कोटे से भरी जाएंगी।




### बीटेक-आईटी की सीटें सीएस में समाहित

सत्र 2024–25 में हुए बदलाव के क्रम में विश्वविद्यालय ने बीटेक आईटी की सभी सीटों को एआईसीटीई (आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन) के समक्ष सरेंडर कर दिया। इसके चलते विश्वविद्यालय से अब इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) में छात्र–छात्राएं बीटेक नहीं कर सकेंगे। लेकिन आईटी की सीटों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों एवं इंडस्ट्री में कंप्यूटर साइंस के विशेषज्ञों की मांग अधिक देखते हुए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के बीटे कोर्स में समाहित कर दिया है।

## सार-संक्षेप



पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदर्शन करते रेलवे कर्मचारी। अमृत विचार

### पुरानी पेंशन करें बहाल, वर्ना रेल का करेंगे चक्का जाम

**कानपुर।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन ने मंडल अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी की अगुवाई में सेंट्रल स्टेशन पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए धरना–प्रदर्शन किया गया। चालक लॉबी के पास एकत्र हुए यूनियन के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने पहले धरना दिया फिर प्रदर्शन व नारेबाजी की। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यूनियन लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन कर रही है। तीन दिवसीय भूख हड़ताल समेत कई बार प्रदर्शन किया गया है। पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि पुरानी पेंशन योजना जल्द बहाल नहीं की गई तो रेल का चक्का जाम किया जाएगा। प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष नरेश यादव, विक्रम सिंह, केएम तिवारी, अनूप यादव, राम निवास मीना, महेंद्र यादव, रवि शंकर सिंह, अंकित शुक्ला, महेंद्र सिंह, अजीत यादव आदि रहे।



एसीएम चार को ज्ञापन देते सभा के लोग। अमृत विचार

### टेलीकॉम कंपनियां मूल्य वृद्धि वापस लें

**कानपुर।** मोबाइल रिचार्ज प्लान में टेलीकॉम कंपनियों की ओर से की गई मूल्य वृद्धि के विरोध में शुक्रवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा के कार्यकर्ता जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी से मुलाकात नहीं हो पाने पर प्रदर्शनकारियों ने सूचना मंत्रालय को संबोधित ज्ञापन एसीएम–4 को सौंपा। सभा के जिला महामंत्री चमन खन्ना ने कहा कि टेलीकॉम कंपनियां मनमानी पर उतारु हैं। रिचार्ज और डाटा प्लान में की गई बढोतरी सभी को भारी पड़ रही है। केंद्रीय सूचना मंत्रालय से हमारी मांग है कि कंपनियां मूल्य वृद्धि वापस लें। रिचार्ज पूरे एक माह का दिया जाए, उपभोक्ताओं को राहत के लिए बीएसएनएल को मजबूत किया जाए। बिनोद पांडेय, चमन खन्ना, अमित केशरवानी, अरविंद गुप्ता, साहिल कुमार, आशा खालिद, अमित शुक्ला, अनूप कटियार, उमाकांत, शेखर भारतीय, आनंद गौतम शामिल रहे।

### ग्लोबल वार्मिंग से बचाने को करेंगे जागरूक

**कानपुर।** ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए शहर में जस्ट फॉर एनवायरमेंट के सदस्य जागरूक करेंगे। यह बात संगठन के संरक्षक एवं एनएसआई के पूर्व निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने कही। उन्होंने बताया कि शहर को प्रदूषण मुक्त, स्वच्छ एवं हरियाली युक्त बनाने की दिशा में संस्था काम करेगी, जिससे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। स्वरूप नगर कार्यालय में उन्होंने वार्ता के दौरान कहा कि संस्था प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, अपशिष्ट को नियंत्रित करने और इसके प्रबंधन एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं का पालने के लिए संस्था अभियान चलाएगी।

# ब्रोंकोस्कोपी मशीन के लिए शासन से गुहार




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांशीराम अस्पताल में प्रतिदिन आते हैं श्वांस रोगों के करीब 50 मरीज

**अमृत विचार।** शहर में जगह-जगह हो रही खोदाई के कारण वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण सांस रोगियों की संख्या भी बढ़ी है। इसके अलावा अधिक स्मोकिंग करने की वजह से युवाओं में सांस संबंधित समस्याएं बढ़ी है। सांस लेने में तकलीफ होने पर तमाम मरीज कांशीराम अस्पताल आते हैं, जिनकों जांच व इलाज के लिए मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल भेजा जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। कांशीराम अस्पताल में ही उनकी ब्रोंकोस्कोपी होगी।

रामादेवी स्थित कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर में आसपास क्षेत्र के साथ ही नौबस्ता, यशोदा नगर, श्याम नगर, घाटमपुर, साढ़, हमीरपुर, फतेहपुर समेत आदि क्षेत्र से मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इस वजह से यहां की ओपीडी तीन से चार सौ मरीजों की होती है, जिनमें 40 से 50 मरीज सांस रोग से संबंधित रहते हैं। लेकिन अस्पताल में सांस रोगियों के इलाज में सहायक पर्याप्त साधन और मुख्य जांच की सुविधा नहीं है। इसलिए यहां पर आने वाले मरीजों को परामर्श तो दिया जाता है, लेकिन जांच व इलाज के लिए उनको 16 किलोमीटर दूर स्थित रावतपुर में मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में भेजा जाता है। चेस्ट अस्पताल आने पर मरीजों को जांच व इलाज की सुविधा मिलती हैं, लेकिन आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। इसे देखते हुए कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वदेश गुप्ता ने शासन को पत्र लिखकर ब्रोंकोस्कोपी मशीन की मांग की है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वदेश गुप्ता के मुताबिक प्रतिदिन 20 से 30 मरीजों को जांच के लिए हैलट के मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल भेजा जाता है। ब्रोंकोस्कोपी मशीन आने पर मरीजों को जांच के लिए अन्य अस्पताल नहीं जाना होगा।

### श्वांस, संक्रमण और फेफड़ों की होगी जांच

कांशीराम अस्पताल में तैनात चेस्ट फिजीशियन डॉ.ओपी राय ने बताया कि अस्पताल में काफी संख्या में सांस रोगी आते हैं, जिसे देखते हुए ब्रोंकोस्कोपी मशीन की मांग की गई है। ब्रोंकोस्कोपी के जरिये मरीज के श्वसन मार्ग और फेफड़ों की जांच आसानी से की जाती है। लगातार संक्रमण या खांसी के मरीजों या फिर एक्सरे में असाधारण सा दिखाई देने पर ही विशेषज्ञ ब्रोंकोस्कोपी जांच कराने की सलाह देते हैं। इसका इस्तेमाल बलगम, गले और फेफड़ों से ऊत्तकों का नमूना लेने के लिए किया जाता है। निमोनिया, टीबी और फेफड़ों के कैंसर के अलावा अन्य मरीजों के उपचार के दौरान भी ब्रोंकोस्कोपी जांच कराई जाती है। इस तकनीक से ये भी पता चलता है कि फेफड़े का कौन सा हिस्सा प्रभावित है।

# सद्भावना मंडप तैयार, मिलेगा बहुउद्देशीय हॉल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कैंट बोर्ड को अगले माह एक और बहुउद्देशीय हॉल मिल जाएगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने छबीले का पुरवा में 300 व्यक्तियों की क्षमता वाला सद्भावना मंडप तैयार कराया है। इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब फिनिशिंग कार्य चल रहा है। दो करोड़ 34 लाख रुपये लागत से तैयार हो रहा यह सद्भावना मंडप गरीब बेटियों के शादी समारोह में गेस्ट हाउस की समस्या दूर करेगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार के लिए भी उपलब्ध होगा।

कैंट क्षेत्र के छबीले का पुरवा में सद्भावना मंडप का निर्माण कार्य अंतिम दौर मे हैं। सद्भावना मंडप के निर्माण का उद्देश्य यह है कि गरीब बेटियों को शादी समारोह के लिए कम खर्च में सुख-सुविधा युक्त स्थान उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार के साथ 300 व्यक्तियों की क्षमता वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आसानी से हो सकेंगे। सद्भावना मंडप में सभी समुदाय के लोग मांगलिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। हालांकि आवंटन में अल्पसंख्यक समाज को प्राथमिकता दी जाएगी। यहां सरकारी कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। आवंटन के लिए बहुत कम राशि का भुगतान करना होगा। इस राशि का निर्धारण कैंट बोर्ड करेगा। सद्भावना मंडप कैंटोमेंट बोर्ड को सौंप दिया जाएगा।



कैंट क्षेत्र के छबीले पुरवा में तैयार सद्भावना मंडप। अमृत विचार

> सद्भावना मंडप का बहुउद्देशीय इस्तेमाल किया जाएगा। निर्माण आखिरी दौर में चल रहा है। उम्मीद है कि इसे अगस्त माह के अंत तक कैंट बोर्ड के सुपुर्द कर दिया जाएगा। इससे गरीब वर्ग को शादी समारोह व अन्य मांगलिक आयोजनों में बड़ी सहूलियत मिलेगी।
>
> –पवन कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी

### 2000 वर्ग मीटर में निर्माण वाहन पार्किंग का भी इंतजाम

सद्भावना मंडप का भवन 2000 वर्ग मीटर में बनाकर तैयार किया गया है। कुल लागत 2.34 करोड़ रुपये में केंद्र सरकार की ओर से 1.40 करोड़ और राज्य सरकार ने 93.6 लाख दिए हैं। कार्यदायी संस्था वक्फ विकास निगम इस भवन का निर्माण कर रहा है। सद्भावना मंडप में एक हॉल, एक ऑफिस, दो कमरे, किचन और बाथरूम हैं। कार्यक्रम के दौरान एक बड़ा क्षेत्र बाहर वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित किया गया है। सुरक्षा कर्मियों के लिए अलग से एक रूम की व्यवस्था होगी। शादी–विवाह के लिए बुकिंग होने पर मंडप के दो कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे।

**रोजगार संगम पोर्टल** — सॉफ्टवेयर में समस्या के कारण युवाओं के सामने कैफे जाने की मजबूरी

# मोबाइल से नहीं हो रहा पोर्टल पर पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे युवाओं को करना है पोर्टल पर अपना पंजीयन

**270** संस्थानों के युवाओं का होना है पंजीयन

**48,461** युवाओं का पूरे जिले में होना है रजिस्ट्रेशन

**188** संस्थानों के युवाओं ने अब तक किया उपयोग

**3,853** युवा ही अब तक पोर्टल पर पंजीकरण करा पाए

**अमृत विचार।** सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर युवा मोबाइल से अपना पंजीकरण नहीं करा पा रहे हैं। इसकी वजह पोर्टल पर सॉफ्टवेयर संबंधी समस्या बताई जा रही है। मोबाइल से पंजीकरण न हो पाने की वजह से युवाओं को रजिस्ट्रेशन के लिए इंटरनेट कैफे जाना पड़ रहा है। अधिकारियों की माने तो पोर्टल केवल डेस्कटॉप पर ही खुल रहा है। इसकी सूचना निदेशालय भेजी जा चुकी है।

सेवायोजन विभाग ने हाल ही अपना नया पोर्टल रोजगार संगम लांच किया है। इस पोर्टल पर जिले में 271 संस्थानों के 48,461 युवाओं का पंजीयन कराना है। फिलहाल पोर्टल पर 3,853 पंजीकरण ही हुए हैं। इस पोर्टल पर अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे फ्रेशर युवाओं का पंजीयन होना है। पोर्टल के जरिए युवाओं को काउंसिलिंग, रोजगार, सरकारी व निजी क्षेत्र रिक्तियों की जानकारी सहित कॉलेज कैंपस जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इस पोर्टल पर सिर्फ अंतिम वर्ष में पढ़ाई करने वाले युवाओं का ही पंजीकरण हो सकता है। लेकिन पोर्टल पर पंजीकरण में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। पोर्टल मोबाइल फोन पर खुल तो रहा है लेकिन उसमें मौजूद जानकारियां भरने पर वह लोड नहीं हो पा रही है। अधिकारियों ने इसे तकनीकी समस्या बताया है। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं की शिकायत पर जब पोर्टल खोला गया तो वह सिर्फ डेस्कटॉप पर ही पंजीकरण करा रहा था। इसकी सूचना निदेशालय भिजवाई गई है। पोर्टल पर मोबाइल फोन से भी पंजीकरण हो सकेगा।

### 8 फीसदी ही अब तक हो पाए पंजीयन




रोजगार के लिए फ्रेशर युवाओं के लिए शुरू हुए पोर्टल पर अब तक 8 फीसदी आवेदन ही हो सके हैं। पोर्टल पर बेहद कम पंजीकरण की बड़ी वजह मोबाइल से रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाना है। लगभग एक महीने से जिले में शुरू पंजीकरण में अब तक ज्यादातर आईटीआई और पॉलीटेक्निक के युवाओं ने ही पंजीकरण कराया है। निजी संस्थानों के पंजीकरण केवल 2 फीसदी ही हो सके हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**आवश्यकता है**
मोहम्मद अली नजीर फातिमा पीजी कॉलेज गौरीखालसा मुसलमानावाद हरदोई
में स्नातकोत्तर स्तर पर एम .एस .सी में जन्तुविज्ञान वनस्पति विज्ञान भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय में दो–दो प्रवक्ताओं की।
शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार देय होगा ।
मो0–9695400001,991942439

**सूचना**
सूचित है कि मेरा इंटरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाण पत्र रोल नंबर 0542700 वर्ष 2003 वास्तव में खो गया है। –देवेश कुमार सिंह पुत्र उदय नारायण सिंह निवासी हुजूरपुर बहराइच

**PLOT FOR SALE:**
Village teephar district barabanki on lko. Deva Sharif road. on guari crossing.left side road about 1.3 km new Govardhan city.4000sq.ft. plot. three sides proposed road. dhara143pass residential mutation done.This village (teephar) is included state capital region(SCR)
Contact on 9415522420

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैं सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी निवासी– ग्राम रामनगर तरहर, परगना–तहसील व जिला गोंडा का हूं। मेरा नाम पासपोर्ट में सलिल कुमार तिवारी पुत्र श्री कृष्ण मोहन तिवारी था। जो अब बदलकर सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी कर लिया गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सलिल कुमार तिवारी पुत्र श्री कृष्ण मोहन तिवारी को गलत व अवैध समझा जाए। – सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी, निवासी– ग्राम रामनगर तरहर परगना तहसील व जिला– गोंडा

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड एवं समस्त कागजात में मेरा नाम DILIP KUMAR YADAV है। पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से DILEEP KUMAR YADAV अंकित है। जिसको सही कर DILIP कर देना न्यायोचित होगा। –दिलीप कुमार यादव पुत्र दिनेश कुमार यादव, ग्राम शंकरपुर, पोस्ट पखरौली कोतवाली देहात।, सुल्तानपुर (उ0प्र0)

# बालिका को अगवा कर दुष्कर्म, हालत गंभीर

## शादी समारोह में मां के साथ आई थी गेस्ट हाउस, जिलाधिकारी अस्पताल तो मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में मां के साथ शादी समारोह में भाग लेने आई चार बर्ष की बालिका को गेस्ट हाउस से अगवा कर दुष्कर्म किया गया। गेस्ट हाउस से थोड़ी दूरी पर बालिका अचेत पड़ी मिली। उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार देर रात बारात आई थी। इस शादी समारोह में थाना कमालगंज क्षेत्र का एक परिवार शामिल होने के लिए आया था। मां के साथ विवाह समारोह में चार वर्षीय बच्ची गेस्ट हाउस में खेल रही थी। अचानक खेलते-खेलते बच्ची गायब हो गई। रात करीब 11 बजे परिजनों ने बच्ची को गायब देखा तो उन्होंने उसकी खोजबीन की गई पर बच्ची का गेस्ट हाउस में कहीं कुछ पता नहीं चला।


घटनास्थल पर जायजा लेते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी। अमृत विचार


जिला महिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह।

इसके बाद परिजनों ने गेस्ट हाउस से बाहर निकल कर खोजबीन की। गेस्ट हाउस से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर कबीर नगर मार्ग पर सड़क किनारे वह बेहोश पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। वहां डॉक्टर ने बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद महिला पुलिस कर्मी के साथ परिजनों ने बच्ची को डॉ राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। बच्ची के पैरों की तोड़ियां भी गायब है। बच्ची की मां ने बताया कि बच्ची को गोद में लेकर वह कार्यक्रम में घूम रही थी। थक जाने के कारण बच्ची को नीचे उतार दिया था। 10 मिनट में बच्ची गेस्ट हाउस से गायब हो गई। बताया कि सीसीटीवी फुटेज में जो युवक दिखाई दे रहा है उसे हम लोग नहीं पहचानते हैं। पुलिस ने गेस्ट हाउस में पहुंचकर हलवाई और वेटर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में सभी को छोड़ दिया गया। सीसीटीवी फुटेज में बच्ची अकेली गेस्ट हाउस से जाते दिख रही है। उसके आगे एक युवक दिख रहा है। हालांकि उस युवक को लड़की और लड़के पक्ष ने पहचानने से इनकार कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचे एसपी आलोक प्रियदर्शी ने सीओ तथा कोतवाल को आरोपी को तलाशने के निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना की सूचना पर महिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी वीके सिंह व सीएमओ अवनींद्र कुमार को सीएमएस डॉ. कैलाश दुल्हानी ने बताया की बच्ची को डाक्टरी परीक्षण के बाद भर्ती कर लिया गया है। बच्ची के इंटर्न पार्ट में इंजरी है। सर्जन को केस रेफर किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बालिका के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

## शिकायतों के फर्जी निस्तारण से क्षुब्ध होकर मांगी इच्छा मृत्यु

**फर्रुखाबाद।** शिकायतों का राजस्व विभाग ने फर्जी निस्तारण कर दिया। इससे क्षुब्ध ग्रामीण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीएम डॉक्टर वीके सिंह से इच्छा मृत्यु की मांग की है।

अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव बलीपट्टी रानी गांव निवासी श्याम बिहारी अवस्थी ने दबंगों के उत्पीड़न की कई बार शिकायत की हैं। लेकिन राजस्व विभाग ने फर्जी निस्तारण कर दिया । जिससे क्षुब्ध श्याम बिहारी अवस्थी ने इच्छा मृत्यु की अनुमति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और फर्रुखाबाद डीएम डॉ. वीके सिंह को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अतुल कुमार सिंह को सौपा हैं। कहा कि उन्होंने तीन वर्ष में कई बार शिकायतें की हैं। जिसमें लोकभवन व राजभवन से निर्देश पत्रों पर तहसील प्रशासन द्वारा फर्जी व निर्थक तत्वहीन जांच आख्या भेजी गई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के भेजे गए चार पत्रों पर राजस्व विभाग द्वारा फर्जी निस्तारण किया गया है। प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार से क्षुब्ध होकर उसने इच्छा मृत्यु की मांग की है।


रोते बिखते परिजन। अमृत विचार

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना जहानगंज क्षेत्र में खेलने गए दो बच्चों की पानी भरे गड्ढे में डूब कर मौत हो गई। दोनों रिश्ते में भाई थे। गड्ढे में बरसात का पानी भरा हुआ था।

थाना क्षेत्र के गांव बहोरिकपुर निवासी शिवकुमार का 8 वर्षीय पुत्र आशीष अपने बुआ नीलम के 8 वर्षीय पुत्र रेशू के साथ गुरुवार शाम 6 बजे खेतों की ओर घूमने गया था। इस दौरान शिवकुमार के खेत के पास ही स्थित पुलिया के निकट गड्ढे में भरे बरसाती पानी में दोनों बालक डूब गए। देर रात तक घर वापस न आने पर दोनों बालकों की खोजबीन की गई तो रात करीब 11.30 बजे दोनों बालकों के शव पानी भरे गड्ढे में मिले। बच्चों के शव देखकर दोनों परिवारों के का रो-रोकर बुरा हाल था। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए देर रात फतेहगढ़ भेज दिया। थानाध्यक्ष भोलेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## महिला की मौत पर हत्या का आरोप

**कंपिल फर्रुखाबाद।** पेट दर्द होने पर महिला की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन महिला को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया।

क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी प्रमोद की पत्नी गीता की शुक्रवार सुबह से ही अचानक पेट में दर्द शुरू हो गया। परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन महिला का शव लेकर घर चले गए।

मायके पक्ष से बेटी की मौत की सूचना पर पहुंचे जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव टडई निवासी पिता लीलाधर ने बेटी की हत्या करने का आरोप लगा हंगामा काटा। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांचकर मृतका के पिता को समझाया। परिजनों ने बताया कि मृतका के छः बच्चे हैं। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# राजस्व वसूली कम पाए जाने पर जिलाधिकारी का पारा चढ़ा

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीकेसिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली बहुत कम पाई गई। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कोई भी जीएसटी का अधिकारी कार्य मे रुचि नही ले रहा है।शासन को पत्र लिख मुख्यालय स्तर से जाँच करा कार्यवाही की जाये।स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई।परिवहन विभाग की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई।

एआरटीओ को निर्देशित किया कि अपेक्षित सुधार करे व प्रवर्तन की कार्यवाही तेज करे। विभाग द्वारा डग्गामारी पर प्रभावी कार्यवाही नही की जा रही है ।विद्युत विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई ।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विद्युत की आपूर्ति बार-बार बाधित न हो। जितने भी ढीले तार


बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. वीकेसिंह। अमृत विचार

● **खनन अधिकारी से किया गया स्पष्टीकरण तलब**

है उन्हे टाइट किया जाये। क्षतिग्रस्त पोलो को तत्काल बदला जाये , जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसी भी विभाग में कोई भी प्राईवेट कर्मचारी न रखा जाये ।पाये जाने पर संवंधित कार्यालयाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। फर्रुखाबाद मंडी समिति की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई ,मंडी के सचिव को सभी व्यवस्थायों को दुरुस्त करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। कायमगंज व कमालगंज मंडी के लक्ष्य को बढ़ाने के लिये निदेशक मंडी को पत्र लिखने के निर्देश दिये ।नगर निकायो को गृहकर व जलकर का पुनर्निर्धारण करने के निर्देश दिये गये। खनन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई । खनन अधिकारी ने प्रवर्तन का कार्य नही किया है। जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये।

बैठक में डीएफओ, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राम गंगा के पानी से मूंगफली व मक्का के खेत जलमग्न


ट्रैक्टर से मूंगफली को ले जाने की जुगत लगाते किसान। अमृत विचार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा नदी का जल स्तर लगातार कम होने से गंगापार के लोगो ने राहत की सांस ली है। रामगंगा के उफान पर आने से फसलें जलमग्न होने लगी है।

बीते गुरुवार को गंगा का जलस्तर 135.95 मीटर था। जो शुक्रवार को घटकर 135.25 मीटर पर आ गया है। वहीं नरौरा बांध से 24050 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। रामगंगा का जलस्तर 135.90 मीटर दर्ज किया गया हैं। लेकिन गुरुवार को रामगंगा में उफान नजर आया। रामगंगा बढ़कर 136.60 मीटर पर

● **रामगंगा का जलस्तर 136.60 मीटर दर्ज किया गया**

आ गयीं हैं। रामगंगा में कुल 4890 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जोगाँव के खेतों को तबाह कर रहा है। गांव बेचेपट्टी डांडीपुर, गांव मियांपट्टी, हरपालपुर, कोलासोता, मोकुलपुर, बजीरपुर, गहलर भावन, हीरानगर, गुडेरा आदि गांव के खेतों में पानी भरा हुआ है। खेतों में पानी भरा होनें से मक्का व मूंगफली की फसल बर्बाद हो रही है। किसान कड़ी मेहनत के बाद उसे भरकर सुरक्षित जगह पर ले जाने की जुगत में है।

## छत से गिरकर महिला घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** छत से नीचे उतरते समय महिला गिरकर हुई घायल सीएचसी में कराया गया भर्ती। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल किया रेफर इलाज जारी है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगादरवाजा निवासी 45 वर्षीय गीता पत्नी धीरेंद्र कुमार छत से नीचे उतर रही थी। तभी महिला गीता का पैर फिसल गया। जिससे महिला छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई है। घर वालों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए हर रेफर कर दिया है। डॉ. वैभव यादव ने बताया कि महिला को गंभीर चोट लगी है।

# नाले में डूबने से किशोर की मौत, 4 घंटे बाद मिला शव

संवाददाता अमृतपुर-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शादी समारोह में शामिल होने परिवार के साथ आया किशोर सोता नाला में डूब गया। सूचना मिलने पर उसकी तलाश शुरू की गयी। करीब चार घंटे बाद उसका शव बरामद हुआ है।


नारायण।

अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी चन्द्र मोहन दिल्ली में काम करता है। उसके भतीजे का विवाह आगामी 15 जुलाई को है। जिसमे शामिल होने के लिए वह अपने परिवार के साथ गांव आया है। शुक्रवार को चन्द्र मोहन का 13 वर्षीय पुत्र नारायण गांव के ही अन्य बच्चों के साथ सोता नाला में नहाने गया था। उसी दौरान उसका पैर अचानक फिसल गया। जिससे वह डूब गया। जानकारी होनें पर विवाह के घर में खुसियों की जगह मातम छा गया। सूचना पर नारायण की मां कुसुम देवी सोता नाला पर परिजनों के साथ पंहुची और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी, नायब तहसीलदार अभिषेक यादव, चौकी इंचार्ज विमल कुमार, लेखपाल कुलदीप तिवारी आदि पंहुचे।

**रवायत** हुसैन के दीवानों ने या अली, या हुसैन की सदाएं बुलंद की

# मातमी धुनों व नगाड़ों के बीच उठे चौथी के अलम

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर की खानासामा कमेटी के तरफ से मोहर्रम की चौथी तारीख पर गुरुवार की देर शाम को जामा मस्जिद से लाइटों, मातमी धुनों व नगाड़ों के बीच अलम निकाले गए।

पुरानी रवायत के अनुसार अलम जामा मस्जिद के पास से निकलना शुरु हुए और काजम खान, बजरिया, लोहाई बाजार, मैन चौराहा, गल्ला मण्डी चौराहा होते हुए जटवारा स्थित इमामवाड़ा पहुंचे। इस दौरान हुसैन के दीवाने या अली, सा हुसैन का सदाएं बुलंद करते हुए नजर आए। इस दौरान खानसामा कमेटी के अध्यक्ष आरिफ, सईद, फरीद, शाहिद मियां, साजेव, नेहाल, गुड्डू, शलीम आमिर, यामीन शारिक आध मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा को लेकर कस्बा चौकी प्रभारी विघा सागर तिवारी भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे।


सजावट के साथ उठे चौथी के अलम। अमृत विचार


ताजिया उठाने जा रहे रामलीला परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

### रामलीला परिषद ने उठाया पांचवीं मोहर्रम पर ताजिया

**फर्रुखाबाद।** पांचवी मोहर्रम का ताजिया रामलीला परिषद फतेहगढ़ ने उठा कर गंगा जमुना तहजीब की नजीर पेश की हैं। फतेहगढ़ में दरगाह शाह की मजार से शुरू हुआ पांचवी मोहर्रम के ताजिया जुलूस में मुस्लिम समुदाय के अलावा बड़ी संख्या में रामलीला परिषद के हिंदू पदाधिकारी शामिल हुए। शहर के विभिन्न मार्गो से रामायणी अंदाज में बैंड बाजा की मातमी दिनों के बीच किकला ताजिए के जुलूस का शाह की मजार पर समापन हुआ। इस मौके पर मोहर्रम कमेटी नेश्री राम भागवत में झांकी निकालकर भगवान श्री राम की आरती उतारी । रामलीला परिषद में अनेक मुस्लिम पदाधिकारी हैं ।

## ग्राम सभा सदस्य से सचिव ने की अभद्रता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्राम सभा सदस्य के हस्ताक्षर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर बैठक का कोरम पूरा कर लिया। ग्राम पंचायत सदस्य ने फोन पर बैठक के विषय मे ग्राम पंचायत अधिकारी से जानकारी की तो ग्राम पंचायत अधिकारी ने सदस्य के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर दिया। इसका ऑडियो वायरल हो गया।

विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत बलीपट्टी रानीगांव मे बैठक मे अनुपस्थित सदस्य मुनील कुमार अग्निहोत्री के फर्जी हस्ताक्षर कर कोरम पूरा होने की जानकारी होने पर मुनील अग्निहोत्री ने ग्राम पंचायत अधिकारी मोहित यादव से बैठक का सीसीटीवी फुटेज मे अपनी उपस्थिति दिखाने को कहा था।

## सार-संक्षेप


विवाह के बाद बैठे नवविवाहित। अमृत विचार

### 22 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

**फर्रुखाबाद।** सक्सेना समाज महासभा का 26वां दहेज रहित सामूहिक विवाह समारोह नारायण गेस्ट हाउस पांचाल घाट में आयोजित किया गया ।विवाह समारोह में वर ,बधू परिचय के बाद विवाह सम्पन्न हुए ।विवाह के बाद समाज की ओर से दान दहेज देकर नवदम्पत्ति को विदा किया गया। इस मौके पर हिमांशू संग वर्षा,दीपक कुमार संग स्वाति,कन्हैया संग शिवानी,योगेश कुमार संग रेवती,सुंदरमू संग नेहा,आकाश संग क्रांति,संजय संग निशा,कमल किशोर संग अंजलि,ब्रजेश संग रश्मि,मोहित संग सरिता,संजय संग लक्ष्मी,लखन संग अंजलि,सूरज संग मानसी,सत्यवीर संग साधना,अर्जुन संग रुचि,आशीष प्रताप संग अर्चना,अंकित संग अंजलि,शिवशंकर संग अंजलि देवी,अभिषेक संग नेहा,रोहित संग आकांक्षी,गौरव संग रिया,शिवमू संग सोमी का विवाह संपन्न हुआ। व्यवस्थापको में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण सक्सेना,प्रदेश अध्यक्ष अजय सक्सेना,राष्ट्रीय महामंत्री रामनरेश सक्सेना,दाताराम सक्सेना,विनोद सक्सेना,विजय प्रकाश सक्सेना सहित सैकड़ों पदाधिकारियों ने व्यवस्था संभाली।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव दनियापुर निवासी 35 वर्षीय रामजीत पुत्र अवधेश बाइक से फर्रुखाबाद आया हुआ था। वापस जाते समय थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव मुरहास कन्हैया के पास इटावा-बरेली हाईवे पर लोडर ने रामजीत की बाइक में टक्कर मार दी। रामजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया ।ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने रंजीत को मृत घोषित कर दिया ।शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस सूचना भेज दी है।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में बुलेरो की टक्कर से बाइक चालक घायल होगया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी 24 वर्षीय पिंकू पुत्र हरिश्चंद्र बाइक से अपने दीदी के घर दरियायगंज जा रहा था ।तभी बोलेरे ने पिंकू की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमे पिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो ने जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने बताया कि 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायल कोलाया गया है। गंभीर चोट है। भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

### ग्रामीण को सांप ने काटा

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौंरिया निवासी दीपक पाठक को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया गया।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी धर्मेन्द्र व राजू मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया गया।

### जहरीले कीड़े ने काटा, हालत गंभीर

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** नगर के पाठक मोहल्ला निवासी राकेश को जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन सीएचसी लेकर आए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### ऊंचाई से गिरकर तीन जख्मी

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव होतेपुर निवासी वृद्धा श्याम देवी, जनपद औरैया के थाना वेला के गांव लिधौरा निवासी लक्ष्मण ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गई। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर आए। दोनों को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इसी तरह कायमगंज क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी गजेन्द्र की 2 वर्षीय पुत्री अंशिका ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन सीएचसी लेकर गए।


लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा को सम्मानित करते मेजर जनरल विक्रम कुमार।

### स्वच्छता पखवाड़ा में श्रेष्ठ कार्य के लिए लेफ्टिनेंट शिल्की सम्मानित

**कायमगंज-फर्रुखाबाद।** एनसीसी यूपी के निदेशालय के अपर महानिदेशक ने यूपी गर्ल्स बटालियन की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा को स्वच्छता पखवाड़ा में श्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अलीगढ़ में संपन्न हुए सम्मान समारोह में यूपी गर्ल्स बटालियन चतुर्थ की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा को मिशन शक्ति के तहत तो वहीं 4 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ जीसीआई को गीतांजलि को अपर महानिदेशक विक्रम कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। अलीगढ़ ग्रुप के अंतर्गत 10 बटालियन आती है जिनमें 114 स्कूल व 26 कॉलेज शामिल है। 4 यूपी गर्ल्स बटालियन यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल सत्येंद्र दयिया, विद्यालय प्रबंधक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रबंधिका मोनिका अग्रवाल व प्रधानाचार्य सुतीक्ष्ण श्रीवास्तव ने शिल्की मिश्रा को सम्मान प्राप्त करने पर बधाई दी।

### बाइक सवार को बचाने में कार खड्ड में गिरी

**कंपिल-फर्रुखाबाद।** कंपिल-बदायूं मार्ग पर बाइक सवार को बचाने में कार सड़क किनारे खड्ड में जा गिरी। कार में सवार लोग बाल बाल बच गए। राहगीरों ने कार को सीधा कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। गुरुवार शाम की शाम जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव नगला प्रेमी निवासी उपेंद्र यादव कार से जनपद बदायूं के गांव उसावां में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शुक्रवार सुबह वह वापस अपने घर जा रहे थे। कार में उपेंद्र के साथ चार अन्य लोग सवार थे। जैसे ही कार कंपिल बदायूं मार्ग पर अटैना पुल के निकट पहुंची सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में कार अनियन्त्रित होकर पुल के किनारे खड्ड में जा गिरी। राहगीरों ने कार को सीधा कर सभी को बाहर निकाला। हालांकि कार सवार लोग बाल बाल बच गए।

### कार बघार नाले में गिरी, कई चुटहिल

**फर्रुखाबाद।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में बरेली हाइवे के बघार नाले की पुलिया में शुक्रवार तड़के अनियंत्रित कार नीचे जा गिरी। मेडिकल कालेज चौकी पुलिस ने कार सवार लोगों को निकाला।

### थाने से 100 मीटर दूर ज्वैलर्स की दुकान में चोरी

**कंपिल-फर्रुखाबाद।** चोरों ने थाने से करीब 100 मी. दूर ज्वैलर्स की दुकान के पीछे गेट का ताला तोड़कर नकदी व जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। नगर के मोहल्ला गंगा रोड निवासी हितेश वर्मा की कंपिल कायमगंज मार्ग पर थाने से मात्र सौ मीटर की दूरी पर मुख्य चौराहे पर ज्वैलर्स की दुकान है। रोजाना की तरह हितेश गुरूवार शाम अपनी दुकान में ताला लगाकर घर चले गए। बीती रात चोरों ने दुकान के पीछे लगे गेट का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नकदी व जेवरात आदि चोरी कर लिए। शुक्रवार की सुबह जब हितेश दुकान खोलने पहुंचा तो उसेक होश उड गए ।दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे चांदी के सिक्के व अन्य जेवरात गायब थे। चोर दुकान में लगे सीसी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़कर ले गए। मौके पर दुकानदारों की भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने आसपास दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

# 'कुरान-एहलेबैत कयामत तक जुदा नहीं होंगे'

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● मजलिसों में शहीदाने कर्बला को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**अमृत विचार**। शहीदे आज़म इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की शहादत पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए शहर की विभिन्न इमाम बारगाहों में मजलिसों का आयोजन कर गमे हुसैन मनाया गया।

घटिया अज़मत अली इमाम बारगाह में अशरे की मजलिस, सैदबाड़ा स्थित मस्जिद में जहूर नक़वी की ओर से आयोजित मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना मोहम्मद जॉन दिल्ली ने कहा इमाम हुसैन जब मदीना छोड़कर कर्बला रवाना हो रहे थे तो एक पैगाम दिया कि मैं कर्बला में जुल्म, फसाद करने नही बल्कि दीन और इंसानियत को बचाने जा रहे हैं अब अगर कोई इंसान जुल्म या फसाद करे तो वह हुसैनी नही हो सकता। कर्बला की एहमियत इमाम हुसैन ने बताई, इमाम हुसैन मदीने से कर्बला के बीच जहां जहां रुके वहां दीन, इस्लाम और इंसानियत का पैगाम दिया। इमाम बारगाह आलमपुरा में नजमुल हसन व दरगाह मौला अब्बास महेरे पर रज़ी हैदर, राजा करबलाई की ओर से आयोजित मजलिसों में तकरीर करते हुए मौलाना सैयद गुलज़ार हैदर छोलसी ने कहा रसूल और एहलेबैत की मार्फ़त हासिल करने वाले को अल्लाह ने जन्नत देने का वायदा किया है। रसूल अल्लाह ने फरमाया हम कुरान और एहलेबैत को छोड़कर जा रहे हैं जो कयामत तक आपस जुदा नहीं होगे। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि साबितगंज में स्व. मुहाफ़िज़ हुसैन के घर सैफू की ओर से व पक्की सराय बड़े इमामबाड़े में गुलमुस सैयदेन व सैदबाड़ा स्थित इमामबाड़े में राहत अक़ील की ओर से आयोजित मजलिस को मौलाना अनवारूल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने तकरीर की।

मजलिसों में जहूर नक़वी, सफीर हैदर ने सोजख्वानी की, तनवीर हसन, अयाज हुसैन, राहिल सगीर, सैफू ने नोहा ख़्वानी की, खुर्शीद जाफरी, सलमान रिज़वी, कैफ वारसी ने कलाम पेश किए।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**जसवंतनगर**। बलरई थाना क्षेत्र के गांव नगला रामसुंदर के रहने वाले राकेश कुमार तोमर उर्फ कल्लू का 23 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार उर्फ गोलू घर पर कोई बिजली का कार्य कर रहा था। उस समय बिजली नही थी तभी अचानक बिजली सप्लाई आ जाने से वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। जानकारी होने पर आनन फानन में परिजन उसे लेकर अस्पताल गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोलू की मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गोलू की मौत के बाद उसकी मां सुमन देवी और बहन राखी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रोकी जाएगी बिजली चोरी, बकाएदारों से होगी वसूली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

▸▸ नये अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने संभाला काम, कहा- निर्बाध रूप से की जाएगी बिजली आपूर्ति



हनुमान प्रसाद मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार**। बिजली की चोरी को हर हाल में रोका जाएगा। इसके लिए चेकिंग अभियान को और तेज किया जाएगा। इसके साथ ही बिजली के बकाएदारों से बकाया बिल भी वसूला जाएगा। इस काम में कोई लापरवाही नहीं होगी, सख्ती के साथ वसूली होगी। विभाग का लक्ष्य यह है कि शासन के निर्देशों के अनुरूप उपभोक्ताओं को बिना रुकावट बिजली सप्लाई दी जा सके।

यह बात अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने इटावा में अधिशाषी अभियंता का कार्यभार संभालने के बाद कही। मिश्रा ने बातचीत में कहा शासन के निर्देश के अनुसार लोगों को बिना रुकावट बिजली सप्लाई किए जाने के पूरे प्रयास किए जाएंगे ताकि शासन की ओर से जो जितना समय निर्धारित किया गया है उतनी बिजली लोगों को मिल सके लेकिन इसके साथ ही बिजली चोरी जैसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और जो भी उपभोक्ता बिजली चोरी करते हुए पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस समय लाइन लॉस 40 प्रतिशत है जो काफी अधिक है और यह चोरी चोरी के कारण है। इस लाइनलास को काम करके 15 फीसदी पर लाना है इसके लिए सभी प्रयास किए जाएगें। मिश्रा ने यह भी कहा कि राजस्व वसूली भी प्रमुख है। बिजली का बिल जिन उपभोक्ताओं पर बकाया है उनसे बिल वसूल किया जाएगा इसमें सख्ती भी बढ़ती जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील भी की है कि वे अपने बकाया बिल जमा कर दें और समय से बिल जमा करते रहें ताकि भविष्य में कठिनाई न हो। अधिशाषी अभियंता ने कहा कि बिजली को लेकर शासन की जो मंशा है उसके अनुरूप कार्य किया जाएगा उनका प्रयास होगा कि निर्धारित समय पर बिजली मिले और बिना रुकावट बिजली मिले लेकिन इसके लिए उपभोक्ताओं को भी समय से बिल जमा करना होगा। चोरी जैसी घटनाओं से बचना होगा और विभाग भी बिजली चोरी रोकने के लिए बेहद सख्त अभियान चलाएगा उन्होंने कहा कि किसी भी ऐसी घटना के लिए कंट्रोल रूम पर फोन कर सकते हैं।

# टूटी सड़कें, नालियों में गंदगी देख गुस्साए कमिश्नर

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लापरवाही न बरतें : अमित गुप्ता, कमिश्नर ने गांव और कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, इटावा



महेवा क्षेत्र में निरीक्षण करते कमिश्नर कानपुर अमित गुप्ता व डीएम अवनीश राय।

● तालाब में एंटी लार्वा का छिड़काव करने के लिए कहा

**अमृत विचार**। कानपुर मंडल के कमिश्नर अमित गुप्ता ने महेवा क्षेत्र के गांव मुकटपुरा में टूटी सड़कें और गंदगी देखकर कड़ी नाराजगी जताई और इसे दुरस्त करने के लिए कहा। यह भी कहा कि एक माह बाद फिर निरीक्षण किया जाएगा। उन्होने गांव का गंदा पानी तालाब में जाने पर नाराजगी जताई और तालाब की सफाई के लिए कहा। स्कूल के सामने गड्ढे में गंदा पानी देखकर उसकी सफाई कराने केलिए भी कहा।

कमिश्नर अमित गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय मुकुटपुर महेवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रसोइयों से खाने के बारे में चर्चा की एवं दिव्यांग शौचालय की सफाई के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक से बच्चों के बारे में जानकारी ली तथा उपस्थित रजिस्टर तथा बच्चों की उपस्थित के बारे में भी पूंछा। मौके पर कुल 42 बच्चे उपस्थित मिले एवं पांच बच्चे अनुपस्थित थे। जिस पर उन्होंने बुलावा टोली आदि को लेकर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को समय-समय पर उपचार के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान नियमित चलाया जाए तथा आशाओं द्वारा घर-घर जाकर संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के बारे में ग्रामीण वासियों को जागरुक भी किया जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्र में बीमारियों आदि की समस्या उत्पन्न ना हो।

आशाओं ने कमिश्नर को बताया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत 300 घर है जिस पर संचारी रोग अभियान एवं दस्तक रोग अभियान के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर घर-घर जाकर संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के बारे में ग्राम वासियों से वार्ता कर उन्हें जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम से नियमित आने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही ना की जाए अन्यथा की स्थिति में संबंध के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुकुटपर विद्यालय के आगे गड्ढे में गंदा पानी भरा देखकर नाराजगी व्यक्त की। जिला पंचायत राज अधिकारी को सफाई करने हेतु निर्देशित किया। अहेरीपुर आरआरसी का निरीक्षण किया एवं वहां पर तालाब में गंदा पानी देखकर तालाब की सफाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि तालाब में एंटी लारवा आदि छिड़काव किया जाए एवं तालाब में प्लास्टिक आदि को साफ किया जाए। उन्होंने कहा कि घरों के टॉयलेट आदि का पानी तालाब में आने से तालाब का पानी गंदा होने से अने बीमारियों का सामना करना पड़ेगा। मुकुटपुर गांव में रोड टूटी एवं नालियों में गंदगी को लेकर सख्त निर्देश दिए की इन सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि एक माह के बाद फिर से निरीक्षण किया जाएगा कमियां पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### ओवरब्रिज का भी किया निरीक्षण

■ महेवा में एक गांव के निरीक्षण के बाद रामनगर ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया गया। उन्होने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने कलेक्ट्रेट में जनता की समस्याओं को सुना एवं त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिए। शिकायत कर्ता द्वारा शिकायती पत्र पर विजय शंकर दीक्षित की संपत्ति की जांच के संबंध में शिकायत की गई, जिस पर उन्होंने संबंधित को जांच कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 80 एवं विवरण पत्र को भी चेक किया।

### आयुक्त ने अमृत सरोवर पर किया पौधरोपण

■ निरीक्षण के दौरान कमिश्नर अमित गुप्ता ने अमृत सरोवर पर सहजन का पेड़ लगाया। यहां जिलाधिकारी ने पाकड़ के पौधे को लगाया गया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही नहीं बल्कि उनकी सेवा करना हमारा प्रथम दायित्व है। निरीक्षण के बाद इटावा मुख्यालय आने पर पआयुक्त ने अटल पथ पर एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत कचनार के पौधे का रोपण किया। इस मौके पर डीएम अवनीश राय, सीडीओ अजय कुमार गौतम, डीपीआरओ बनवारी सिंह समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# तमंचे सहित एक युवक गिरफ्तार

**जसवंतनगर**। पुलिस ने गश्त के दौरान खेड़ा बुजुर्ग के पास से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए है। उक्त युवक पर दो माह पूर्व पुरानी सेन्ट्रल बैंक के पास फ़ायरिंग करने का मामले में नामजद बताया गया है। नेशनल हाईवे पर बीती रात पुलिस की टीम गस्त कर रही थी। पुलिस टीम को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक खेड़ा बुजुर्ग मोड़ से धनुआ गांव की जाने को खड़ा है वह तमंचा लिए हुए है। किसी घटना को अंजाम दे सकता है।जिसने कुछ दिन पूर्व पुरानी सेन्ट्रल बैंक के पास सदर बाजार में हवाई फायरिंग भी की थी तो मुखविर की सूचना पर विश्वास करके उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार कांस्टेबल बेलाल अहमद बताए गए स्थान पर पहुंचे तो पुलिस टीम को देखकर युवक भागने लगा उसे पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक 315 बोर का तमंचा कारतूस बरामद किया गया। उसने बताया कि मेरा नाम विजय उर्फ समीर पुत्र शिवराज सिंह शाक्य उर्फ मटरू है, मैं धनुआ गांव का निवासी हूं। पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

# डीजे पर नाचने को लेकर चले लाठी-डंडे, एक घायल

संवाददाता, जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार**। थाना क्षेत्र के ग्राम जैनपुर नागर में नगला विशुन से आई बारात में डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक युवक घायल हो गया।

मामला जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत जैनपुर नागर का है जहां बृहस्पतिवार को मनोज कुमार की बेटी की शादी थी। बारात नगला विशुन से उक्त गांव में करीब दस बजे पहुंची। बारातियों के आदर सत्कार के बाद बड़ी धूमधाम से गाने बाजे के साथ सभी बराती हंसी-खुशी से दुल्हन के दरवाजे पहुंचे। द्वाराचार की रस्मे चल रही थी।दूल्हे पक्ष के युवक डीजे पर नाच रहे थे तभी अचानक लड़की पक्ष के कुछ लड़के बारातियों के बीच में घुसकर नाचने लगे, जिसका विरोध बारातियों ने किया इससे नाराज गांव के लड़कों ने बारातियों के साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें दूल्हे पक्ष के तनु पुत्र सतीश चंद्र की बुरी तरह पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया।बाराती की खड़ी एक चारपहिया गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया व पीछे का बोनट, क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान काफ़ी समय तक शादी की रस्मो में व्यवधान पड़ा रहा। इधर बारात में मारपीट की सूचना मिलने के बाद जसवंतनगर थाने की पुलिस व क्षेत्र में तैनात डायल 112 की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि कुछ लोग शराब पीकर झगड़ा कर रहे थे। दूल्हे पक्ष की तरफ से थाने में तहरीर दी गई है।

### पैसों को लेकर झगड़ने पर पांच बाराती गिरफ्तार

**बकेवर**। बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि कानपुर देहात में थाना सिकंदरा क्षेत्र में गांव मानपुरा के अमित कुमार की बारात इटावा के पास गांव अमृतपुर में गुरुवार को आयी हुई थी। इसमें कानपुर देहात के थाना डेरापुर के गांव किशनपुर के नीरज कुमार, हरिओम, अभिषेक, पुष्पेन्द्र सिंह, अवधेश कुमार शामिल थे जो बारात चढ़ने के बाद कार में सवार होकर घर जा रहे थे रास्ते में बकेवर थाना क्षेत्र में सिक्सलेन बिजौली ओवरबिज्र पर पेट्रोल डलवाने के लिए एक दूसरे से रुपए मांगने लगे, किसी के रूपए न देने पर आपस में गाली-गलौज करने लगे, एक युवक ने कार का पिछला शीशा तोड़ दिया। तेज आवाज आने पर हाईवे पर तैनात हेड कांस्टेबल विभोर अवस्थी ने फोर्स के साथ इन पांचों को गिरफ्तार करके एसडीएम न्यायालय भेजा।

# पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● चोरी के नौ मोबाइल उनके पास से हुए बरामद

**अमृत विचार**। सैंफई थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर गांव भाऊपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से नौ मोबाइल फोन बरामद हुए है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 11 जुलाई को आदेश कुमार निवासी ग्राम उरथान थाना करहल ने सैफई थाने पर तहरीरी सूचना दी कि वह अपनी पत्नी का इलाज कराने पीजीआई सैफई आया हुआ था। वहां उसका मोबाइल चोरी हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरूकर दी। गुरूवार की रात पुलिस गस्त पर थी तभी मुखबिर ने सूचना दी दो लोग भाऊपुर के पास खडे है। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में दोनों के पास से नौ मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में पकडे गए लोगों ने अपने नाम अंशु यादव पुत्र सुभाष चंद्र यादव निवासी ग्राम खोडखेड़ा थाना सिरसागंज फिरोजाबाद व सुधीर यादव पुत्र अतर सिंह यादव निवासी सराय लुकमान थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद बताया। उन्होने बताया कि वह अलग-अलग स्थानों से मोबाइल चोरी करते है। सुधीर यादव ने बताया कि उसकी कठफोरी मे मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। यदि किसी मोबाइल का कोई पार्ट बदलने के लिए ग्राहक आता है तो चोरी किये गये मोबाइल के पार्ट से उनके फोन में बदल देता हूं।

# सीएचसी के पुरुष शौचालय में मिला छह माह के शिशु का शव

संवाददाता, बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार**। बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के अंदर पुरुष शौचालय की सीट के अंदर छह माह के शिशु का शव बरामद हुआ।

शुक्रवार की सुबह सफाई कर्मचारी व स्टाफ के लोग सीएससी परिसर के अंदर पहुंचे। उन लोगों को कुछ बदबू सी महसूस हुई तभी सफाई कर्मचारी ने सीएससी प्रभारी डा विकास सचान को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे सीएससी प्रभारी डा विकास सचान ने इधर-उधर देखा लेकिन बदबू महसूस तो हो रही थी। काफी खोजबीन के बाद जब उन्होंने अंदर बने पुरुष शौचालय के सीट का ढक्कन हटाया तो उसमें देखा की छह महीने का बच्चा मृतक अवस्था में पड़ा मिला। मौजूद लोगों का कहना है इस परिसर के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बाबजूद भी इस तरह की घटना कैसे हुई।

उन्होंने इसकी जानकारी थाना प्रभारी सुमित चौधरी को दी गई। मौके पर पहुंचे बसरेहर थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर इटावा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डा. विकास सचान ने बताया कि परिसर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है।

### भोगनीपुर नहर में मिले शव की हुई शिनाख्त



अमित उर्फ अंशू।

**जसवंतनगर, इटावा**। गुरुवार की सुबह भोगनीपुर गंग नहर में मिले शव की शिनाख्त हो गई है। वह फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला रुकनपुरा का रहने वाला था। शिनाख्त करते हुए मृतक की मां सुनीता देवी ने बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र अमित उर्फ अंशू ने आठ जुलाई को छीछामई गांव के पास लोहे के ब्रिज से स्कूटी खड़ी करने के बाद भोगनीपुर गंग नहर में कूद कर आत्महत्या कर ली थी। उसे खोज रहे थे जिसका शव गुरुवार की सुबह भोगनीपुर गंग नहर में मिला था। जिसकी गुमशुदगी शिकोहाबाद थाने में दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि उसके तीन पुत्र एवं एक पुत्री है। मृतक अमित उसका दूसरे नंबर का वेटा था। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है परिजनों ने इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी है।

# बाइक सवार युवक पर लोहे की रॉड से हमला

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

● चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, तलाश जारी

**अमृत विचार**। थाना पुलिस ने कचोरा रोड पर स्थित रेलवे पुल पर बाइक सवार के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

क्षेत्र के गांव नगला छंद निवासी अजय कुमार पुत्र बलराज सिंह ने बताया कि बीती रात मेरे घर पर बच्चे का जन्मदिन था मैं बाजार से केक व जन्म दिन मनाने के लिए अन्य सामान लेकर मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहा था, कचौरा रोड पर स्थित रेलवे पुल पर पहुंचा तभी दो बाइक पर सवार चार लोगों ने मेरे बगल में मोटर साइकिल लाकर सिर व हाथ में लोहे की सरिया से वार कर दिया। जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। उसके बाद उन लोगों ने डंडों से कई बार हमला किया। हमला करने वाले चारों युवक अपने मुंह को गमछों से बांधे हुए थे लेकिन मारने के दौरान दो युवकों के मुंह से गमछे हट गए तो उन दोनों युवकों को मैने पहचान लिया। जिनके नाम मनीष राजावत तथा विजय प्रताप निवासी नगला छंद के रहने वाले हैं। इनके साथ दो अन्य युवक थेद्ध तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी रामसहाय सिंह बताया कि तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# मक्का से फिसली बाइक चाचा-भतीजे घायल

**इटावा**। किसानों द्वारा सड़कों पर मक्का सुखाए जाने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके चलते मक्का पर बाइक फिसलकर सड़क पर गिरी उस पर सवार चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। कन्नौज में रहने वाले अधेड़ रघुवीर सिंह अपने भतीजे नेकराम के साथ चौबिया थाना क्षेत्र में गांव कर्री में अपनी बहन के घर से दावत खाकर बाइक पर सवार होकर वापस घर जा रहे थे। थाना ऊसराहार क्षेत्र में सरसई नावर के पास दौलतपुर गांव के पास रोड पर सूख रही मक्का से बाइक फिसलने से दोनों सड़क पर गिरकर छटपटाने लगे, सूचना पर एंबुलेंस के ईएमटी आदित्य कुमार तथा पायलट सतीश कुमार ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसई नावर पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने रघुवीर को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

परखी हकीकत | दो ब्लाकों के दस-दस विद्यालयों में पहुंची आगरा यूनीवर्सिटी की टीम

# परिषदीय विद्यालयों का किया गया सोशल ऑडिट

कार्यालय संवाददाता, इटावा



निरीक्षण करते टीम के सदस्य साथ में मिडडे मील कोऑर्डीनेटर। अमृत विचार

**अमृत विचार**। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित विद्यालयों में मिडडेमील तथा अन्य व्यवस्थाओं का आगरा यूनीवर्सिटी से आई टीम ने सोशल आडिट किया। इस दौरान उन्होने भोजन की गुणवत्ता परखी और योजना के सामाजिक प्रभाव की हकीकत देखी।

मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के निदेशक के आदेश पर इटावा के विकास खण्ड बसरेहर व जसवंत नगर के 10 -10 विद्यालयों में डॉ भीमराव अम्बेडकर विद्यालय आगरा के समाज कार्य के विभागाध्यक्ष प्रो. रनवीर सिंह के निर्देशन में प्रों. मोहम्मद हुसैन ने सोशल ऑडिट किया। सोशल ऑडिट में मध्यान्ह भोजन योजना द्वारा सामाजिक प्रभावों की हकीकत परखी गयी। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, योजना के प्रभावीकरण का भी निरीक्षण किया गया। प्रो. मोहम्मद हुसैन के साथ प्रभारी जिला समन्वयक मिड डे मील मनोज कुमार सिंह व नीलेश कटियार भी रहे।

विकास खण्ड बसरेहर के कम्पोजिट विद्यालय चित भवन, दतावाली, कृपाल पुर, बरालोकपुर, बीना, आदि विद्यालयों में, तथा जसवंत नगर के कम्पोजिट विद्यालय। सिरसा, अंडावली, बलरई, मलाजनी, सराय भोपत, बलैया पुर, जसवंत नगर आदि विद्यालयों का सोशल ऑडिट किया गया। विकास खण्ड बसरेहर से केके यादव, सरला यादव, दाता राम, अनार सिंह, रंजना अग्निहोत्री प्रधानाध्यापक एवं जसवंतनगर से खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार, प्रधानाध्यापक मधुर श्रीवास्तव, प्रेमसिंह,प्रवेश गोयल, राबिया बेगम, आशारानी, मीना, लाली देवी का सहयोग रहा।

### पौधरोपण के बाद उसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी निभाएं

**इटावा**। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीलम राय एवं रश्मि यादव ने अनेक पौधे लगाए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पौधारोपण करने के बाद उसकी देखभाल करना बहुत जरूरी है। क्योंकि अधिकतर लोग पौधारोपण तो करते हैं, लेकिन उनकी देखभाल नहीं करते। इस कारण कुछ दिनों बाद वे पौधे खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के बाद ही उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी शुरू होती है, इसलिए हमें पौधारोपण करने के बाद उसकी देखभाल करनी चाहिए। प्रबंधक कैलाश यादव ने कहा कि पौधे ही हमारे जीवन का बड़े होकर यापन करते हैं। हर व्यक्ति को एक पौधा अपने हर जन्मदिन पर लगाना चाहिए। बाद में उसकी देखरेख की जानी चाहिए। ताकि वह फल फूलने के बाद वातावरण को शुद्ध कर सके।



पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण करती नीलम राय। अमृत विचार

# आर्म्स एक्ट के दोषी को जेल की अवधि की सजा

**इटावा**। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आर्म्स एक्ट के चार साल पुराने मामले कीसुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया।दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दो हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार चौबिया थाना पुलिस ने वर्ष 2020 में गस्त के दौरान आदित्य उर्फ गजेंद्र सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी जैनपुरा चौबिया को आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद उसे खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल कर दिए थे। मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ की कोर्ट में हुई। अभियोजन अधिकारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने आदित्य को दोषी पाया और उसे जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई तथा दो हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

## सार-संक्षेप



एसपी सिटी से मिलने पहुंचे व्यापारी नेता। अमृत विचार

### किसान यूनियन के दबाव के विरोध में व्यापारी लामबंद

**इटावा**। नौरंगाबाद पुलिस चौकी में किसान यूनियन द्वारा धरना प्रर्दशन के माध्यम से पुलिस पर दबाव बनाने के विरोध में व्यापारी भी पुलिस के पक्ष मं लामबंद हो गए। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एवं राहिन समाज के जिलाध्यक्ष मुस्तकीम राइन के नेतृत्व में व्यापारी शुक्रवार को एसपी सिटी से मिले। निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें कहा कि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, उनकी जांच की जाये। जिला उपाध्यक्ष मुस्तकीम राईन नें कहा कि किसान यूनियन के धरने के बाद मुहल्ले मे अराजक तत्व हरा गमझा बांध कर घूम रहे हैं। इनका खेती किसानी से दूर दूर तक कोई संबंध नहीं है इनकी वजह मुहल्ले में कोई झगड़ा हो सकता है। फर्जी किसान नेताओं पर पुलिस को कार्यवाही करनी चाहिए। एसपी सिटी ने व्यापारियों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और कहा कि पुलिस कानून के हिसाब से काम करती है किसी के दबाव मे नहीं। इस अवसर पर घटिया अजमत अली वार्ड के सभासद प्रतिनिधि मुनेश यादव, व्यापारी नेता अब्दुल जब्बार राईन,जैनुल आबदीन,नितीश पांडे,रियाजुद्दीन सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### नीलामी 18 जुलाई को

**औरैया।** एसपी चारु निगम ने अवगत कराया है कि रिजर्व पुलिस लाइन में निष्प्रयोज्य मैस पात्र तथा राजकीय संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी 18 जुलाई को प्रात: 10 बजे होनी है, जिसमें बोली दाता के अग्रिम जमानत के रूप में बीस हजार रुपए नगद जमा करना होगा। बोली स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

### 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट प्रतिबंधित

**औरैया ।** शासन के निर्देशानुसार 31 अगस्त तक नदियों में मत्य आखेट पर रोक लगी है। मछलियों के 1 जून के बाद से प्रजनन काल शुरू हो जाता है। प्रतिबंधित समय में यदि कोई मत्स्य आखेट करते हुए पाया गया तो उसके किलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### युवती को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**अयाना।** महारत पुर निवासी नरेश चंद्र ने पुलिस को तहरीर में बताया कि बहन सुमन की शादी 2011 में कानपुर देहात के सिकंदरा थाना क्षेत्र के सरदारपुरमें की थी। शादी के बाद बहनोई बहन व बच्चों को अपने साथ गुड़गांव ले गया। बुधवार को बहनोई ने बहन के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। गुरुवार को बहनोई बच्चों को उसके गांव के बाहर छोड़ कर मामा के घर जाने की बात कहकर लौट गया लेकिन उसकी बहन का कुछ पता नहीं चला। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जल्द ही विवाहिता को बरामद किया जाएगा।

# दिबियापुर के नहर बाजार में आज अतिक्रमण पर गरजेगा बुलडोजर

## 45 पक्की निर्मित दुकानों व मकानों पर नोटिस चस्पा किए गए, ढहाने की तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** दुकानों व मकानों में नोटिस चस्पा कर 13 जुलाई को सुबह 9 बजे अतिक्रमण हटाने का कार्य सड़क क्रासिंग नहर पुल के पूर्वी दिशा में किया जाएगा। दुकानदारों, मकान मालिकों से नोटिस चस्पा कर कहा गया है कि वह राजकीय नहरी भूमि को खाली कर संपूर्ण मलबा उठा लें अन्यथा अतिक्रमण बुलडोजर से ढहा दिया जाएगा।

पुल के एप्रोच रोड पर सिंचाई विभाग की भूमि पर 45 पक्के अवैध मकान-दुकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण हटाए जाने के लिए नोटिस जारी किए जा चुके है, परन्तु अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा अवैध अतिक्रमण न हटाए जाने के कारण कार्य प्रारम्भ कराए जाने में विलम्ब हो रहा है।उसी के दृष्टिगत दिबियापुर नगर के नहर बाजार में सिंचाई विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण शनिवार से हटाने की सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नोटिस चस्पा कर



मुनादी करा नोटिस चस्पा करते सिंचाई विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

मुनादी कराई।जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कस्बा दिबियापुर में विलराया पनवाड़ी मार्ग के किमी. 191.00 में लोअर मेगा कैनाल पर बने 170 वर्ष पुराने क्षतिग्रस्त पुल पर भारी वाहनों के आवागमन रोके जाने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व हाइट गेज लगाया जा चुका है। उक्त पुल को दृष्टिगत रखते हुए क्षतिग्रस्त लघु सेतु के समानांतर नए स्वीकृत आरसीसी बाक्स टाइप लघु सेतु का निर्माण होना है। पुल निर्माण हेतु 322 लाख रूपये की धनराशि की स्वीकृति शासन द्वारा प्राप्त हो चुकी है। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रदीप पटेल ने बताया कि 13 जुलाई से पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण को हटाया जाएगा जिसके लिए शुक्रवार को मुनादी कराई गई है। वही सिंचाई विभाग के एई सतीश कुमार ने बताया कि 13 जुलाई से नहर पुल के पूर्वी दिशा में 45 दुकानों ,मकानों में अतिक्रमण हटाया जाएगा जिसकी पूरी तैयारिया कर ली गई है जिसमे दस जेसीबी मशीनें मगा ली गई ।और इस पर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है और पर्याप्त फोर्स भी उपलब्ध है ।शेष दुकानों ,मकानों में अतिक्रमण बाद में होगा।

पिछले सप्ताह जिला मुख्यालय ककोर में एडीएम की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग,सिंचाई विभाग और नहर बाजार के व्यापारियों की बैठक हुई थी जिसमें नहर बाजार के व्यापारियों ने व्यापारियों का नुकसान और व्यापार चौपट न हो इसके लिए बाईपास बनाने की मांग रखी थी। इसी संबंध में दूसरी बैठक होनी थी लेकिन नहर बाजार के व्यापारी नहीं गए और मंगलवार भी था तो अधिकांश व्यापारी बाहर थे कुछ व्यापारियों का कहना था कि बैठक की सूचना एक दिन पहले न आकर बैठक शुरू होने से कुछ घंटे पूर्व आई थी।अधिकारियों को सूचना एक दिन पहले देनी चाहिए थी। वही व्यापारी मकान,दुकान न टूटने के चक्कर में इधर उधर गुहार करते रहे । शुक्रवार को नहर बाजार में बने दुकानों,मकानों को ढहाने की नोटिस चस्पा होने से हड़कंप मच गया।

## घर में बकरी घुसने पर की मारपीट

**बिधूना,औरैया।** एक महिला ने बकरी घर में घुस जाने को लेकर गांव के कुछ लोगों पर पुत्र के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असजना निवासी नीरज देवी पत्नी प्रमोद सिंह चौहान ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका पुत्र बकरी चराने गया था। तभी उसकी बकरी रवि के घर में घुस गई ।इसी बात को लेकर गांव के रवि, दलबीर सिंह व रश्मी पत्नी रवी सिंह ने एक राय होकर उसके पुत्र के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे उसके पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं। जब पुत्र की चीख-पुकार सुनकर वह बचाने गई तो उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उधर दूसरे पक्ष ने भी कोतवाली में नीरज देवी व उसके पुत्र के विरुद्ध कोतवाली में मारपीट की तहरीर दी है। उसने बचाव में कई तथ्य तहरीर में देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## सार-संक्षेप

### स्कूल से बच्चों को छोड़ लौटते समय कार बनी आग का गोला



आग को बुझाते फायर कर्मी ।

**ककोर,औरैया।** शुक्रवार को सेंट जोसेफ स्कूल से औरैया बच्चों को घर वापस छोड़कर आ रही ईको स्पोर्ट कार में अचानक आग गई। दिबियापुर रोड स्थित बिरिया गांव के पास चलती कार हादसे का शिकार हो गई। कार में आग लगने के कारण वह जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस एवं फायर ब्रिगेड टीम दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हादसे में गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। वही वाहन चालक राजकुमार ने बताया कि वह स्कूली बच्चों को दिबियापुर के एक स्कूल से बच्चों को लेकर औरैया छोड़कर कार से वापस अपने गांव मल्लान पुरवा जा रहा था। बिरिया गांव के पास पहुंचा ही था कि गाड़ी में आग लग गई। आग लगते ही गाड़ी को खेत के किनारे उतार दिया। ड्राइवर की जान बच गई लेकिन गाड़ी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।



ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते शिक्षक। अमृत विचार

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों का हस्ताक्षर अभियान

**अछल्दा,औरैया।**ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध दिन व दिन होता जा रहा है।शिक्षक संगठन ने अछल्दा बीआरसी पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें शिक्षकों से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की सहमति व असहमति पर हस्ताक्षर कराए गए। अभियान में हस्ताक्षर के दौरान किसी भी शिक्षक ने बृहस्पतिवार, शुक्रवार को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में सहमति नहीं दी। सभी ने असहमति पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर शिक्षक योगेंद्र दोहरे,पंकज प्रताप,अजीत सिंह,ग्रीस यादव,शिवनाथ सिंह,शरद अग्निहोत्री, जबर सिंह,शशिवेंद्र गौतम समेत, दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।



हाईट गेज को लगाते कर्मचारी। अमृत विचार

### ट्रक की टक्कर से टूटा हाईट गेज लगाया गया

**अछल्दा-औरैया।** कस्बा के प्रमुख मार्ग हरी गंज बाजार स्थित फफूंद रोड पर हाईट गेज दोबारा लगाया गया ।कस्बा के हरी गंज बाजार में बुधवार 10 जुलाई की रात्रि में हाईट गेज को एक ट्रक द्वारा तोड़ दिया गया था। जिसे शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के लोगों ने लगवा दिया है। विदित हो कि निचली गंग नहर का पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते भारी वाहनों की रोकथाम के लिए नहर पुल एवं फफूंद रोड स्थित हरी गंज बाजार में हाईट गेज लगाया गया था जिसे बुधवार रात करीब डेढ़ बजे ट्रक ने टक्कर मारकर तोड़ दिया था जिसमें ट्रक फफूंद की तरफ से आ रहा था रात में ट्रक की टक्कर मारकर ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ लिया था। मोहल्लेवासियों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। वहीं पीडब्ल्यूडी के जेई प्रमोद प्रकाश ने बताया कि टूटे हुए हाईट गेज को सही करा दिया गया है।

### नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**ककोर औरैया।** जिला मुख्यालय में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण कराया जाएगा।जिसमे अभ्यर्थी को अपना नाम पता ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा।



एसडीएम हरिश्चंद्र से वार्ता करते भाजयुमो कार्यकर्ता । अमृत विचार

## तहसील में भ्रष्टाचार के विरोध में भाजयुमो ने दिया धरना

संवाददाता. बिधूना-औरैया

- सुधार नहीं तो एक सप्ताह बाद पुनः धरना-प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

**अमृत विचार।** तहसील में कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र द्वारा एक सप्ताह में सुधार कराये जाने एवं वरिष्ठ भाजपाइयों के समझाने बुझाने पर कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। कहा यदि कार्यशैली में सुधार न किया गया तो एक सप्ताह बाद पुनः धरना प्रदर्शन आंदोलन शुरू कर दिया जायेगा। शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा के नीति एवं शोध प्रकोष्ठ के जिला प्रमुख अनुरुद्ध सिंह उर्फ सानू चौहान नगर अध्यक्ष प्रशांत चौहान के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तहसील में उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र के कार्यालय के सामने बरामदे में धरने पर बैठ गए। जैसे ही एसडीएम को यह जानकारी हुई तो उन्होंने अनिल गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष , अनिल शुक्ला पूर्व जिला उपाध्यक्ष, आदि भाजपाइयों को जानकारी देने के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं से उनकी समस्यायों के संबंध में जानकारी की ।इस अवसर पर भाजपा नेता सानू चौहान ने हरचंदपुर क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक रामनरेश गुप्ता पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कराने के साथ सांठगांठ कर खुर्द बुर्द कराने का आरोप लगाते हुए हटाये जाने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहसील में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं पर भी रोक लगाये जाने की मांग की। उन्होंने ग्राम सभा हलन्दपुर के ग्राम सभा की भूमि ,चकरोड तालाब एवं वंजर आदि की सरकारी भूमि पर प्लाटिंग करा कर अवैध कब्जा कराये जाने का आरोप लगाया। उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र से वार्ता के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल गुप्ता अनिल शुक्ला अभय सेंगर आदि के समझाने बुझाने एवं एक सप्ताह में सुधार के आश्वासन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया और जमकर भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। भाजपा नेता अनुरुद्ध चौहान प्रशांत चौहान पुनीत ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में गेल के मजदूर की मौत

संवाददाता, फफूंद-औरैया

- परिजनों ने कंपनी के कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगाया



राहुल सिंह ।

**अमृत विचार।** फफूंद थाना क्षेत्र के गांव पाता में स्थित गेल प्लांट में मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने कंपनी के साइट इंचार्ज व ईआईसी पर उत्पीड़न करने के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव पाता निवासी कप्तान सिंह का 26 वर्षीय पुत्र राहुल सिंह पाता प्लांट में स्थित लारोंन कम्पनी में दाना सिफ्टिंग



मौके पर मौजूद सीओ राममोहन शर्मा । अमृत विचार

मशीन का चालक था। गुरुवार की दोपहर दो बजे से दस बजे वाली सिफ्ट में उसकी ड्यूटी थी। दो बजे वह पाता प्लांट में चला गया। शाम 7:19 बजे पिता कप्तान सिंह के पास फोन आया कि आपके पुत्र की हालत बहुत खराब है कृपया धनवंतरी अस्पताल एनटीपीसी पहुंचे। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंच गए जहां पर काफी देर बाद डॉक्टरों व कम्पनी के स्टाफ ने बताया कि उसकी मृत्यु हो गई है। सूचना पर एनटीपीसी की पुलिस भी पहुंच गई। उन्होंने परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम लिए भेज दिया।

मृतक के पिता कप्तान सिंह ने बताया कि मेंरे पुत्र राहुल को कम्पनी के साइड इंचार्ज प्रमोद दीक्षित, कम्पनी के ई.आई.सी. मनोज कुमार आए दिन अपशब्द कहकर परेशान करते थे। जिससे वह परेशान रहता था। उक्त लोगो ने हमारे पुत्र की हत्या की है। शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन बच्चा नही है। वहीं मृतक की पत्नी रीना व मां, भाई, बहन का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि युवक पाता प्लांट में मजदूरी करता था, जिसकी मृत्यु हो गई थी। कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट कारण का पता लगेगा। तहरीर मिल गई है। वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## ककोर के पास चोरों ने प्राइवेट स्कूल को बनाया निशाना

संवाददाता, ककोर-औरैया

- मुख्यालय के निकट पुलिस गश्त की खुली पोल

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट बीती रात चोरों ने निजी स्कूल में अपना कहर बरपाया। जहां पेट्रोल पंप के पास रात भर चोर मंडराते रहे। वही दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी इंचार्ज के गश्त की पोल खुल गई। जहां रात भर चोर गेट के लॉक तोड़ते रहे।निजी स्कूल बाल विकास ककोर में गेट से ताला तोड़कर कुंडी काटकर अंदर प्रवेश किया।इसके बाद भीतर के लॉक को तोड़ दिया।और रात में आराम से हाथ साफ करते रहे।आखिर जिला मुख्यालय,दिबियापुर थाने की पुलिस रात में गस्त करने की कोशिश नहीं करती हैं।इससे पहले भी 27 जुलाई 2022 को स्कूल में चोरी हुई थी।लेकिन पुलिस प्रशासन तब भी चोरी का अनावरण करने में नाकाम रही थी।एक साल में जिला मुख्यालय के आस पास दस से अधिक चोरियां हो चुकी हैं।लेकिन आज तक किसी भी चोरी का अनावरण नही हो पाया है। वही चोरों ने स्कूल में मोटर साइकिल यूपी 79 एफ 3654 प्लेटिना काला रंग,दो गैस सिलेंडर,पानी की मोटर, एक बड़ी बैटरी साउंड सिस्टम,स्पीकर, टूल किट,बिजली उपकरण,,स्कूली कागजात,बैग अन्य काफी सामान को चुरा ले गए।

## रुद्राभिषेक के साथ मंत्री नंदी का मनाया गया जन्मोत्सव

संवाददाता, बिधूना/ऐरवाकटरा/औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को ऐरवा टीकुर स्थित बूढ़े बाबा प्राचीन शिव मंदिर पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता "नंदी" का पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वैश्य समाज के लोगों व व्यापारियों वर्ग ने मंत्री के लंबी उम्र की दुआ एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भगवान शंकर का रुद्राभिषेक करते हुए भंडारे का आयोजन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पहले मंदिर पर रुद्राभिषेक के बाद केक काटकर वितरित किया गया।इस



केक काटते भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

अवसर पर सर्वप्रथम मंत्री के निजी सचिव सौरभ गुप्ता द्वारा कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।बसपा शासन काल में 12 जुलाई वर्ष 2010 में प्रदेश में मंत्री रहने के दौरान प्रयागराज में घर से पूजा करने के लिए मंदिर जाते समय आरडीएक्स से हमले के दौरान मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी घायल हुए थे और तीन माह कोमा में रहे थे, तभी से हर वर्ष 12 जुलाई को कार्यकर्ताओ द्वारा पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव प्रदेश के सभी जनपदों में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान जय वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर पोरवाल (कौशलेंद्र) ने बताया कि मंत्री नंदी वैश्य व व्यापारी समाज के साथ हर समाज के लिए समर्पित है, प्रदेश में वैश्य व ब्यापारियों आदि समाज के लोगों के साथ होने बाली घटनाओं में शामिल अपराधियों को सजा दिलाने का कार्य मंत्री द्वारा समूचे प्रदेश में किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओ में सुबह से ही उत्साह था और कस्बा सहित पूरे जनपद में जगह जगह पोस्टर व वैनर लगाये गये थे। सुबह ग्यारह बजे शुरू हुआ भंडारा निरंतर शाम तक जारी रहा,जिसमे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया,। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक छोटे गुप्ता, सौरभ गुप्ता, शंकर पोरवाल (कौशलेंद्र) रुरुगंज, मोहित गुप्ता, सुनील गुप्ता प्रधान, नरेशचंद्र गुप्ता, कौशल पोरवाल, सुब्बे गुप्ता, राहुल गुप्ता, अमित चौबे, सचिन गुप्ता, गौरव रंजन गुप्ता आदि रहे।

दिक्कत — गेटमैन ने इमरजेंसी बूम लगाकर सूचना रेलवे विभाग को दी

# ऑटोमैटिक बूम में तकनीकी खराबी से क्रासिंग पर लगा जाम

संवाददाता अछल्दा,औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर 13-बी ऑटोमैटिक बूम में टेक्निकल खराबी आने से बूम नही उठ सका। वही गेटमैन ने इमरजेंसी बूम लगाकर बूम में खराबी आने की सूचना रेलवे विभाग एसएनटी को दी ।

दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर 1 बजकर 41 मिनट पर 13-बी बूम टेक्निकल खराबी आ गई जिससे गेटमैन ने फाटक खोलने प्रयास की लेकिन दक्षिण बूम नही उठ रहा था तो गेटमैन ने आनन-फानन में इमरजेंसी बूम लगाया और उसके बाद रेलवे के एस एन टी कार्यलय में बूम खराब



क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

होने की सूचना दी । सूचना पर रेलवे कर्मचारियों ने बूम में आई खराबी को दुरूस्त कर फाटक को खोला गया करीब 10 मिनट बाद फाटक खुलने के बाद अछल्दा-बिधूना मार्ग पर जाम लग गया। जाम खुलवाने के आरपीएफ ने कड़ी मशक्कत की। तब कहीं जाम खुल सका।

**ट्रेनों के ठहराव के लिए स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन** : अछल्दा कस्बे के समाज सेवियो




स्टेशन मास्टर आस्तिक कुमार को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी। अमृत विचार

द्वारा सोमवार को रेलवे स्टेशन मास्टर अछल्दा को रेलवे के जीएम डीआरएम प्रयागराज के लिए एक ज्ञापन सौंपा गया था। सौंपे गए ज्ञापन में कोरोना काल से अछल्दा रेलवे स्टेशन पर कुछ प्रमुख ट्रेनों के बंद चल रहे ठहराव को पुनः शुरू करने की मांग की गई है।

एकलव्य वेलफेयर समिति एवं नगर वासियों के द्वारा शुक्रवार को स्टेशन मास्टर अछल्दा आस्तिक कुमार को लिखित पुस्तिका के माध्यम से जीएम व डीआरएम रेलवे प्रयागराज के लिए सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना काल से अछल्दा रेलवे स्टेशन पर महानंदा एक्सप्रेस, तूफान एक्सप्रेस व आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहरा बंद चल रहा है। उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव बंद किए जाने से 7 लाख से अधिक क्षेत्र वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खासकर व्यापारी वर्ग शिक्षक वर्ग चिकित्सीय अधिक परेशान है। ज्ञापन में उपरोक्त ट्रेनों के ठहराव के साथ ही मालदा फरक्का एक्सप्रेस व आगरा लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस का ठहराव भी शुरू कराए जाने की मांग की गई है।

## चौथे दिन भी जारी रही लेखपालों की हड़ताल

संवाददाता, बिधूना-औरैया

**अमृत विचार।** लेखपालों के साथ आए दिन अभद्रता किए जाने एवं लेखपालों की अन्य कई समस्यायों को लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व लेखपाल संघ के लेखपाल शुक्रवार को चौथे दिन भी हड़ताल पर रहे ।इस दौरान लेखपालों ने तहसील में जोरदार धरना प्रदर्शन करते हुए अतिशीघ्र मांगें न माने जाने पर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी।

उत्तर प्रदेश राजस्व लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष योगेश शाक्य ने कहा कि लेखपालों की समस्यायों के संबंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया था बाबजूद इसके अभी तक कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई है। कहा कि ग्राम निरंजनपुर लेखपाल चन्द्र कुमार के साथ हुई अभद्रता के बाद दिबियापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई जबकि एक सप्ताह बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री योजना में लेखपाल सत्यापन के अलावा योजना से संबंधित कोई अन्य कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने नलकूपों की गणना का कार्य लेखपालों को सौंपे जाने को लेकर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि जब नलकूप विभाग के कर्मचारी मौजूद हैं तो यह कार्य भी लेखपालों को सौंपा जाना सरासर ग़लत है। उन्होंने कहा जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री पतंजलि दुबे, तहसील महामंत्री रविकांत दीक्षित आदि रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए रेलवे का चक्का जाम करेंगे कर्मचारी

## रेलवे एवं राज्य कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से किया धरना- प्रदर्शन , जमकर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** रेलवे मेंस यूनियन और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए धरना प्रदर्शन किया। रेलवे मेंस यूनियन के शाखा मंत्री दलेल सिंह यादव, कोषाध्यक्ष पीएम मीणा, पूर्व शाखा मंत्री रामावतार यादव, संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव, ऑडिटर रामतेज यादव, राकेश यादव, के साथ अनेक कर्मचारियों ने एक स्वर में भारत सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की ।

शाखा मंत्री दलेल सिंह यादव ने कहा कि अब कर्मचारी पुरानी पेंशन के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेगा। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान का इंतजार है। आह्वान होते ही रेल का चक्का जाम कर दिया जाएगा। कोषाध्यक्ष पीएम मीणा ने कहा कि भारत सरकार रेल कर्मचारियों सहित समस्त प्रदेशों के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन तत्काल बहाल करें। क्योंकि बिना पेंशन के कर्मचारियों की सेवा के बाद स्थिति जल से निकाली गई मछली के समान हो जाती है। भाजपा शासित राज्य सरकारें अभी तक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन पर गौर नहीं कर रही है। उसी का परिणाम है कि दिन प्रतिदिन भाजपा की छवि कर्मचारियों की नजरों में गिरती जा रही है।



पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में बैठे रेलवे एवं राज्य कर्मचारी परिषद के नेतागण।

जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव ने कहा कि अगर अभी भी केंद्र राज्य सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल नहीं की तो वह दिन दूर नहीं है जब सत्ता पक्ष की स्थिति 1999 जैसी हो जाएगी । राम तेज यादव ने कहा कि यही कारण रहा कि लोकसभा में वर्तमान सरकार को उतनी अच्छी स्थिति प्राप्त नहीं हुई जो विगत वर्षों में होती रही थी। राकेश यादव ने कहा कि भारतीय डाक विभाग बहुत लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है। रेलवे सिगनल विभाग से अलका वर्मा ने कहा कि हम लोगों की ड्यूटी रोस्टर में रहने के बावजूद भी नियमित एवं मौसम की अनेक कठिनाइयों को देखते हुए समय से पूर्ण की जाती है। उसके बाद भी सेवानिवृति के बाद भविष्य अंधकार में है। नेहा वर्मा जितना कठिन कार्य रेलवे कर्मचारियों द्वारा किया जाता है वह किसी से छिपा नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा हमारी पुरानी पेंशन पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेना अत्यंत ही खेद जनक है। कार्यक्रम में ऋषि चतुर्वेदी, अजय मिश्रा,भूरे सिंह, दीपक कुमार यादव, सूरज कुमार, हिमांशु बाथम, प्रविंद्र बाबू, अमित कुमार वर्मा, आनंद कुमार, विजय कुमार, नीलम देवी, रेनू बघेल, अमृतलाल, वीरेंद्र, मनोज कुमार आदि ने संघर्ष करने की शपथ ली।

# मुंबई पुलिस ने जहरखुरानी मामले में दंपति को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट में पेश करके साथ में ले गई, ट्रेनों में यात्रियों को बनाते थे शिकार

**अमृत विचार।** मुंबई पुलिस ने अचानक छापामार कार्रवाई करके ट्रेनों में यात्रियों को जहरखुरानी का शिकार बनाकर उनका माल पार करने के आरोप अधेड़ दंपति को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करके अपने साथ ले गए।

शहर में कोतवाली सदर क्षेत्र में मोहल्ला कटरा बलसिंह में शुक्रवार दोपहर के समय उस समय हड़कंप मच गया जब मुंबई में दादर थाना पुलिस के एसआई बापू भास्कर कामले के नेतृत्व में महिला सिपाही सहित पांच पुलिस वालों की टीम ने छापा मारकर 57 वर्षीय रामनरेश तथा उसकी 55 पत्नी गीता देवी उर्फ मीना को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराकर सीजेएम कोर्ट में पेश किया, वहां से वारंट बनवाकर अपने साथ ले गई। इस दौरान एसआई कामले ने बताया कि यह दंपती अर्से से मुंबई क्षेत्र में ट्रेनों में यात्रियों को विश्वास में लेकर जहरखुरानी का शिकार बनाकर बेहोश करके उनका कीमती सामान तथा नगदी पार कर ले जाते हैं। इसके तहत नासिक तथा सांगली में जेल काट चुके हैं। कुछ समय तक शांत रहने के बाद फिर से वारदातों को अंजाम देने लगते। कुछ समय पहले कई घटनाओं को अंजाम देकर यह दोनों यहां आ गए। सीसीटीवी कैमरों में इनके फुटेज मिले फिर इनकी लोकेशन ट्रेस करते हुए इन दोनों को इनके घर पर पकड़ा गया। अब वहां की कोर्ट में पेश करके घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत, शव फंदे पर लटका मिला

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदरपुरा निवासी राहुल कुमार की 25 वर्षीय पत्नी रोशनी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई उसका शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानवीन की। बाद में नायक तहसीलदार की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। संदिग्ध मौत को देखते हुए पैनल के द्वारा पोस्ट मार्टम कराने की संस्तुति की गई है।

## सार-संक्षेप



बाबा बर्फानी के दर्शन कर लौटे यात्री। अमृत विचार

### बाबा बर्फानी के दर्शन को गया जत्था सकुशल लौटा

**इटावा।** बाबा बर्फानी की यात्रा पर 101 सदस्य दर्शन करने निकले थे जिसमें 87 सदस्य सकुशल लौटे आए हैं। शेष 14 सदस्य हिमाचल में नौ देवियों के दर्शन करके 16 तारीख को वापस आएंगे । जत्था का नेतृत्व कर रहे अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने बताया कि 51 सदस्य गोमती एक्सप्रेस से 50 सदस्य उधमपुर एक्सप्रेस से इटावा से जम्मू कश्मीर के लिए निकले थे। उधमपुर एक्सप्रेस से इटावा पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़े बजाते हुए फूल मालाओं से लाद कर स्वागत किया। यात्रा में प्रमुख रूप से अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल उपाध्यक्ष जय सिंह चौहान, सनी कुशवाहा, ध्रुव अग्निहोत्री, चित्रांशु तोमर, कृष्ण चतुर्वेदी, मुलायम सिंह यादव, अंशु कुशवाहा, कैलाश राजपूत, अमन कुमार कश्यप, अभय कुमार कश्यप, परमजीत कश्यप, डॉ अभिषेक, युवराज कश्यप, नीतीश कुमार पाल, मुकुंद लाल, अविनाश पाल, विमल कुमार पाल, दिनेश कुमार यादव, श्याम सिंह कुशवाहा, निशांत कुमार, संदीप कश्यप, विमल कुमार पाल, अनुज कुमार यादव प्रमुख रूप से शामिल है। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप मीना चौहान, सृष्टि चौहान, विजय सिंह पाल, मुकेश पाल, राकेश कुशवाहा, आनंद अग्निहोत्री, अमित मिश्रा, देवेंद्र शर्मा, मुन्नालाल कश्यप, सागर कश्यप, अमित सक्सेना आदि तीर्थ यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

### वंशिका ने सीए की परीक्षा पास की



वंशिका अग्रवाल।

**इटावा।** भारत विकास परिषद इटावा तुलसी की सम्मानित सदस्य मोनिका अग्रवाल एवं नीलाभ अग्रवाल की होनहार बेटी वंशिका ने चार्टर्ड अकाउंट ( सीए) की परीक्षा उत्तीर्ण करके समाज का एवं हम सभी का नाम रोशन किया हैं। तुलसी शाखा के अध्यक्ष डा कैलाश यादव, सचिव डा अनुराग श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष डा ध्रुव कुमार गुप्ता, डा महेंद्र सिंह, प्रीतम खन्ना, अच्युत मिश्रा, चंद्रमुखी दुबे, शमीम बेगम, नीतू सिंह, अनीता सिंह नरेंद्र नाथ वर्मा, मोहिनी मिश्रा, मंजू सिंह, नीलिमा चौधरी, मौसमी पाल, देशकुमारी, राजेश सिंह, सुशीला राजावत, पंकज कुमार सिंह चौहान एवं अंजू चौधरी सहित सभी सदस्यों की तरफ से इस होनहार बेटी को सीए बनने की बहुत बहुत बधाई दी।



ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करते परिषदीय शिक्षक। अमृत विचार

### सैफई में शिक्षकों ने किया ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध

**सैफई, इटावा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सैफई पर डिजिटाइजेशन /ऑनलाइन उपस्थिति के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी सैफई ने प्रधानाध्यापकों की बैठक बुलाई। जिसमें सभी संगठनों के आह्वान पर पर शिक्षकों ने एक स्वर में डिजिटाइजेशन ऑनलाइन उपस्थिति का पूर्ण बहिष्कार किया। शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि जब तक शिक्षकों की मांगे पूरी नही हो जाती तब तक बहिष्कार जारी रहेगा। शिक्षकों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र सैफई पर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया। शिक्षकों ने कहा कि कोई भी पंजिका ऑनलाइन नहीं की जाएगी।



पीड़ित को चेक प्रदान करती भाजपा विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

### बज्रपात के शिकार पीड़ित परिवार को मिली मदद

**बसरेहर, इटावा।** बसरेहर विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खुडीसर में दस जुलाई को खेतों पर काम कर रहे भाजपा नेता किसान महेंद्र सिंह सेंगर निवासी खुडीसर के ऊपर आकाशीय बिजली गिर जाने से उसकी मौत हो गई थी । सदर विधायका सरिता भदौरिया ने मृतक महेंद्र सिंह की पत्नी शिल्पी देवी को चार लाख की सहायता चेक प्रदान कर परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर मौजूद बसरेहर ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव उर्फ बबलू , बसरेहर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय , ग्राम प्रधान खुडीसर रामनरेश दिवाकर , पिंटू चौधरी , भाजपा नेता सौरभ शाक्य बसरेहर , अरविंद भदौरिया ढपले महाराज , कुलदीप राजपूत ने सदर विधायक सरिता भदौरिया के साथ मृतक परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की ।



एनसीसी अधिकारी डॉ . अरशद मलिक का स्वागत करते प्रिंसिपल गुफरान अहमद।

### डॉ. अरशद मलिक की चीफ ऑफीसर पद पर हुई पदोन्नति

**इटावा।** एचएमएस इस्लामिया इंटर कालेज के एनसीसी अधिकारी डा अरशद मलिक की एनसीसी 4 यूपी बटालियन में सेकेंड ऑफीसर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे उनकी पदोन्नति एनसीसी में चीफ ऑफीसर के पद पर हुई। एनसीसी अधिकारी डा . अरशद मलिक को नवम्बर 2023 में पदोन्नति हेतु प्रशिक्षण के लिए विभाग की ओर से नागपुर भेज दिया। उन्होंने अपने प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक पूरा करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्हें जूनियर डिवीजन एनसीसी में चीफ ऑफीसर के पद पर पदोन्नत कर दिया गया। इसकी सूचना प्रधानाचार्य गुफरान अहमद को लखनऊ निदेशालय से प्राप्त हुई। प्रधानाचार्य गुफरान अहमद सहित कालेज स्टाफ ने उनका शाल उढ़ाकर व फूल मालाओं से लादकर अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक मोहम्मद अल्ताफ़ सहित समस्त स्टाफ ने डा . अरशद मलिक को शुभकामनाएं दीं। एनसीसी कैडेट्स एवं छात्रों ने भी डा . अरशद मलिक का अभूतपूर्व तरीके से अभिनन्दन किया। अंत मे एनसीसी अधिकारी डा . मलिक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### बिधूना में महेंद्र सिंह बने नए कोतवाल, कार्यभार संभाला



निरीक्षक महेंद्र सिंह।

**बिधूना-औरैया।** एसपी कार्यालय चुनाव सेल से स्थानांतरित होकर आए निरीक्षक महेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होंने अधीनस्थों की बैठक कर दो टूक शब्दों में कहा कि शासन की मंशानुरूप अपराध और अपराधियों पर शिकंजा और तेज कसा जायेगा। उन्होंने पुलिस गश्त तेज करने के साथ ही बीट प्रभारियों को क्षेत्र की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को कहा। इस अवसर पर अपराध निरीक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान, अपराध निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह सोलंकी ,उप निरीक्षक मेवालाल,उप निरीक्षक मुनीष यादव, राहुल चौहान सचिन, रोहित कुमार सर्वेंद्र कुमार, विजयपाल चौधरी, अजीत कुमार, अनिल कुमार संजीव आदि पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**इटावा।** फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अड्डा श्याम लाल निवासी राज कुमार पुत्र गौरी शंकर महेरा फाटक के पास रेलवे लाइन पार कर रहे थे तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

### उपचार के दौरान दम तोड़ा

**इटावा।** चकर नगर थाना क्षेत्र के गांव गौहानी निवासी सत्येंद्र सिंह 45 वर्ष पुत्र बडे सिंह ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लियाथा। हालत गंभीर होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई । परिवार के लोग उसे उपचार के लिए पीजीआई ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराया है।

### गाय को बचाने में स्कूटी फिसली, बाप-बेटे जख्मी

**बकेवर, इटावा।** लखना कस्बा के मातन टोला के बर्तन व्यवसायी किशोर पोरवाल अपने बेटे लकी पोरवाल के साथ स्कूटी पर सवार होकर बकेवर आ रहे थे, आरबीएस डिग्री कालेज के पास गाय को बचाने में स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया जो सड़क पर दूर तक फिसलती चली गई जिससे दोनों बाप बेटे घायल हो गए। स्कूटी चला रहा बेटा हेलमेट पहने हुए था जिससे वह आंशिक घायल हुआ जबकि बर्तन व्यवसायी के सिर में गंभीर चोट आई है जिससे परिजन कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए।

### भजन संध्या 17 जुलाई को

**इटावा।** शहर के मोहल्ला छिपैटी पटी गली स्थित खाटू श्याम के मंदिर में भजन संध्या का आयोजन 17 जुलाई को किया जाएगा। इसमें एएस म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार खाटू श्याम के भजन प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी रमेश सक्सेना एडवोकेट व राजेश कुमार शर्मा ने दी है। उन्होने श्रद्धालुओं से 17 जुलाई की शाम 6 बजे मंदिर पहुंचकर भजन संध्या में शामिल होने की अपील की है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**इटावा।** औरैया जिले के अयाना थाना क्षेत्र के गांव मिलक निवासी कमल सिंह उर्फ पिंटू 35 वर्ष पुत्र गिरीश सिंह गुरूवार की शाम अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए बाइक से इटावा आया था। वहां से अपने घर लौट रहाथा जैसे ही वह हाइवे पर सुदरपुर रेलवे पुल के पास पहुंचा तभी किसी वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सडक पर जा गिरा। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुची और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर मृतक के बहनोई ने बताया कि वह नोयडा में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

# किसानों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विशेष मालभाड़ा रेल लाइन (फ्रेटकारीडोर) के लिए अधिग्रहित भूमि का कानूनी रूप से प्राप्त होने वाला दस फीसदी सुखाचार ब्याज तथा कुछेक का अभी तक शेष प्रतिकर न होने एवं अन्य समस्याओं के विरुद्ध किसान सभा के नेतृत्व में परियोजना प्रबंधक (पीएम) कार्यालय टूंडला पर इटावा जिले के सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन कर उक्त समस्याएं तत्काल निपटाने की मांग की। किसानों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह एवं संदीप चौहान के बीच लम्बी वार्ता हुई। किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य एवं अन्य नेता भी उपस्थित रहे।



संदीप चौहान के साथ किसान नेता मुकुट सिंह। अमृत विचार

- अधिग्रहीत भूमि पर दस फीसदी सुखाचार ब्याज देने की मांग

वार्ता में सहमति बनी और तत्काल निपटारा के लिए आश्वासन दिया गया। जिलामंत्री संतोष शाक्य ने बताया कि रेलवे द्वारा ली गई भूमि के सुखाचार-ब्याज, शेष प्रतिकर आदि के सम्बंध में आयुक्त कानपुर/ आर्वीट्रेटर के न्यायालय मे मामले लम्बित हैं, जिन्हें फ्रेटकारीडोर और पीडित किसानो की आम सहमति से अदालत द्वारा निपटारा करना है। पीएम संदीप चैहान ने जिले से गये किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें तत्काल हल करने का आश्वासन दिया।

## अयाना में थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने संभाला चार्ज

**अयाना।** नवांगतुक थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने शुक्रवार दोपहर को अयाना थाने का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि हर शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण और अपराध पर नियंत्रण उनकी प्राथमिकता है।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया था। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल को थाना प्रभारी बेला की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अयाना थाने की कमान उप निरीक्षक विनोद के हाथों में दी थी। शुक्रवार शाम को थाने के स्टाफ ने निरीक्षक जय प्रकाश पाल को फूल माला पहना कर विदाई दी। और नवांगतुक थानाध्यक्ष विनोद कुमार का स्वागत किया।



तहसीलदार रणवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

## राजस्व संग्रह अमीनों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता बिधूना,औरैया

**अमृत विचार।** उ.प्र. राजस्व संग्रह अमीन संघ के तहसील अध्यक्ष रविंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को राजस्व संग्रह अमीनों की समस्यायों के संबंध में एक ज्ञापन तहसीलदार रणवीर सिंह को सौंपा ।इससे पूर्व उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ तहसील इकाई विधूना की आपात बैठक कर समस्यायों पर विस्तार से चर्चा की गई और संग्रह अमीनों द्वारा रोष प्रकट करते हुए समस्यों का अविलम्व निस्तारण कराये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में संग्रह सेवकों को अन्य कार्य से प्रथक करते हुए शत प्रतिशत वसूली कार्य में लगाये जाने, मासिक वेतन हर दशा में माह की 1 तारीख को भुगतान कराये जाने, माह जून का वेतन तत्काल भुगतान कराये जाने, वर्षों से लम्बित ऐरियर सीआरए का भुगतान अविलंब कराये जाने आदि प्रमुख मांगों को रखा गया है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनूप बाजपेई,महामंत्री चंद्रकुमार आदि पदाधिकारियों के अलावा संग्रह अमीन मौजूद थे।

## विद्युत कटौती रोकने को अधीक्षण अभियंता से मिले चेयरमैन

**फफूंद,औरैया।** शुक्रवार को फफूंद चैयरमैन मोहम्मद अनवर ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ब्रजमोहन से मुलाकात की और बिजली कटौती बंद करने की मांग करते हुए उन्हे पत्र सौंपा। बताया की मोहर्रम माह और अन्य पर्व का समय चल रहा है ।उमस भरी गर्मी में नगर वासियों को पेयजल की किल्लत न होने पाए इसके लिए नगर पंचायत दिन में तीन बार सुबह साढ़े पांच से साढ़े छह,दोपहर बारह बजे से एक बजे तक और शाम चार बजे से साढ़े पांच बजे तक पानी की आपूर्ति करती है ।नगर पंचायत के सभी नलकूप बिजली पर आधारित है ।बिजली कटौती होने से नलकूप नही चल पाने से टंकियां नही भर पाती हैं जिससे पेयजल की आपूर्ति बाधित हो जाती है बताया की नगर के कई मोहल्ले ऊंचाई पर स्थित है।

# मंडलायुक्त ने निरीक्षण कर परखी हकीकत

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर अमित गुप्ता ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत फूलपुर में नवनिर्मित एम.आर.एफ. सेण्टर का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को निर्देशित किया कि इसका संचालन (उपयोग) पूरी क्षमता से कराया जाए जिससे जगह-जगह फैसले वाली गंदगी एक स्थान पर एकत्रित करके उसका समुचित तरीके से निस्तारण हो और आमजन को गंदगी का सामना न करना पड़े।

वहीं आयुक्त ने फूलपुर स्थित इंग्लिश मीडियम पी.एस. स्कूल का भी निरीक्षण करते हुए मिड डे मील की रसोई में साफ- सफाई को देखा तथा तैयार मिड-डे मील की गुणवत्ता को देखा और निर्देश दिए कि मिड डे मील की गुणवत्ता व मीनू को नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए जिससे छात्र-छात्राओं को पौष्टिक व ताजा भोजन मिले। उन्होंने विद्यालय में छात्रों की संख्या तथा उपस्थित के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए की छात्र/ छात्राओं को और बेहतर शिक्षा दी जाए जिससे वह आगे बढ़कर जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके।

भ्रमण के दौरान डीएम नेहा प्रकाश ,एसडीएम सदर राकेश कुमार,एसडीएम अजीतमल राम अवतार, तहसीलदार अजीतमल जितेश कुमार ,जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम सहित ग्राम प्रधान,अध्यापक आदि मौजूद रहे।



बच्चों को जानकारी देते एसआरजी सुनील दत्त राजपूत। अमृत विचार

## निपुण आकलन कर बच्चों को किया प्रेरित

**फफूंद-औरैया।** निपुण भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु शुक्रवार को एसआरजी ने भाग्यनगर ब्लाक के स्कूलों में सहयोगात्मक अनुसमर्थन प्रदान किया। उन्होंने बच्चों का निपुण लक्ष्य एप पर आंकलन भी किया। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए।

प्राथमिक विद्यालय बढुआ में 46 छात्रों के सापेक्ष 36 छात्र उपस्थित पाए गए वहीं दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय फक्कडपुर में नामांकित 67 छात्रों के सापेक्ष 38 छात्र उपस्थित थे। विद्यालयों में मीनू के अनुसार पौष्टिक मिड डे मील पकाया गया ।दोनों विद्यालयों का भौतिक एवं शैक्षिक वातावरण सुदृढ़ था ।प्राथमिक विद्यालय बढुआ में प्रधानाध्यापक मुहीत सिद्दीकी एवं मात्र एक सहायक अध्यापक रिजवाना आजमी के द्वारा रुचिकर ढंग से शिक्षण कार्य किया जा रहा था। एसआरजी ने निपुण लक्ष्य एप के द्वारा कक्षा एक के पांच छात्रों का स्पॉट असेसमेंट किया गया जिसमें 3 निपुण पाए गए। प्राथमिक विद्यालय फक्कड़पुर में भी बच्चों का निपुण आकलन किया गया। प्रधानाध्यापक सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

प्रशिक्षण | नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट में संस्कार भारती की कार्यशाला

# नाट्य कार्यशाला नवोदित कलाकारों को देती है मंच

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ द्वारा संस्कार भारती इटावा के संयोजन में नारायण कॉलेज आफ साइंस एंड आर्ट आलमपुर हौज इटावा में आयोजित हो रही 10 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला के पांचवें प्रशिक्षण दिवस में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने नाट्य अभिनय को करते समय श्वांस का आरोह -अवरोह,उसके नियंत्रण और चेहरे के भाव मुद्राओं, डायलॉग डिलेवरी की जरुरत और बारीकियों को सीखा व समझा।

प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में रंगकर्मी अभिनय में अपनी-अपनी भूमिका को जीवंत करने की कोशिश कर रहे हैं। संस्कृति के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास,





नाट्य कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करते कलाकार। अमृत विचार

अभिनय के क्षेत्र में कैरियर बनाने वाले युवाओं के मार्गदशन के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षु अभिनय की विभिन्न बारीकियां को सूक्ष्मता के साथ सीख रहे हैं। कार्यशाला के पंचम दिवस पर प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के समक्ष निशानेबाज व कोच राहुल तोमर ने कहा कि नाटक और खेलकूद से छात्रों में अपने आत्मसम्मान, सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। यह उन्हें समय प्रबंधन और अनुशासन के बारे में भी सिखाता है। इसे करियर के रूप में या शौक के रूप में किया जा सकता है। कार्यशाला निर्देशक रंग प्रशिक्षक आरिफ शहडोली एवं सहायक कार्यशाला निर्देशक रंग प्रशिक्षक रवीन्द्र सिंह चौहान ने पांचवें दिन की कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय में दक्षता के लिए नाटक की स्क्रिप्ट पढ़ाकर उनके चरित्रों को निभाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी । कार्यशाला के प्रत्येक दिवस में नारायण कॉलेज आफ साइंस एंड आर्ट्स इटावा के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा एवं कॉलेज परिवार का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है । प्रशिक्षु छात्र- छात्राओं में इच्छा, संदीप यादव, शीलेंद्र प्रताप, भास्कर पोरवाल, लवी, शाहनवाज खान, विराट भदौरिया, अभिनव बिसारिया, निखिल, प्रतीक, तृषा, तमन्ना, अमित कुमार, सौरभ सक्सेना, कुलदीप कुमार मिश्र एडवोकेट , मणि, मयंक सक्सेना आदि सहित अन्य छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.):** गेहूँ दड़ा 2400–2410 आर. आर.21 2550–2600 गेहूँफारम 2600–2700 जौ 2000 –2100 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200 –2400 **दलहन (प्रति क्वि.):** चना 6300–6400 अरहर 9000 –10000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–3800 उड़द हरा 11000 –11500 उड़द काला 8000 –9000 मूँग 8000–8200 **दाल (प्रति क्वि.):** अरहर फूल 16400–16500 अरहर स्पेशल 14300–14400 चनादाल 7900–8000 मटर दाल 4450–4550 मसूर मलका 7200–7250 मसूर दाल 7400–7450 उड़द दाल 9000–13300 उड़द धोवा 10000–13000 मूँग दाल 8100 –9700 मूँग धोवा 9700–11000 **चावल (प्रति क्वि.):** अरवा 2800–3500 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.):** आटा 1400–1460 मैदा 1380–1450 सूजी 1440–1460 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.):** शाहपसंद 1370–1410 **तिलहन (प्रति क्वि.):** लाही 5600–5800 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11500– 12200 मूँगफली दानाषिवपुरी 10000– 11200 बटाली 8600–10500 सेहुआं 4000–4500 सरसों कोल्हू 12200–12300 अलसी 10100–10200 अण्डी 12800–13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन):** सोयाबीन 1575–1580 **खली (प्रति क्वि.):** सरसों 2600–2650 अलसी 4900–5000 अण्डी 1400–1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.):** बावर्ची 1575–1575 मयूर 1575–1575

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55650–55850 |

# सात प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर: विरमानी

## नीति आयोग के सदस्य ने अर्थव्यवस्था को जताई संभावना

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और आने वाले कई वर्षों तक यही वृद्धि दर बरकरार रहने की संभावना है। विरमानी ने कहा कि देश के सामने नई चुनौतियां हैं और उनसे निपटना होगा। उन्होंने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर (0.5 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) से बढ़ेगी... मुझे उम्मीद है कि हम आज से कई वर्षों तक सात प्रतिशत की दर

- **कहा- देश के सामने नई चुनौतियां, उनसे निपटना होगा**



से वृद्धि करने की राह पर हैं।

आरबीआई ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निजी उपभोग व्यय में गत वित्त वर्ष 2023-24 में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर विरमानी ने कहा कि वास्तव में अब इसमें सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक महामारी के कारण बचत कम हुई ... और यह पिछले वित्तीय झटकों से बहुत अलग था। विरमानी ने कहा, पिछले साल भी अल नीनो आया था, लेकिन वैश्विक महामारी के कारण लोगों को अपनी बचत निकालनी पड़ी।

उन्होंने खपत में कमी को समझाते हुए कहा कि अगर आज लोग बड़े ब्रांड का सामान खरीद रहे हैं, तो वे सस्ते ब्रांड या साधारण सामान खरीदेंगे और पैसे बचाएंगे। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के बावजूद देश में एफडीआई में गिरावट के बारे में विरमानी ने कहा कि उभरते बाजारों की तुलना में अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों में निवेश पर जोखिम रहित रिटर्न कहीं अधिक है।

## औद्योगिक उत्पादन मई में 5.9 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन 5.9 प्रतिशत बढ़ा। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मई 2023 में 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मई 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 प्रतिशत बढ़ा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 13.7 फीसदी बढ़ा। आंकड़ों के मुताबिक इस साल मई में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 4.6 प्रतिशत रह गई, जो इस साल पहले इसी माह में 6.3 प्रतिशत थी।

# आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स-निफ्टी नए शिखर पर

**मुंबई, एजेंसी**

- **सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की उछाल दर्ज की गई**

टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई।

कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक यानी 0.78 प्रतिशत उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछलकर 80,893.51 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 186.20 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 276.25 अंक उछलकर 24,592.20 के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था। इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन तेजी के साथ हुआ। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 522.74 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि निफ्टी 178.3 अंक यानी 0.73 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विभिन्न कारणों से बाजार सीमित दायरे से बाहर निकलने में सफल रहा।

## ओमकार केमिकल्स में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी अडाणी विल्मर

**नयी दिल्ली।** प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अडाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। अडाणी विल्मर, अडाणी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के की एक संयुक्त उद्यम है। यह भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता खाद्य कंपनियों में शामिल है। कंपनी के पास विविधता भरा उत्पाद पोर्टफोलियो है, जिसमें खाद्य तेल, गेहूं का आटा, चावल, दालें, चना आटा (बेसन) और चीनी सहित अधिकांश घरेलू उत्पाद शामिल हैं। अडाणी विल्मर ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने एक विशेष रसायन कंपनी ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है।

## देवेन्द्र मील बने जेप्टो के चीफ बिजनेस ऑफिसर

**मुंबई।** भारत की सबसे तेज़ी से विकसित होती कन्ज़्यूमर इंटरनेट कंपनी ज़ेप्टो ने देवेन्द्र मील को पदोन्नत कर अपना चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अपनी इस भूमिका में मील कैटेगरी मैनेजमेन्ट का नेतृत्व करेंगे और ब्राण्ड साझेदारियों को बढ़ावा देंगे, साथ ही प्लेटफॉर्म के अनुकूलतम वर्गीकरण, कीमत निर्माण, उपलब्धता और सभी कोर एसकेयू की कैटलॉगिंग को सुनिश्चित करेंगे। कंपनी के संस्थापक और सीईओ आदित पलीचा ने कहा, ज़ेप्टो के साथ मील की यात्रा अतुलनीय रही है।

# अदाणी समूह 20 हजार करोड़ का करेगा निवेश

**तिरुवनंतपुरम**

**विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह**

**एजेंसी।** अदाणी समूह केरल स्थित विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह के बाकी तीन चरणों को पूरा करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का और निवेश करने की योजना बना रहा है। यह जानकारी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने शुक्रवार को यहां दी।

विझिंजम में रुकने वाले पहले बड़े जहाज 'सैन फर्नांडो' के आधिकारिक स्वागत समारोह के बाद अदाणी ने कहा कि यह बंदरगाह भारतीय विनिर्माताओं के लिए एक बड़ा बदलाव लाएगा। इससे उनकी लॉजिस्टिक लागत में 30 से 40 प्रतिशत तक कमी होगी। एपीएसईजेड ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत लगभग 8,867 करोड़ रुपये की लागत से बंदरगाह का विकास किया है।

अदाणी ने कहा कि हम अपने बही-खाते से 20 हजार करोड़ रुपये और निवेश करने जा रहे हैं और हम बाकी चरणों को एक बार में पूरा कर सकते हैं। कंपनी वास्तव में बाजार हिस्सेदारी पर ध्यान नहीं दे रही है, बल्कि विनिर्माताओं के लिए मालवहन की लागत को कम करने पर जोर दे रही है। अडाणी ने कहा कि बंदरगाह परियोजना को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन आम लोगों, सरकार और राजनीतिक दलों के समर्थन ने इसके पहले चरण को पूरा करने में मदद की। यह भी कहा कि अब हमारे पास अपने बाकी चरणों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पत्थर हैं, और ब्रेकवाटर लगभग पूरा हो गया है। विझिंजम बंदरगाह अपनी विशेष स्थिति के चलते देश के पहले अंतर-नौवहन बंदरगाह के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में यहां बंदरगाह पर आयोजित एक समारोह में 300 मीटर लंबे 'सैन फर्नांडो' का औपचारिकस्वागतकिया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 657.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़त होने से 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.23 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 577.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# बैंक क्षेत्र में सुधार को कानून में संशोधन कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का ला सकती है प्रस्ताव**

सरकार आगामी बजट सत्र के दौरान बैंक क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव ला सकती है। सूत्रों ने बजट सत्र में लाए जाने वाले प्रस्तावों का जिक्र करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन की भी जरूरत है।

सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों अधिनियमों की वजह से दो चरणों में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था लेकिन अब सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण के लिए इन कानूनों के प्रावधानों में बदलाव करने होंगे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस दौरान 23 जुलाई को बजट पेश किया जाएगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### सीबीएसई विद्यालयों में असम की जल दूत पहल होगी लागू: हिमंत

**गुवाहाटी।** जल संरक्षण में विद्यार्थियों की भूमिका को मान्यता देने वाले असम सरकार के जल दूत कार्यक्रम का अब देशभर में संचालित सीबीएसई के विद्यालयों में अनुकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में सीबीएसई की ओर से जारी परिपत्र को एक्स पर साझा करते हुए शर्मा ने कहा, असम की एक और अनूठी पहल लोगों की नजर में आयी है। उन्होंने कहा, सीबीएसई ने अपने सभी विद्यालयों में असम सरकार के कार्यक्रम जल दूत को लागू करने का निर्देश दिया है। यह व्यावहारिक कार्यक्रम जल संरक्षण की समुदाय की कोशिशों से विद्यार्थियों को जोड़ता है।

### पॉक्सो मामला: येदियुरप्पा को व्यक्तिगत पेशी से छूट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा द्वारा उनके खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 26 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी और वरिष्ठ भाजपा नेता को इस मामले के संबंध में 15 जुलाई को बेंगलुरु की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। यहां पॉक्सो अधिनियम मामलों के लिए फास्ट ट्रैक अदालत-1 ने चार जुलाई को 81 वर्षीय बुजुर्ग नेता को 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया था। मामले की जांच कर रहे आपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 27 जून को फास्ट ट्रैक अदालत में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

### अगरतला स्टेशन से सांत बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला।** भारत में बगैर वैध दस्तावेजों के प्रवेश करने के आरोप में अगरतला रेलवे स्टेशन से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अगरतला स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी गई और कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सवार होने जा रहे एक समूह को रोक लिया गया। अगरतला राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने बताया, वे (बांग्लादेशी नागरिक) भारत में यात्रा करने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। हमने सात लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें तीन पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। दास ने बताया कि उनके पास से बांग्लादेशी दस्तावेज, मोबाइल फोन और भारतीय मुद्रा के नोट बरामद किए गए।

# सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को शंभू बॉर्डर खोलने का दिया निर्देश

## उच्च न्यायालय का फैसला बरकरार रखा, अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद है बार्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद शंभू बॉर्डर से पुलिस बैरिकेडिंग हटाकर यातायात सभी के लिए खोलने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने10 जुलाई को राज्य सरकार को



- **प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए लगाए गए थे बैरिकेडिंग**

एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर खोलने का निर्देश दिया था, जिसे फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए सरकार ने बंद कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सात मार्च के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की ओर से फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान किसान 21 साल के शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए एक पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि राज्य सरकार 10 जुलाई को उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हरियाणा सरकार से पूछा, राज्य हाईवे को कैसे रोक सकता है? उसका कर्तव्य है कि वह यातायात को नियंत्रित करे। हम केवल इसे खोलने के बारे में नहीं कह रहे, बल्कि नियंत्रित करने के बारे में भी कर रहे हैं।

**प्रकृति का प्रकोप**



सिक्किम में भारी बारिश के बाद उफनती तीस्ता नदी के किनारे तीस्ता बाजार क्षेत्र में बाढ़ आ गई। ● एजेंसी

# भाजपा अलग सोच वाली पार्टी : नितिन गडकरी

**पणजी, एजेंसी**

- **कहा- कांग्रेस द्वारा हुईं गलतियों को दोहराने से बचना होगा**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा अलग सोच वाली पार्टी है और इसलिए वह बार-बार जनता का विश्वास जीत रही है। साथ ही उन्होंने पार्टी को अतीत में कांग्रेस द्वारा की गई उन गलतियों को दोहराने से बचने को लेकर आगाह किया जिनकी वजह से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा।

भाजपा के बहुमत प्राप्त नहीं कर पाने के करीब एक महीने बाद गडकरी ने कहा, अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी, तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। गडकरी ने जाति आधारित राजनीति के चलन की आलोचना की और कहा जो करेगा जात की बात उसे पड़ेगी कसके लात। गडकरी पणजी के निकट भाजपा की गोवा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावडे और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए।

# नए दस्तावेज जमा करने संबंधी आदेश खारिज

**मुंबई, एजेंसी**

**मानहानि मामला**

- **बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत दी**

बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए एक मजिस्ट्रेट का वह आदेश शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता को उसकी लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत में नये और अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने की अनुमति दी गई थी। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी। राहुल का भाषण 2014 में दायर उनकी उस याचिका का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने मजिस्ट्रेट के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की एकल पीठ ने कांग्रेस नेता की याचिका मंजूर कर ली। अदालत ने कहा, याचिका स्वीकार की जाती है। विवादित आदेश और तदनुरूप दस्तावेज प्रदर्शित करने के आदेश को रद्द तथा खारिज किया जाता है....।

न्यायमूर्ति चव्हाण ने मजिस्ट्रेट को मुकदमे को शीघ्रता से निपटाने का निर्देश दिया तथा दोनों पक्षों से सहयोग करने को कहा। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में दावा किया कि 2021 में उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने कुंटे को मामले में कोई भी नया दस्तावेज जमा करने की इजाजत नहीं दी थी।

# हाथरस कांड की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कहा- हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती**

उच्चतम न्यायालय ने हाथरस में दो जुलाई 2024 की भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की गुहार वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने कहा, बेशक, ये परेशान करने वाली घटनाएं हैं, लेकिन उच्च न्यायालय इससे निपटने के लिए सक्षम है। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा कि मामला चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता से भी जुड़ा है।

# कॉर्बेट क्षेत्र में बस चलाने के खिलाफ याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **न्यायालय ने कहा, हमें अधिकारों को संतुलित करना होगा**

उच्चतम न्यायालय ने जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान द्वारा उत्तराखंड स्थित बाघ अभयारण्य के मुख्य क्षेत्र में बसें चलाने के लिए एक निजी ऑपरेटर को अनुमति दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कहा कि सभी के अधिकारों को संतुलित किए जाने की आवश्यकता है। इसने कहा कि अगर वहां गांव हैं तो उन्हें भी पहुंच की जरूरत है।

शीर्ष अदालत ने 18 फरवरी, 2021 को जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान द्वारा 23 दिसंबर, 2020 को जारी किए गए उस कार्यालय पत्र के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसमें मुख्य क्षेत्र के भीतर बसों को चलाने की अनुमति दी गई थी। यह मामला न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। याचिका दायर करने वाले वकील गौरव कुमार बंसल ने कहा कि शीर्ष अदालत ने फरवरी में उत्तराखंड राज्य की ओर से पेश वकील से अधिकारियों से इस बारे में विशिष्ट निर्देश लेने को कहा था कि क्या सवालों के घेरे में आई सड़क मुख्य क्षेत्र या 'बफर' क्षेत्र में है। राज्य सरकार के वकील ने पीठ को बताया कि 53 किलोमीटर की सड़क में से चार-चार किलोमीटर के दो हिस्से मुख्य क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क का शेष 45 किलोमीटर का हिस्सा मुख्य क्षेत्र में नहीं आता। हालांकि, बंसल ने इस मामले में दायर पहले के हलफनामे का हवाला दिया।

## नीतीश के करीबी सहयोगी ने लालू पर तंज कसा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी ने शुक्रवार को अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने रवाना होने पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार पर तंज कसा। बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी पत्रकारों द्वारा लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बड़ी पुत्री मीसा भारती, दोनों पुत्र तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के मुंबई रवाना होने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

# दोषी पाए जाने पर विवादास्पद आईएएस अधिकारी को किया जा सकता है बर्खास्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **दस्तावेजों की केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति करेगी जांच**

विशेषाधिकारों के दुरुपयोग को लेकर विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को दोषी पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा और फिर सेवा में चयन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की गुरुवार को केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति द्वारा पुनः जांच की जाएगी। यदि अधिकारी दोषी पायी जाती है तो उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

यदि यह पाया जाता है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है या यह पाया जाता है कि उनका चयन जिन दस्तावेजों के आधार पर किया गया है, उनमें किसी तरह का फर्जीवाड़ा किया है तो उन्हें आपराधिक आरोपों का भी सामना करना पड़ सकता है।

वर्ष 2023 बैच की आईएएस अधिकारी खेडकर परिवीक्षा पर हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) आईएएस में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप है।

## राहत की दरकार



रोमानिया के एक शहर के फव्वारे के पास खड़े होकर ठंडक महसूस करता एक नगरपालिका कर्मचारी। क्योंकि शहर का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस (102.2 फ़ारेनहाइट) से अधिक था। ● एजेंसी

# संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशा निर्देश पर किए हस्ताक्षर

सियोल, एजेंसी

● उत्तर कोरिया के कारण बढ़ते परमाणु खतरे को लेकर दोनों देशों ने अहम कदम उठाया

उत्तर कोरिया के कारण बढ़ते परमाणु खतरे को लेकर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने पहली बार संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशानिर्देश पर हस्ताक्षर किये हैं। उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे की आशंका के मद्देनजर प्रतिरोध को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह एक अहम और बुनियादी कदम है।

वाशिंगटन में गुरुवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति जो बाइडन और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल ने संयुक्त परमाणु परामर्शदात्री समूह बनाने के एक साल बाद दोनों देशों के गठबंधन की सराहना करते हुए इसे जबरदस्त प्रगति करार दिया। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, दोनों नेताओं ने कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु प्रतिरोध और परमाणु संचालन के लिए यूएस-आरओके दिशानिर्देश को मंजूरी दी, जिस पर दोनों देशों के रक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को दिन में ही हस्ताक्षर कर दिये थे। आरओके का मतलब कोरिया गणराज्य (रिपब्लिक ऑफ कोरिया) है, जो दक्षिण कोरिया का आधिकारिक नाम है।

# फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं

वाशिंगटन, एजेंसी



● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर दावा किया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि वह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संवाददाताओं से बातचीत में हालांकि बाइडन ने दो बड़ी गलतियां कीं, जिससे उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करने के उनके प्रयासों पर पानी फिर गया।

वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर संवाददाताओं से मुखातिब बाइडन ने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनसे यह नहीं कह रहा है कि वह दोबारा चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि किसी सर्वेक्षण में भी यह बात सामने नहीं आई है कि वह चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि यह एकमात्र कारण होगा, जिसके चलते वह राष्ट्रपति पद की दावेदारी की दौड़ से पीछे हटने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा, मैं चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हूं। मैंने उन्हें (ट्रंप को) एक बार हराया था और अब मैं उन्हें फिर से हराऊंगा।

### कमला हैरिस को बताया डोनालड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश का नेतृत्व करने के लिए योग्य हैं। बाइडन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शुरू से ही, मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं रहा है। वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं। इसीलिए मैंने उन्हें चुना। संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन की जुबान फिसल गई और उन्होंने गलती से कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बता दिया। उन्होंने कहा, मैंने ट्रंप को उपराष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना होता, क्या मैंने ऐसा सोचा है कि वह (हैरिस) राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य नहीं हैं...। बाइडन सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं।

## एक नजर

### रूस का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

**मॉस्को।** रूस का एक यात्री विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसके चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार विमान में कोई यात्री नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि सुखोई सुपरजेट 100 विमान मॉस्को क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान गजप्रोम एविया कंपनी का था। यह रूस सरकार द्वारा नियंत्रित प्राकृतिक गैस कंपनी गजप्रोम के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी है। उन्होंने बताया कि विमान ने रूस की राजधानी मॉस्को से 110 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में लुखोवित्सी स्थित विनिर्माण संयंत्र से उड़ान भरी थी जहां इसकी मरम्मत की गई थी। विमान मॉस्को के वनुकोवो हवाई अड्डे की ओर जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### इज़राइल ने वेस्ट नाइल बुखार से मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हुई

**यरूशलम।** इजराइल ने वेस्ट नाइल बुखार से एक अन्य व्यक्ति की मौत होने से देश में इस संक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। इजरायली स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी 25 नए संक्रमणों की सूचना दी, जिससे मई की शुरुआत से अब तक इस मामलों की संख्या 356 हो गई है। इजराइल के पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि तटीय शहर तेल अवीव और आसपास के शहरों रामत गान, बेनी ब्रैक और रामला में मच्छरों में वायरस फैल रहा है। मच्छरों के काटने से लोगों को तेज बुखार हो रहा है। मंत्रालय ने इस सूचना के बाद चार नगर पालिकाओं को निगरानी और मच्छरों को मारने की प्रणाली का विस्तार करने का निर्देश दिया।

### ब्रिटेन में काली खांसी के प्रकोप से नौ बच्चों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन में पिछले वर्ष नवंबर से शुरू काली खांसी के प्रकोप से अब तक नौ बच्चों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह प्रकोप पिछले वर्ष नवंबर में शुरू हुआ था और अब 2024 के, पहले पांच महीनों में 7,599 बच्चे और वयस्क इस बीमारी से संक्रमित हुये हैं। यह बीमारी फेफड़ों और श्वास नलियों को प्रभावित करती है। आसानी से फैलती है। यूकेएचएसए ने गुरुवार को चेतावनी दी और कहा, छोटे बच्चों को काली खांसी से गंभीर जटिलताओं और मौत का सबसे अधिक खतरा है। एजेंसी के मुताबिक, संक्रमित लोगों में से आधे से अधिक 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं। उन्होंने कहा कि तीन महीने से कम उम्र के बच्चों में उच्च संख्या में मामले आते रहते हैं।

# नेपाल में प्रचंड सरकार गिरी

## प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए

काठमांडू, एजेंसी



● प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए। पिछले सप्ताह उनकी सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था। देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 69 वर्षीय प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े। विश्वासमत हासिल करने के लिए कम से कम 138 वोट की जरूरत थी। प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को पद संभालने के बाद चार बार विश्वासमत हासिल करने में सफल रहे, लेकिन इस बार उन्हें असफलता मिली। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पहले ही अगले प्रधानमंत्री के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के पास प्रतिनिधि सभा में 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। इस तरह दोनों की संयुक्त संख्या 167 है, जो निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 से कहीं अधिक है।

### डर से नेपाली सीपीएन-यूएमएल, कांग्रेस ने किया गठबंधन : प्रचंड

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शुक्रवार को नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल की, साझा सिद्धांतों के बजाय डर के कारण गठबंधन बनाने के लिए तीखी आलोचना करते हुए उन पर देश को पतन के रास्ते पर धकेलने का आरोप लगाया।

विश्वासमत से पहले प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए प्रचंड (69) ने कहा कि नेपाली कांग्रेस (एनसी) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने मिलकर काम किया है, जिससे देश में सुशासन की जड़ें जमने लगी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद प्रचंड को विश्वासमत का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। प्रचंड ने कहा, अगर एनसी और यूएमएल समान विश्वासों या लक्ष्यों के लिए एकजुट होते, तो मुझे कोई चिंता नहीं होती। इसके बजाय, आप अच्छी शासन व्यवस्था से डर रहे हैं।

### निचले सदन में प्रधानमंत्री पद के लिए बहुमत साबित करें : पोडैल



**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा के सदस्यों से निचले सदन में दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के समर्थन के साथ बहुमत दिखाकर प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कि सदन के सदस्यों से रविवार शाम तक निचले सदन में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के समर्थन के माध्यम से बहुमत पेश करने का आह्वान किया है। बयान में कहा गया, संविधान के अनुच्छेद 76(2) के अनुसार राष्ट्रपति ने रविवार शाम पांच बजे तक प्रतिनिधि सदन के दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के समर्थन से नेपाल के प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त होने के लिए प्रतिनिधि सभा के सदस्यों को बहुमत दिखाने के लिए कहा हैं। राष्ट्रपति के आह्वान के साथ ही नेपाली कांग्रेस और यूएमएल एक जुलाई को दोनों दलों के बीच हुए समझौते के अनुसार यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के लिए प्रधानमंत्री पद का दावा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## एससीओ में तुर्की के प्रवेश की तिथि निश्चित नहीं: रूस

**मॉस्को।** यूरेशिया का एक प्रमुख राजनीति, आर्थिक और सैनिक संगठन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) लगातार विस्तार के एजेंडे पर काम कर रहा है लेकिन संगठन में तुर्की के प्रवेश के लिए अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंकारा एससीओ का स्थायी सदस्य बनने का लक्ष्य रखता है।

पेस्कोव ने एससीओ में तुर्की के प्रवेश की संभावित तारीखों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कई देश एससीओ में रुचि दिखा रहे हैं, और यह विषय लगातार एजेंडे में है। अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि नाटो सदस्य के रूप में तुर्की की स्थिति एससीओ के विरोधाभासी है, इसलिए इस पर चर्चा की जानी चाहिए। पेस्कोव ने कहा, वास्तव में, हम एससीओ में शामिल होने के तुर्की के इरादे से अवगत हैं। नाटो के सदस्य के रूप में तुर्की के मूल सिद्धांतों पर दायित्वों और स्थिति से संबंधित कुछ विरोधाभास हैं और एससीओ के संस्थापक दस्तावेजों में निहित विश्वदृष्टि के साथ। चर्चा के लिए कुछ विषय हैं।

# गुरुद्वारे में हमले के मामले में किशोर पकड़ा गया

लंदन, एजेंसी

● दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे में हुए हमले में दो महिलाएं हुई थीं घायल

● गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा, घटना के समय दरबार हॉल में मौजूद नहीं थे गुरु ग्रंथ साहिब जी

दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे के भीतर धारदार हथियार से हमला कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाली घटना में संदिग्ध 17 वर्षीय एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। घटना में दो महिलाएं घायल हुई थीं। क्षेत्रीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंट पुलिस ने बताया कि एक पुरुष के प्रार्थना स्थल में प्रवेश कर सभा में मौजूद लोगों पर हमला करने के प्रयास के संबंध में दर्ज मामले की जांच करने के लिए पुलिस अधिकारियों को गुरुवार शाम ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा बुलाया गया था।

गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा कि घटना के समय दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे। यह गुरुद्वारा यूरोप के बड़े गुरुद्वारों में से एक है। केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, यह बताया गया है कि एक पुरुष ने उस स्थान पर प्रवेश किया और धारदार हथियार से मौजूद लोगों पर हमला करने का प्रयास किया। घटना के दौरान कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन दो महिलाओं को धारदार हथियार से घाव और चोटों के कारण उपचार की आवश्यकता पड़ी।

अधिकारियों ने एक किशोर को हत्या के प्रयास और धार्मिक रूप से उत्तेजना फैलाने के संदेह में पकड़ा और घटनास्थल से धारदार हथियार भी बरामद किया। पुलिस ने इसे एक छिटपुट घटना बताते हुए कहा कि हमले की जांच के सिलसिले में फिलहाल किसी और की तलाश नहीं की जा रही है। केंट पुलिस डिटेक्टिव सुपरीटेंडेंट इयान डायबॉल ने कहा, हम गुरुद्वारे में हुई घटनाओं के संबंध में समुदाय की चिंताओं को समझते हैं, हालांकि हम इसे एक अलग घटना के रूप में देख रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन टीम के अनुसार संदिग्ध को सुरक्षा टीम ने देखा और तुरंत पुलिस को बुलाया। गुरुद्वारे की ओर से जारी बयान में कहा गया, गुरुद्वारे में घुसकर दरबार हॉल में उत्पात मचाने के बाद हत्या के प्रयास के संदेह में केंट पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हम पुष्टि कर सकते हैं कि यह घटना सुखासन के बाद हुई और दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे।

# 2060 के दशक में 1.7 अरब तक पहुंच जाएगी भारत की जनसंख्या : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। गुरुवार को यहां जारी वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। हालांकि, यह सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब रह जाएगी। भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया था और 2100 तक यह इसी स्थान पर बना रहेगा।

विश्व निकाय के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में कहा गया है, इस शताब्दी में भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बने रहने की संभावना है, हालांकि 2060 के दशक की शुरुआत में इसकी आबादी लगभग 1.7 अरब तक पहुंचने के बाद इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है।

### रूस से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने की मांग वाले प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुरुवार को उस मसौदा प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहा, जिसमें रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तत्काल रोकने और जापोरिज्झिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रूसी सैनिकों व अन्य अनधिकृत कर्मचारियों को फौरन वापस बुलाने की मांग की गई है। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 99 देशों ने उक्त मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में, तो बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और सीरिया सहित नौ देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया। वहीं, भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मिस्र, नेपाल, पाकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 60 देश मतदान से दूर रहे। यूक्रेन के जापोरिज्झिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों की रक्षा एवं सुरक्षा शीर्षक वाले मसौदा प्रस्ताव में रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तुरंत बंद करने और यूक्रेनी क्षेत्र से अपने सभी सैन्य बलों को बिना शर्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस बुलाने की मांग की गई है।

## यूएई ने भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर सड़क का नाम रखा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है।

नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट के नाम से जानी जाएगी।

# पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित सीटों पर इमरान की पार्टी के पक्ष में निर्णय सुनाया

इस्लामाबाद, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते पीटीआई के अध्यक्ष गौहर खान।

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को शुक्रवार को तब बड़ी कानूनी जीत मिली जब उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया कि उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) संसद में महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 20 से अधिक सीटें आनुपातिक आधार पर प्राप्त करने की अर्हता रखती है। फैसले के बाद इमरान खान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की है।

खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवार चुनाव चिह्न छीन लिए जाने के बाद आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में बतौर निर्दलीय किस्मत आजमाई थी और जीत हासिल की थी। विजयी उम्मीदवारों ने गठबंधन बनाने के लिए सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) में शामिल हो गए थे, जो पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का एक राजनीतिक गठबंधन है। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली में आरक्षित सीटों में उसे हिस्सेदारी न देने के पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के फैसले को बहाल रखने के पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की। बहुप्रतीक्षित इस फैसले को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है।

# भारत-सिंगापुर अवसरों के नए दौर के लिए तैयार

सिंगापुर, एजेंसी



● सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन ने उम्मीद जताई कि निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे दोनों देशों के संबंध

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगारत्नम ने गुरुवार को कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में औद्योगिक नीतियों के पुनरुत्थान के बावजूद भारत और दक्षिण पूर्व एशिया अवसर, समानता और स्थिरता के नए दौर के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के थिंक टैंक माने जाने वाले दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित रात्रिभोज समारोह के दौरान थर्मन शणमुगारत्नम ने कहा कि अन्य जिम्मेदार शक्तियों के साथ काम करते हुए दोनों देशों में बहुपक्षवाद को मजबूत करने की क्षमता है और अपनी खामियों के बावजूद यह एक ऐसी व्यवस्था रही है, जिसने दशकों से अमीर और गरीब दोनों देशों की अच्छी तरह से सेवा की है। थर्मन ने यह उम्मीद जताई कि सिंगापुर और भारत के संबंध निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

सिंगापुर के राष्ट्रपति ने कहा कि घरेलू स्तर पर खास उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसी औद्योगिक नीतियां उस दर पर लौट रही हैं जो 1960 और 1970 के दशक के बाद से नहीं देखी गई थी।


## खगोल विज्ञान

### नासा की हबल अंतरिक्ष दूरबीन से तारों की गति के आधार पर जाना डार्क मैटर का रहस्य

# ड्रेको बौनी मंदाकिनी में हुई डार्क मैटर की पुष्टि

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने अंतरिक्ष के बड़े रहस्यों में शुमार काला पदार्थ (ब्लैक होल) के अस्तित्व का पता लगाया है। यह खोज ड्रेको बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति को मापने के बाद की गई। वैज्ञानिकों ने यह खोज नासा की हबल स्पेस टेलीस्कोप के सहयोग से की। वैज्ञानिकों ने इसे 18 वर्षों के गहन अध्ययन के अवलोकन का नतीजा बताया है।



ड्रेको बौनी मंदाकिनी।

डार्क मैटर अंतरिक्ष के उन रहस्यों में है, जिसकी वास्तविकता व अस्तित्व को समझने के लिए वैज्ञानिक निरंतर अध्ययनरत हैं, जबकि यह ब्रह्मांड की वह शक्ति है, जो ब्रह्मांड के संचालन में अहम भूमिका निभाती है। इसके बावजूद यह रहस्य आज भी बना हुआ है। डार्क मैटर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने हबल द्वारा ड्रेको नामक बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति का सहारा लिया। जिसमें 18 वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। मंदाकिनी के भीतर तारों की गतिविधियों का सटीक त्रि-आयामी मानचित्र तैयार किया गया। इससे ब्रह्मांड के अदृश्य डार्क मैटर के रहस्यमय गुणों और व्यवहार की पहचान कर पाने में मदद मिली।

इस शोध से यह पता चलता है कि यह पदार्थ क्या है और मंदाकिनी के विकास के लिए कैसे कार्य करता है। शोध में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग किया गया। यह मंदाकिनी पृथ्वी से लगभग 2.5 लाख प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। बाल्टीमोर स्थित स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

### आसान होती है डार्क मैटर की पुष्टि

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बौनी मंदाकिनियों को अन्य प्रकार की मंदाकिनी की तुलना में डार्क मैटर सामग्री के उच्च अनुपात के लिए जाना जाता है। इसलिए उनकी टीम ने ड्रेको बौनी मंदाकिनी का चयन किया और इस पर शोध किया। डार्क मैटर के रहस्य को समझने के लिए यह खोज एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो आगामी शोध में मददगार साबित होगी।

# चीन की कंपनी आईस्पेस का रॉकेट प्रक्षेपण के बाद विफल

बीजिंग, एजेंसी

● वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए तीन उपग्रह नष्ट हो गए

चीन में रॉकेट निर्माण स्टार्ट-अप को एक बार फिर प्रक्षेपण विफलता का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए एक वाणिज्यिक समूह के तीन उपग्रह नष्ट हो गए। कंपनी आईस्पेस द्वारा निर्मित 24 मीटर के ठोस ईंधन वाले रॉकेट हाइपरबोला-1 को गुरुवार को चीन के गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की शुक्रवार की खबर के अनुसार, कंपनी ने कहा, रॉकेट का पहला, दूसरा और तीसरा चरण सामान्य रूप से प्रक्षेपित हुआ, लेकिन चौथे चरण में गड़बड़ी आ गई और प्रक्षेपण मिशन विफल हो गया। कंपनी ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद अभियान की नाकामी के विशिष्ट कारणों की घोषणा जल्द से जल्द की जाएगी। इस रॉकेट की क्षमता 300 किलोग्राम पेलोड को 500 किमी दूरी पर स्थित सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में पहुंचाने की है। यह तियानजिन स्थित युन्याओ एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी के लिए युन्याओ-1 मौसम उपग्रह 15, 16 और 17 को ले जा रहा था। उपग्रह कक्षा तक नहीं पहुंच सके। वर्ष 2019 में, आईस्पेस हाइपरबोला-1 के साथ पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने वाली चीन की पहली निजी रॉकेट कंपनी बन गई।